सूर्योदय 7:03 सूर्यास्त 5:24

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 2.0 न्यू | 10.4 अधि |
| धर्मशाला | 3.9 न्यू | 16.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81508.46 |
| निफ्टी | 24619.00 |
| सोना 77,780 | चांदी 97,162 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



गाबा में भी रोहित मध्यक्रम में करें बल्लेबाजी!

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 10 दिसंबर 2024 | 25 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 354, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### श्रीनगर-बारामूला राजमार्ग पर आईईडी बरामद

**अशोक ठाकुर, श्रीनगर।** कश्मीर में सुरक्षाबलों ने सोमवार को श्रीनगर-बारामूला राजमार्ग पर संदिग्ध एक 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी)' का पता लगाकर उसे निष्क्रिय कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि पट्टन क्षेत्र के पलहालन में राजमार्ग पर पुलिस और सेना के संयुक्त गश्ती दल को सड़क किनारे एक संदिग्ध वस्तु मिली। संदिग्ध वस्तु को एक निर्जन इलाके में ले जाया गया, जहां आईईडी को नष्ट कर दिया। (अनंत ज्ञान)

### वडोदरा का डेंटल म्यूजियम गिनीज बुक में शामिल

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा में स्थित एशिया के पहले डेंटल म्यूजियम को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह मिली है। डॉ. चंदराणा डेंटल म्यूजियम ने टूथब्रश के सबसे बड़े कलेक्शन और इन टूथब्रश के प्रदर्शन का रिकॉर्ड बनाया है। कलेक्शन में 2 हजार 371 दांत और 26 तरह के टूथब्रश शामिल हैं। इनमें दातुन और 19वीं सदी के हड्डी और जानवरों के बालों से बने टूथब्रश शामिल हैं।

### 40 स्कूलों को उड़ाने की धमकी अफवाह निकली



**नई दिल्ली।** दिल्ली के 40 स्कूलों को सोमवार सुबह ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मदर मैरी स्कूल, ब्रिटिश स्कूल, सलवान पब्लिक स्कूल, कैम्ब्रिज स्कूल, शामिल हैं। ऐहतियात के तौर पर सभी स्कूलों से बच्चों को वापस घर भेज दिया गया है। जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, जिसे अफवाह करार दिया।

### सिसोदिया की याचिका पर कल होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट 'आप' के नेता मनीष सिसोदिया की उन याचिकाओं पर 11 दिसंबर को सुनवाई करेगा, जिनमें जमानत की शर्तों में ढील देने का अनुरोध किया गया है। दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में जमानत की शर्तों के तहत सिसोदिया को सप्ताह में दो बार जांच अधिकारी के समक्ष पेश होना होता है।

अनंत ज्ञान
अनुभवी स्टाफ चाहिए
'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।
संपादकीय विभाग
उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।
मार्केटिंग विभाग
मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।
मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- चौपाल से शिमला के लिए नहीं भेजी गई कोई बस -पेज 2
- हिमानी चामुंडा के कपाट आज होंगे बंद -पेज 3
- धर्मपुर के आपदा प्रभावित एक दर्जन परिवार डेढ़ साल से बेघर -पेज 10
- इंद्राणी की विदेश यात्रा की अर्जी पर सीबीआई को नोटिस -पेज 13
- विश्व चैंपियनशिप में लिरेन ने गुकेश को हराकर की वापसी -पेज 14

# 'बीमा सखी' लांच, दो लाख महिलाओं को मिलेगा लाभ

## मोदी बोले- रक्षा, बैंकिंग सहित कई क्षेत्रों में महिलाओं को बनाया जा रहा सशक्त

**एजेंसी, पानीपत**





पानीपत में भारतीय जीवन बीमा निगम की 'बीमा सखी योजना' लांच करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पानीपत में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की 'बीमा सखी योजना' लांच की। इस योजना के तहत अगले तीन साल में दो लाख महिला बीमा एजेंट नियुक्त की जाएंगी। 18-70 वर्ष की उम्र की 10वीं कक्षा पास महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बीमा एजेंट बनाया जाएगा। स्नातक बीमा सखियों को एलआईसी में विकास अधिकारी की भूमिका के लिए अर्हता प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

**तीन साल महिलाओं को मिलेगा मानदेय**

पीएम ने कहा कि वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए इन महिलाओं को पहले तीन वर्षों के लिए विशेष प्रशिक्षण और मानदेय दिया जाएगा। बीमा सखी योजना के तहत महिला एजेंट को पहले वर्ष 7,000 रुपए प्रति माह, दूसरे वर्ष 6,000 रुपए प्रति माह और तीसरे वर्ष 5,000 रुपए प्रति माह का मानदेय मिलेगा। इसके अलावा, बीमा सखियों को कमीशन का लाभ भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में रक्षा, बैंकिंग और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई उपाय किए हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें पर्याप्त अवसर दिए जाने को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि महिलाओं के सामने से हर बाधा को हटाया जाना चाहिए। जब महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है, तो वे देश के लिए संभावनाओं के नए द्वार खोलती हैं।

### 1.15 करोड़ महिलाएं बनीं 'लखपति दीदी'

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि लगभग 1.15 करोड़ महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं और उन्होंने तीन करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा है। पीएम ने कहा कि देशभर में 10 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को आठ लाख करोड़ रुपए से अधिक की सहायता दी है। पीएम ने कहा कि जो लोग हर चीज को वोट बैंक के तराजू पर तौलते हैं, वे यह समझने में विफल रहे हैं कि मोदी के प्रति देश में महिलाओं का समर्थन क्यों बढ़ रहा है। जो लोग माताओं और बहनों को केवल वोट बैंक समझते थे, वे इस मजबूत रिश्ते को नहीं समझ पाएंगे।

# आगामी बजट में विशेष बच्चों के लिए लाएंगे नई योजना: सुक्खू

## सीएम ने किया दिव्यांग बच्चों के लिए पहले आवासीय स्कूल का शुभारंभ



शिमला जिले के हीरानगर में बौद्धिक रूप से दिव्यांग बच्चों के विशेष आवासीय विद्यालय का उद्घाटन करते सीएम सुक्खू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला जिले के हीरानगर में 6.67 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित बौद्धिक रूप से दिव्यांग बच्चों के विशेष आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क गुणात्मक शैक्षणिक और व्यवसायिक शिक्षा सहित आवासीय सुविधाओं से युक्त यह प्रदेश का पहला संस्थान है। स्कूल ब्लॉक में आधुनिक सुविधाओं वाली 16 कक्षाओं सहित कंप्यूटर लैब, संगीत कक्ष, एक बहुउद्देश्यीय हॉल, हॉस्टल ब्लॉक में 50 बच्चों के लिए छात्रावास के साथ-साथ चिकित्सा कक्ष और कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। सीएम ने कहा कि आगामी बजट में बौद्धिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए विस्तृत योजना का प्रावधान किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना शुरू कर उन्हें 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है। मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत गत दो साल में प्रदेश में 38.50 करोड़ रुपए के लाभ प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पहले बजट में मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना आरंभ की गई। दूसरे बजट में विधवाओं के 23 हजार बच्चों को शिक्षा का पूरा खर्च राज्य सरकार की ओर से करने का प्रावधान किया है।

### सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र पर विशेष ध्यान

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य सरकार का सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र पर विशेष ध्यान है और इसी को देखते हुए सोलन जिले के कंडाघाट में नौ हजार दिव्यांगजनों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए उत्कृष्ट केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जिसका निर्माण कार्य दो साल में पूरा किया जाएगा। राज्य सरकार दिव्यांगों को शिक्षित व प्रशिक्षित कर समाज में सम्मानपूर्ण स्थान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि राज्य सरकार विशेष बच्चों को अच्छे वातावरण में शिक्षा प्रदान करेगी, ताकि उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सके और वह समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें। सरकार की ओर से दिव्यांगों को 1150-1700 रुपए मासिक भत्ता प्रदान किया जा रहा है।

# धनखड़ को हटाने के लिए राज्यसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाएगा विपक्ष

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राज्यसभा** के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। 70 विपक्षी सांसदों ने प्रस्ताव पर दस्तखत किया है। विपक्षी गठबंधन में शामिल सपा, टीएमसी और 'आप' शामिल हैं।

हालांकि, विपक्ष के प्रदर्शन में सपा और टीएमसी शामिल नहीं हुए। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि मैंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में कभी इतना पक्षपाती सभापति नहीं देखा है। वे सत्ता पक्ष के सांसदों को नियम के विपरित बोलने की छूट देते हैं, जबकि विपक्षी सांसदों को चुप कराते हैं।

### लोकसभा में अडानी मुद्दे पर गतिरोध

**कांग्रेस** और समाजवादी पार्टी समेत कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने अडानी समूह से जुड़े मामले और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर सोमवार को लोकसभा में हंगामा किया। इसके कारण सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। विपक्षी गठबंधन के कई घटक दलों के सांसदों ने अडानी समूह से जुड़े मुद्दे पर संसद परिसर में विरोध-प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसद शिवाजी कलगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मणिकम टैगोर ने उद्योगपति गौतम अडानी का मुखौटा पहन रखा था। राहुल गांधी ने मुखौटा पहने दोनों कांग्रेस सांसदों का वीडियो बनाया और उनसे प्रतीकात्मक रूप से सवाल-जवाब किए।

## सुप्रीम कोर्ट ने की शंभू बॉर्डर को खोलने की याचिका खारिज

# फटकार : ऐसे लगता लोक दिखावे व प्रचार के लिए केस करने आए

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**किसानों** के प्रदर्शन के चलते बंद शंभू बॉर्डर को खोलने के लिए लगाई गई याचिका को सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि इस तरह के मामले पहले ही कोर्ट में चल रहे हैं, फिर बार-बार क्यों इस तरह की याचिका दाखिल की जा रही हैं।

याचिका में शंभू बॉर्डर और हाईवे को खोलने के लिए केंद्र, पंजाब और हरियाणा सरकार को निर्देश देने की मांग की थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि पंजाब में सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में काम करने का दावा करने वाले याचिकाकर्ता गौरव लूथरा से कहा कि हम पहले ही व्यापक मुद्दे पर विचार कर रहे हैं। केवल आपको ही समाज की फिक्र नहीं है। बार-बार याचिकाएं दायर मत कीजिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस तरह से याचिका दाखिल करने से ऐसा लगता है कि यहां कोई व्यक्ति सिर्फ लोक दिखावे के लिए और प्रचार के लिए मुकदमे करने के लिए आया है। अदालत ने याचिका को लंबित मामले के साथ जोड़ने के लूथरा के अनुरोध को भी खारिज कर दिया।

# रामपुर के निरथ में कार खाई में गिरी, दो युवकों की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**शिमला** जिले के रामपुर उपमंडल के निरथ में सोमवार को कार खाई में गिर गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हुआ है। घायल को उपचार के लिए खनेरी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

गाड़ी में सवार तीनों नेपाली मूल के बताए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान काकू सिंह (26) निवासी डमटाल गांव, जिला कांगड़ा, राज (21) निवासी कुमारसैन, जिला शिमला के रूप में हुई है, जबकि अमर सिंह (21) निवासी दत्तनगर, शिमला गंभीर रूप से घायल हुआ है। डीएसपी रामपुर नरेश शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# हिमाचल में छुट्टियों का संभावित शेड्यूल जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश शिक्षा विभाग ने ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन अवकाश वाले सरकारी स्कूलों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 का छुट्टियों का संभावित शेड्यूल जारी कर दिया है। सरकारी स्कूलों में अब मौसम के हिसाब से जिला उपायुक्त 47 छुट्टियां तय करेंगे। 15 दिन के भीतर शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों से इस बाबत सुझाव और आपत्तियां मांगे गए हैं। जनवरी में छुट्टियों का फाइनल शेड्यूल जारी होगा। इसके तहत ग्रीष्मकालीन स्कूलों की छुट्टियों में ज्यादा बदलाव होगा। त्योहारी छुट्टियां पूर्व की तरह रहेंगी। शीतकालीन स्कूल भी पहले की तरह ही 1 जनवरी से 11 फरवरी तक बंद रहेंगे। शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने सोमवार को उच्च और प्रारंभिक शिक्षा निदेशकों को छुट्टियों का संभावित शेड्यूल जारी किया है। शिक्षा सचिव ने बताया कि सरकारी स्कूलों के लिए छुट्टियों का मामला सरकार के विचाराधीन था। सरकार ने निर्णय लिया कि छुट्टियों के शेड्यूल को अंतिम रूप देने से पहले अभिभावक, शिक्षक, उपनिदेशक आदि की राय प्राप्त की जा सके।

**15 दिन के भीतर मांगे सुझाव व आपत्तियां**

# संजय मल्होत्रा होंगे भारतीय रिजर्व बैंक के नए गवर्नर



**नई दिल्ली।** राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा भारतीय रिजर्व बैंक के नए गवर्नर होंगे। वह वर्तमान गवर्नर शक्तिकांत दास की जगह लेंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 1990 बैच के आईएएस अधिकारी और वर्तमान में राजस्व विभाग के सचिव के रूप में कार्यरत संजय मल्होत्रा को गवर्नर के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। उनका कार्यकाल तीन साल का होगा। यह कार्यकाल 11 दिसंबर, 2024 से प्रभावी होगा। वह शक्तिकांत दास का स्थान लेंगे, जिन्होंने आरबीआई गवर्नर के रूप में दो कार्यकाल पूरे कर लिए हैं।

**11 दिसंबर को संभालेंगे पदभार**

# कोयला घोटाला : अभिजीत इंफ्रा, दो अन्य दोषी करार


**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सीबीआई** की एक विशेष अदालत ने झारखंड में बृंदा, सिसई और मेराल कोयला ब्लॉक के आवंटन से संबंधित कोयला घोटाले के मामले में अभिजीत इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार जायसवाल और उसके पूर्व निदेशक रमेश कुमार जायसवाल को सोमवार को दोषी ठहराया। 2016 में दर्ज मामले में सीबीआई ने आरोप लगाया था कि कंपनी ने अपनी वित्तीय स्थिति, अपने प्रस्तावित संयंत्र के लिए भूमि अधिग्रहण और अन्य संबंधित दावों को गलत तरीके से पेश कर कोयला ब्लॉक हासिल किए। कोयला ब्लॉक के आवंटन के लिए भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय की सिफारिश हासिल करने के लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया था।

# विदेश सचिव विक्रम ने बांग्लादेश में उठाया हिंदुओं की सुरक्षा का मुद्दा

## बोले- धार्मिक स्थलों और हिंदुओं पर हमले बर्दाश्त नहीं

**एजेंसी, ढाका**



बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी सोमवार को ढाका पहुंचे। उनकी यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों विशेषतौर पर हिंदू समुदाय और उनके धार्मिक स्थलों को कथित तौर पर निशाना बनाया जा रहा है।

विक्रम ने ढाका में हाई लेवल मीटिंग में हिंसक घटनाओं पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने बांग्लादेश के विदेश मंत्री मोहम्मद तौहीद हुसैन के साथ मुलाकात की और हिंदुओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। भारत सरकार की चिंता से अंतरिम सरकार को अवगत कराया। हाल के घटनाक्रमों पर चर्चा की और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भारत सरकार की चिंता से अंतरिम सरकार को अवगत कराया। बैठक में अल्पसंख्यकों की सांस्कृतिक और धार्मिक संपत्ति पर हमले खेदजनक हैं। ये कतई बर्दाश्त नहीं हैं। दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के लिए जरूरी मुद्दों पर चर्चा हुई है।

Biggest International Education Fair
Study Visa | Skilled Visa | Visitor Visa |
Spouse Visa | Dependent visa
14 December Saturday
10:00 am Onwards
J.S. Plaza Hotel & Restaurant Nangal Road, UNA, Himachal Pradesh
Adv. Kamal Kumar Bhumbla
CEO - BN Overseas Education
BN OVERSEASS SINCE 1996
Sat Sahib Centre, Opposite Gate No.-2 Narinder Cinema Jalandhar
98788-75997, 98550-75992 9216-340-340

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
रक्तदान महादान
'अनंत ज्ञान' का उपलब्धियों भरा प्रथम वर्ष
पूर्ण होने पर लगने वाले रक्तदान शिविर में आप सब सादर आमंत्रित हैं।
दिनांक: वीरवार 12 दिसंबर 2024
आओ! मिलकर करें रक्तदान बचाएं जान
समय: सुबह 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
शिविर स्थल : प्रेस परिसर, नगरोटा बगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, फोन : 88945-21702

## न्यूज ब्रीफ

### राजीव बने व्यापार मंडल नेरवा के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** व्यापार मंडल नेरवा की वार्षिक बैठक और व्यापारी मिलन समारोह-2024 का आयोजन व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजीव भिक्टा की अध्यक्षता में कंवर काम्पलेक्स नेरवा में आयोजित किया गया, जिसमें नेरवा बाजार के व्यापारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर व्यापार मंडल की पुरानी कार्यकारिणी को कार्यकाल से दो माह पूर्व ही भंग किया गया एवं नई कार्यकारिणी के गठन की सिफारिश की गई।समस्त व्यापारियों ने दो बार के अध्यक्ष राजीव भिक्टा तथा पुरानी कार्यकारिणी पर विश्वास जताते हुए इन्हे आगामी पांच साल तक पुनः कार्य करने का मौका दिया,लिहाजा राजीव भिक्टा लगातार तीसरी बार व्यापार मंडल के प्रधान पद की जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि जगत चौहान महासचिव,दिनेश अमरेट उपाध्यक्ष,प्रदीप चौहान कोषाध्यक्ष एवं सुरेश सूद प्रेस सचिव के पद पर बने रहेंगे।

### लोगों को दी बैंक की डिजिटल सेवाओं की जानकारी




**चौपाल,नेरवा।** हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक की भराणू शाखा द्वारा शाखा लिपिक कानाव शर्मा एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विजय कुमार की अध्यक्षता में खेड़ा चौरी में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर बैंक अधिकारियों द्वारा लोगों को बैंक की डिजिटल सेवाओं एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

### खास होगा फ्रेंड्ज क्लब का क्रिकेट टूर्नामेंट सेलिब्रेशन



**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** बीते अढ़ाई दशक से फ्रेंड्ज एवं कल्चरल क्लब नेरवा द्वारा नेरवा में क्रिकेट टूर्नामेंट का आगामी वर्ष की शुरुआत में 25वां संस्करण आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के सिल्वर जुबली संस्करण को खास व यादगार बनाने के लिए फ्रेंड्ज क्लब कोई भी कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहता। टूर्नामेंट की तैयारियों की समीक्षा को लेकर क्लब की एक बैठक क्लब के अध्यक्ष सतीश जस्टा की अध्यक्षता में कॉलेज खेल परिसर में आयोजित की गई, जिसमें क्लब के समस्त सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर टूर्नामेंट के सिल्वर जुबली संस्करण को यादगार बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई। क्लब के महासचिव जय लाल जलपाईक ने बताया कि टूर्नामेंट का शुभारम्भ एक जनवरी को होगा एवं इसका समापन 15 जनवरी को किया जाएगा।

### चौपाल क्षेत्र में सभी विकास कार्य ठप : मंगलेट



**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** चौपाल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. सुभाष मंगलेट ने कहा कि चौपाल में पिछले दो वर्षों से सभी विकास कार्य ठप्प पड़े है। अधिकतर सड़के गड्ढों में तब्दील हो गई है, शिक्षण संस्थानों में शिक्षक नहीं हैं, अधिकतर रूटों पर एचआरटीसी की बसें नहीं चल रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार दो वर्ष पूरे करने का जश्न मनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि यह जश्न किस बात का है जनता को जानने का अधिकार है। उन्होंने कहा हिमाचल प्रदेश जो भारत की आन बान शान था, कांग्रेस सरकार ने प्रदेश का दिवालियापन निकल कर दिखा दिया है।

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार ने महिलाओं को 1500 रुपए महीना देने का ऐलान किया है, हालांकि सरकार की तरफ से अब तक यह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई है। हिमाचल प्रदेश में 1500 रुपए के लिए फॉर्म जमा कर चुकी महिलाओं को पिछले कई महीने से खाते में पेंशन आने का इंतजार है।

### 75 प्लस आयु के पेंशनर्स किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश जिला बिलासपुर झंडूता खंड की बैठक में वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन खंड प्रधान बीरबल धीमान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में राज्य महामंत्री हुकम सिंह ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकित



की तथा जिला प्रधान जगदीश दिनेश, महामंत्री चेत राम वर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान जसवंत सिंह चंदेल, घुमारवीं खंड के सचिव नरोतम दत्त धीमान, प्यारु राम सांख्यान विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पेंशनरों को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बैठक में वक्ताओं जिनमें इंद्र सिंह डटवालिया, गोरख राम, भाग सिंह, गोपाल कृष्ण शर्मा, बीरबल धीमान, प्यारु राम सांख्यान, नरोत्तम दत्त धीमान, हुकम सिंह ठाकुर, जगदीश दिनेश, चेत राम वर्मा ने अपने विचार प्रकट करते हुए पेंशनरों की अनदेखी के लिए सरकार को समय रहते उनकी मांगो के समाधान के लिए संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक शीघ्र बुलाने का आग्रह किया गया तथा पेंशनरों के लंबित आर्थिक लाभों के भुगतान करने का प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार कहती है कि प्रदेश में कोई आर्थिक संकट नहीं है लेकिन प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों को समय पर भुगतान भी नहीं कर रही है। जिससे सरकार की नियत पर कई सवाल उठ रहे हैं। इससे प्रदेश की समस्त जनता, कर्मचारियों और पेंशनरों का विश्वास खत्म हो गया है।


### महिला अपराधों के बढ़ने के कारण बताए



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में गठित कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न शिकायत निवारण समिति द्वारा आज फोस्ट्रिंग रिस्पेक्ट ऐंड केयर एंपावरिंग व्यॉयस टू क्रिएट सेफ एनवायरनमेंट फॉर विमेन विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें घुमारवीं के डीएसपी चंद्रपाल मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने छात्रों को अपने अनुभवों द्वारा समाज में बढ़ रहे महिला अपराधों के कारणों और उपायों पर बात करते हुए कहा कि हर अपराध की शुरुआत अपराध की सोच से होती है। व्यक्ति की सोच जैसी होती है वह वैसा ही व्यवहार करता है। उन्होंने कहा कि हम अपने साथ जैसा व्यवहार चाहते हैं दूसरों के साथ भी वैसा ही करें। इन अपराधों के पीछे कहीं न कहीं हमारे मानवीय मूल्यों और संस्कारों में कमी भी है। उन्होंने छात्रों को छात्राओं और महिलाओं के साथ सम्मान और सम्मानपूर्वक व्यवहार करने की सलाह दी। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता की प्रमुख धाराओं के अंतर्गत महिला अपराध और उनके लिए मिलने वाली सजा तथा कार्यस्थल पर महिला कर्मचारी के साथ उचित व्यवहार पर भी चर्चा की।

### थुरल बाजार में जाम से वाहन चालक परेशान

**राकेश डोगरा, डरोह।** थुरल बाजार में ट्रैफिक जाम के ये दृश्य आम देखे जा सकते हैं। इससे जहां इस समस्या से गाड़ियों के चालकों को दो चार होना पड़ रहा वहीं बाजार में खरीदारी करने वालों को पैदल चलना मुश्किल हो रहा है। थुरल बाजार में ट्रैफिक जाम का



आलम यह है कि इससे पालमपुर हमीरपुर सड़क पर चलने वाली बसें भी अपने निर्धारित समय से आधा पौना घंटा इस जाम में फंसी रहती हैं और तय समय पर अपने गंतव्य पर नहीं पहुंच पा रही हैं।हालांकि प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए बाजार के दोनों तरफ ट्रैफिक लाइट्स लगवाई हैं, लेकिन काफी लंबे अरसे से यह बंद पड़ी हुई हैं। जिसके कारण थुरल बाजार में प्रतिदिन लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। थुरल बाजार के दुकानदारों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि ट्रैफिक लाइट्स को सुचारु रूप से चलाया जाए ताकि थुरल की जनता व यहां से गुजरने वाले वाहन चालक व यात्रियों को इस ट्रैफिक जाम से निजात मिल सके। (अनंत ज्ञान)

---

जिले में टीबी के खिलाफ अभियान का शुभारंभ, कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री रोहित रहे मौजूद

# 133 पंचायतों को टीबी मुक्त होने पर सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग शिमला की ओर से जन जन का रखे ध्यान, टीबी मुक्त भारत अभियान तहत जिला स्तरीय 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने अभियान को पोस्टर जारी करके शुभारंभ किया।

मुख्यातिथि ने कहा कि टीबी जैसे बीमारी से डरने की जरूरत नहीं है। बल्कि सतर्क और बेहतरीन समझ की जरूरत है। धीरे-धीरे टीबी के मरीजों की संख्या में काफी कमी आने लगी है, लेकिन अभी तक पूरी तरह से बीमारी जड़ से समाप्त नहीं हुई है। 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान समाज को नई दिशा देगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश ने कहा कि इस अभियान के तहत उन क्षेत्रों को चयन किया जाएगा जहां पर टीबी संक्रमण के अधिक मामले आते है। एडीएम प्रोटोकॉल ज्योति राणा को जिला क्षय अधिकारी विनीत लखनपाल ने शॉल भेंट कर सम्मानित किया।



अभियान का पोस्टर जारी करते हुए रोहित ठाकुर व अधिकारी।

### इन टीबी मुक्त पंचायतों को किया सम्मानित

वर्ष 2023 के लिए 133 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की गई है। इन्हें मुख्यातिथि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इनमें स्वास्थ्य खंड सुन्नी में ग्राम पंचायत डूम्मी, घैणी, पाहल, और रियोग, स्वास्थ्य खंड टिक्कर में बरीधार, जगोठी, भलारा, खंगटेरी, खराला, कुई, लोअर कोटी, मूंछडा श्रनोठा, शील और टिक्कर, स्वास्थ्य खंड मतियाना से बासाधार,, भाज, भराना, चरेण, चीखड़, देहना, धर्मपुर, घोडणा, क्यारा, रोनी मतियाना, शर्माला और तियाली, स्वास्थ्य खंड रामपुर से डंसा, फांचा, फूंजा और शाहधार, स्वास्थ खंड ननखड़ी में बड़ोग, करंगला, खमाडी, कुंगल बाल्टी, कुन्नी बनोली और शोली, स्वास्थ्य खंड कुमारसैन से बटारी, डीब, जड़ून, जरोल, कंगल, कीर्टि, मलेंदी।

वहीं कोटगढ़, मोगरा और थानाधार, स्वास्थ खंड जुब्बल कोटखाई से बखोल , देवरी खनेटी, गिलटरी,, हिमरी, जनोल, झारग, कोटकायाणा, क्यारी, महासू, रतनाड़ी और सरी, स्वास्थ्य खंड चिढ़गांव से टिक्करी, खशधार, शीलादेश और तोदसा, स्वास्थ्य खंड मशोबरा से थाडी, ओखरू, घंडल, शामलाघाट, शकड़ाह, चलोग, कोट, जनोल, चायली, नालदेहरा, ढली और बलोग, स्वास्थ्य खंड नेरवा बाबत, बागन, बिजमल, बोहर, चडोली, धोठली, कुर्दनियोल, मंझोली, मनु भाविय, मातल, पौड़िया, रूसलाह और थरोच ग्राम पंचायत शामिल है।

### 1723 टीबी के मरीज

जिला क्षय अधिकारी विनीत लखनपाल ने बताया कि वर्ष 2023 दुनिया में 1.6 करोड़ टीबी के मरीज है। जबकि भरत में 28.2 लाख मरीज है। वहीं हिमाचल में 15916 मरीज है। शिमला जिला में टीबी के 1723 मरीज है। टीबी के कारण दुनिया में बीते वष्र 11 लाख लोगों की मौत हुई। जबकि भारत में 3.3 लाख, हिमाचल प्रदेश में 904 और शिमला में 110 लोगों की मौत हुई है।

### इन्हें भी मिला सम्मान

मुख्यातिथि ने पांच टीबी चैम्पियन को भी सम्मानित किया। इनमें निर्मला देवी, सौरव रत्न, डिंपल, निशा और दिपीका शामिल थे। कार्यक्रम में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत केमिस्ट कपिल शर्मा और महेश विष्ट को सम्मानित किया गया। लॉयन क्लब शिमला के निक्षय मित्र को टीबी मरीजों को फूड बास्केट देने के लिए अर्जुन कुमार, रक्षा, आशु भंडारी, आंचल भंडारी और कमला राम को भी सम्मानित किया गया। निक्षय मित्र के तौर पर शिव दयाल रोशल लाल और लायॅन क्लब शिमला को मुख्यातिथि ने सम्मानित किया।




**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** रविवार रात को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई बर्फबारी तथा नीचले क्षेत्रों में हलकी बारिश होने से किसानों-बागवानों की मुराद पूरी हो गई है। दिसंबर माह की शुरुआत में हुई इस बारिश बर्फबारी से लोगों को खुशक ठंड से निजात मिलेगी। सेब की फसल के लिए तो दिसंबर की शुरुआत की यह बर्फबारी किसी संजीवनी से कम नहीं मानी जा सकती।

### भाजपा का प्रदर्शन सीटीओ शिमला से होगा शुरू

**शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि आज 10 दिसंबर को भाजपा जिला शिमला का आक्रोश प्रदर्शन सीटीओ शिमला से प्रारंभ होगा। इस प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल समस्त विधायक गण संगठन महामंत्री सिद्धार्थ सांसद सुरेश कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस आक्रोश प्रदर्शन में भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा एवं सह प्रभारी संजय टंडन विशेष रूप से उपस्थित रहने वाले हैं। प्रदर्शन का समय प्रात: 10:00 बजे रहने वाला है। इस प्रदर्शन में लगभग 2000 कार्यकर्ता भाग लेंगे ।

## सुक्खू सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल निराशाजनक : विपिन

**दशमी रावत, रोहड़ू**

राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ व हिमाचल प्रदेश पेंशनर महासंघ ने हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार को कर्मचारी व पैंशनर विरोधी बताते हुए उनके 2 वर्ष के कार्य काल को निराशाजनक बताया है । कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपन कुमार, राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौहान, राष्ट्रीय सह वित्त सचिव नंद लाल शर्मा आदि ने बताया कि कर्मचारियों व पेंशनरों से अनेक वादे कर सत्ता में आई सुक्खू सरकार अब कर्मचारी वर्ग की अनदेखी कर रही है।



उन्होंने बताया कि अभी तक न तो केंद्र के समान मंहगाई भत्ता दिया जा रहा हैं और न ही 2016 से लागू नए वेतनमानों का बकाया एरियर दिया जा रहा है। उन्होंने वेतन व पैंशन पूर्व की तरह हर माह पहली तारीख को देने की मांग की है।

आऊटसोर्स पर भर्तियां तत्काल प्रभाव से बंद हो तो कार्यरत आऊटसोर्स कर्मचारियों के लिए नीति बनाकर नियमित करने को भी कहा गया हैं। महासंघ ने सरकार से छोटे कर्मचारियों को भी न्याय प्रदान करने व सम्मान जनक वेतन, अवकाश, नियमितिकरण व अन्य सुविधाएं देने की मांग की हैं। महासंघ ने न्यायालय से कर्मचारी व पैंशनर हित में निर्णय समय पर लागू करने की मांग की है।( अनंत ज्ञान)

### चौपाल से शिमला के लिए नहीं भेजी गई कोई बस

**चौपाल/नेरवा।** रविवार को सीजन की पहली बर्फबारी होने से चौपाल शिमला मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए अवरुद्ध हो गया है।

इस मार्ग पर चौपाल से देहा के बीच दो से छह इंच तक बर्फ जमा होने से फिसलन हो गई है, जिस वजह से इस मार्ग पर सोमवार को केवल छोटे वाहन ही चले। मार्ग पर फिसलन के चलते चौपाल से शिमला के लिए कोई भी निजी अथवा एचआरटीसी की बस नहीं भेजी गई। लोक निर्माण विभाग की मशीनरी और लेबर सड़क से बर्फ हटाने और रेत बिछाने के कार्य में जुटा हुआ है तथा प्रशासन भी हरेक परिस्थिति पर नजर रखे हुए है। एसडीएम चौपाल ने कहा कि यदि मौसम ठीक रहा तो इस मार्ग पर यातायात सामान्य रूप से बहाल कर दिया जाएगा ।

## शकरोड़ी व घरयाणा ने नगर परिषद में मर्ज करने का जताया विरोध

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

शिमला ग्रामीण की नगर पंचायत सुन्नी को नगर परिषद बनाए जाने की विभाग की प्रस्तावित योजना के खिलाफ साथ लगते ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने आपत्ति जताई है योजना का विरोध आरंभ कर दिया है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत सुन्नी को नगर परिषद बनाए जाने के लिए साथ लगती घरयाणा पंचायत के अलावा शकरोड़ी पंचायत के तीन वार्डों को सम्मिलित किए जाने की विभाग की योजना है।

विभाग की इस योजना को लेकर दोनों पंचायतों के ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। उधर घरयाणा पंचायत ने प्रशासन को लिखित तौर पर अपनी आपत्ति जताई। पंचायत प्रधान घरयाणा संजय भारद्वाज ने बताया कि प्रशासन को प्रस्तावित सुन्नी नगर परिषद में मर्ज करने के विरोध में लिखित तौर पर बताया गया है तथा इस संबंध में संबंधित मंत्री एवं सरकार को भी अवगत करवाया जाएगा।

वहीं शकरोड़ी गांवों के लोगों ने सोमवार को इस संबंध में बैठक का आयोजन किया तथा शकरोड़ी के तीन वार्डों को प्रस्तावित नगर परिषद में शामिल करने का विरोध प्रकट किया। बता दें कि प्रस्तावित नगर पंचायत में सुन्नी के साथ लगते क्षेत्र शकरोड़ी पंचायत के गांव शकरोडी, उल्ही, मतोगडी, गलु एवं चाबा को प्रस्तावित नगर परिषद सुन्नी में सम्मिलित किए जाने की कवायद आरम्भ हो गई है। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।( अनंत ज्ञान)

### ठगी पर जश्न मना रही प्रदेश सरकार : प्यार सिंह

**शिमला।** प्रदेश भाजपा मीडिया सह संयोजक कंवर प्यार सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार आगामी 11 दिसंबर को अपने 2 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रबुद्ध जनता से की गई ठगी पर जश्न मनाने जा रही है। जिस तरह से 11 दिसंबर 2022 को कांग्रेस ने सत्ता हासिल करने के बाद लोगों से किए गए वादों से किनारा कर लिया है उससे निश्चित तौर पर प्रदेश का हर वर्ग ठगा सा महसूस कर रहा है।

विकास करने के बजाय सरकार ने आते ही 1500 से ज्यादा संस्थान बंद करने का काम किया है पहली केबिनेट में एक लाख नौकरी तथा हर वर्ष एक लाख देने का जो वायदा किया था वह उन्होंने नौकरी देने वाले संस्थान को बंद करके युवाओं के अरमानों पर पानी फेर दिया है।

सुक्खू सरकार के दो साल के कार्यकाल को विफल दिया करार

## बिलासपुर में भाजपा ने प्रदेश सरकार के खिलाफ किया धरना-प्रदर्शन और नारेबाजी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर जहां 11 दिसंबर को बिलासपुर में भव्य समारोह आयोजित करने जा रही है, तो वहीं सरकार के जश्न से दो दिन पूर्व जिला भाजपा द्वारा कांग्रेस सरकार के शासन को कुशासन करार देते हुए मुख्य बाजार के समीप धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया है।

जिला स्तरीय इस धरना प्रदर्शन में ऊना से विधायक व हिमाचल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतपाल सत्ती ने विशेष रूप से शिरकत की तो साथ ही बिलासपुर विधायक त्रिलोक जम्वाल, नयना देवी विधायक रणधीर शर्मा, झंडूता विधायक जीतराम कटवाल व पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग सहित सैकडों कार्यकर्ता धरना स्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की। ऊना के विधायक सतपाल सत्ती ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में भाजपा द्वारा प्रदेश सरकार के कार्यकाल के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर जनता को यह बताया जा रहा है कि प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार का कार्यकाल जितना विफल साबित हुआ है उतना कोई भी सरकार विफल साबित नहीं हुई है। साथ ही उन्होंने कहा की आने वाले समय में भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नाकामियों को जनता के सामने रखेंगे ताकि सरकार की झूठी गारंटियों पर से पर्दा उठ सके। वहीं, विधायक सतपाल सत्ती ने प्रदेश सरकार के कार्यकाल को 10 में से 0 अंक देते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश की जनता सरकार से इतनी परेशान हो चुकी है कि आज हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव आयोजित करवाएं जाए तो कांग्रेस के खाते में 68 में से 8 सीटें भी नहीं आ पाएंगी।



जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन में भाग लेते भाजपा के नेता और कार्यकर्ता।

## बिलासपुर जिले के 11,186 युवाओं के कौशल विकास पर 5 .86 करोड़ खर्च : राजेश धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने आज बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने अपने दो वर्षों के कार्यकाल में श्रम एवं रोजगार विभाग के माध्यम से कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू किया है। इन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करना है, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। कौशल विकास भत्ता योजना के अंतर्गत जिला बिलासपुर में गत दो वर्षों के दौरान अब तक 11,186 अभ्यर्थियों को 5 करोड़ 86 लाख 31 हजार रुपए वितरित किए जा चुके हैं। इस योजना के तहत युवाओं को विभिन्न कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे उन्हें विभिन्न उद्योगों और क्षेत्रीय बाजारों में रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।



यह कदम कौशल विकास के माध्यम से युवाओं की गुणवत्ता और कार्यकुशलता को सुधारने के लिए उठाया गया है, जिससे वे अपनी आजीविका में सुधार कर सकें और प्रदेश में रोजगार की दर में वृद्धि हो।

बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत भी 3,125 अभ्यर्थियों को 3 करोड़ 17 लाख 74 हजार 500 रुपए का लाभ दिया गया। इस योजना के तहत उन युवाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है जो बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं और नए रोजगार की तलाश में हैं। यह भत्ता उन्हें आर्थिक रूप से सहारा देने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करता है, ताकि वे अपने कौशल के अनुसार रोजगार ढूंढ सकें। औद्योगिक कौशल विकास योजना के तहत 18 अभ्यार्थियों को 1 लाख 52 हजार 400 रुपए वितरित किए गए। इस योजना के तहत युवाओं को उद्योगों में आवश्यक कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे वे औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने के लिए तैयार होते हैं। यह कदम राज्य के औद्योगिक विकास में भी योगदान करता है और युवाओं के लिए स्थिर रोजगार के अवसर उत्पन्न करता है। इसके अतिरिक्त, जिला बिलासपुर में दो वर्षों के दौरान 100 से ज्यादा अभ्यार्थियों को सरकारी क्षेत्र में रोजगार प्रदान किया गया है, जबकि हजारों अभ्यार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार मिला है। राज्य सरकार की योजनाओं ने न केवल युवाओं को कौशल विकास का अवसर दिया है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी प्रदान किए हैं।

## गतवाड़ में स्थायी पंचायत सचिव न होने से ग्रामीण परेशान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भराड़ी उपतहसील के तहत आने वाली गतवाड़ पंचायत में आम जनता को अपने कार्य करवाने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत में स्थायी सचिव न होने के चलते आम जनता रोजाना पंचायत कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन पंचायत सचिव के न मिल पाने के कारण लोग मायूस होकर घरों को लौट रहे हैं। पंचायत के तहत सात वार्ड हैं, जबकि तीन हजार के करीब आबादी है। पंचायत से सचिव करीब छह माह पहले तबादला हुआ है। इसके बाद गाहर पंचायत सचिव के पास इस पंचायत का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। ऐसे में एक पंचायत सचिव दो पंचायतों का कार्यभार संभाल रहा है। जिसका खामियाजा आमजनता को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों को परिवार नकल, नरेगा से संबंधित कार्य, बीपीएल सर्टिफिकेट के अलावा अन्य कार्यों को करवाने के लिए बार बार पंचायत कार्यालय जाना पड़ रहा है। पंचायत सचिव के न मिलने से लोग निराश हो रहे हैं। लोगों ने विभाग से मांग की है कि गतवाड़ पंचायत में स्थायी सचिव नियुक्त किया जाए, ताकि लोगों के कार्य समय पर हो सकें। वहीं, इस संदर्भ में बीडीओ घुमारवीं अभिषेक शर्मा ने कहा कि गतवाड़ में स्थायी पंचायत सचिव नहीं होने के संदर्भ में उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है।

### बठरा सहकारी सभा का अधिवेशन 13 को

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** कृषि सहकारी सभा बठरा का साधारण वार्षिक अधिवेशन 13 दिसंबर शुक्रवार को सुबह 11 बजे आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन सभा द्वारा बठरा कार्यालय के प्रांगण में किया जाएगा। यह जानकारी सभा सचिव मलकियत सिंह ने दी। उन्होंने सभी सदस्यों से सभा में भाग लेने की अपील की। बैठक में गत व आगामी वर्ष के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

**निरीक्षण** कांग्रेस सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर बिलासपुर में कल मनाया जाएगा जश्न


## मंत्री जगत सिंह नेगी ने लिया तैयारियों का जायजा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है जिसको लेकर 11 दिसंबर को लुहनू मैदान के कहलूर खेल परिसर में राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी प्रदेश के राजस्व, बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी को दी गयी है। वहीं समारोह से संबंधित तैयारियों का जायजा लेने के लिए जगत सिंह नेगी सर्किट हाउस बिलासपुर पहुंचे जहां उन्होंने गार्ड ऑफ ओनर लेने के बाद प्रशासनिक व विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। वहीं इस दौरान पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर, उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक व पुलिस अधीक्षक संदीप धवल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने दो वर्ष के कार्यकाल में 10 में से 5 गारंटियां पूरी की है जिसका जिक्र 11 दिसंबर को भव्य समारोह के दौरान किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर इसे जश्न के रूप में मनाने का मुख्य कारण यह भी है कि दो वर्षों में भाजपा द्वारा बहुमत की सरकार को गिराने के लिए दल-बदल की राजनीति को अपनाते हुए कई तरह के हथकंडे अपनाए गए थे, मगर हर बार उनकी नापाक कोशिश विफल साबित हुई है और लोकतंत्र की जीत हुई है। नेगी ने कहा कि 11 दिसंबर को जहां प्रदेश सरकार दो वर्ष पूरे होने पर जश्न मनाएगी तो साथ ही बागवानी क्षेत्र से संबंधित 1300 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया जाएगा।








# शिमला में 12 साल बाद दिसंबर के पहले हफ्ते हुए बर्फ के दीदार

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

शिमला में 12 साल बाद दिसंबर के पहले सप्ताह में बर्फबारी हुई है। इस बार एकदम बर्फ पड़ने से पर्यटकों के भी चेहरे खिल गए। शिमला घूमने आए पर्यटकों को एक तरह से बर्फ को देखने और इसके बीच मस्ती करने का मौका मिला।

पर्यटकों ने रिज मैदान सहित अन्य जगह पर मौज मस्ती की। राजधानी शिमला में 2012 में दिसंबर माह में पहले सप्ताह बर्फबारी हुई थी, उसके बाद अब 8 दिसंबर को बर्फबारी हुई है। शिमला में 2.7 सेंटीमीटर बर्फबारी रिकॉर्ड की गई है।

पहली बार शिमला घूमने आए पर्यटकों का कहना है कि उन्होंने पहली बार आंखों के सामने बर्फबारी होती देखी है। उम्मीद नहीं थी कि बर्फबारी देखने को मिलेगी। वहीं बर्फबारी के चलते सोमवार को सुबह के समय फिसलन बढ़ गई। इसे में कई जगह पर गाड़िया भी स्किड हुई।

नगर निगम शिमला ने सड़कों से रेत डालने का काम शुरू कर दिया है। बर्फ के चलते पुलिस ने भी एडवायजरी जारी की है। पुलिस का कहना है कि लोग चालक गाड़ियों में चेन लगवाए। (अनंत ज्ञान)

### कारोबारी खुश

**शिमला** में हुई बर्फबारी के चलते जहां ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के चेहरे खिलते नजर आए है वहीं शहर में कारोबारी के चेहरे भी खिल गए है। कारोबारी के चेहरे इसलिए खिले है कि शिमला में बर्फ को देखने के लिए पर्यटकों की संख्या में इजाफा हुआ है। भारी मात्रा में पर्यटक घूमने आए है। रिज मैदान पर पर्यटक जश्न मनाते नजर आए।







### दो एनएच, 15 सड़कें और 18 बिजली ट्रांसफार्मर ठप

प्रदेश में हुई बर्फबारी से 2 एनएच, 15 सड़के और 18 ट्रांसफार्मर ठप्प हुए है। शिमला समेत हिमाचल के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है, जबकि कांगड़ा, कुल्लू और बिलासपुर के नयना देवी, सिरमौर सहित अन्य क्षेत्रों में बारिश हुई है। शिमला, कुफरी, सिरमौर के चूड़धार, नौहराधार, हरिपुरधार, चंबा के किलाड़ और मंडी के शिकारी देवी, कमरूनाग और शैटाधार में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। सिरमौर के छितकुल और किन्नौर कैलाश, लाहौल-स्पीति में रोहतांग दर्रा, बारालाचा, कोकसर, सिस्सू, दारचा, जिस्पा, कुंजुम दर्रा समेत ऊंची चोटियों पर भी बर्फबारी हुई है। धर्मशाला के नड्डी और मैक्लोडगंज में फाहे गिरे।

## न्यूज ब्रीफ

### लाहौल-स्पीति में बर्फ पर कार फिसलने से दिल्ली के सैलानी की मौत, तीन घायल

**केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में रविवार रात को बर्फ के बीच एक हादसा पेश आया है। दिल्लीके पर्यटकों की एक गाड़ी बर्फ में स्किड होने के बाद टिप्पर से जा टकरा गई। इससे एक सैलानी की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हुए। तीनों घायलों को रोहतांग में प्राथमिक उपचार के बाद कुल्लू अस्पताल रेफर किया गया। मृतक की पहचान भीष्म गर्ग(49) पुत्र मुरारी लाल निवासी हाउस नंबर 40, जीएफ ब्लॉक ए, एक्स्टेंशनल मोहन गार्डन, उत्तम नग्गर, नई दिल्ली के रूप में हुई है। परवेज आलम, लेखराज और तरुण इस हादसे में घायल हुए हैं। गाड़ी में सवार सभी मोहन गार्डन उत्तम नगर दिल्ली के रहने वाले हैं। सभी सिस्सू की तरफ घूमने गए थे और बीती शाम को वापस लौटते वक्त हादसे का शिकार हो गए। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने मामले की पुष्टि की है।

### उद्योग मंत्री ने किया हिमाचल प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का उद्घाटन



**नाहन।** उद्योग, संसदीय मामले, श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन सिंह चैहान ने आज हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की खरीद व विपणन सहायता योजना के अंतर्गत नाहन चौगान में आयोजित तीन दिवसीय हिमाचल प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी 2024 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने मेले में विभिन्न सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। उद्योग मंत्री ने कहा कि यह व्यापार मेला राज्य का पहला ऐसा मेला है और इस प्रदर्शनी से लघु एवं मध्यम उधोंगों को बावा मिलेगा। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की आर्थिकी को सुदृ करने के लिए प्रयासरत है।

### सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौत

**बीबीएन।** थाना मानपुरा के तहत ढ़ेला चौक के पास सड़क हादसे ने एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार एक मोटरसाइकिल की सामने से आ रहे मोटरसाइकिल से बीच सड़क में टक्कर हो गई, जिसमें दोनों मोटरसाईकिल चालक नीचे गिर गए, जिसमें अरुण पुत्र सोजी निवासी मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश व दूसरे अन्य बाइक चालक की सिर के बल सड़क पर गिरने से मौका पर ही मौत हो गई। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर मुआयना किया और पाया कि यह हादसा दोनों मोटरसाइकिल चालकों द्वारा मोटरसाइकिल को तेज रफ्तारी, लापरवाही व बीच सड़क में चलाते हुए टकराने के कारण हुआ है । जिस पर उपरोक्त मुकदमा दर्ज करके आगामी अन्वेषण जारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए नालागढ़ ले जाया गया। जिला पुलिस बद्दी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने मामले की पुष्टि की।

### एक सप्ताह में अवैध खनन के 184 मामले

**शिमला।** निदेशक उद्योग डॉ. युनुस कहा कि विभाग द्वारा अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश व्यापी अभियान आरम्भ किया गया है। विगत एक सप्ताह के दौरान विशेष अभियान के तहत प्राप्त शिकायतों के आधार पर राज्य में अवैध खनन के 184 मामले सामने आए हैं। इस अवधि में अवैध खनन के मामलों में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। अवैध खनन में शामिल व्यक्ति यों पर 5 लाख 49,400 रुपए जुर्माना भी लगाया गया है। निदेशक उद्योग ने बताया कि विभाग द्वारा अवैध खनन को रोकने के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि अवैध खनन से संबंधित किसी भी सूचना या जानकारी को वह विभाग से अवश्य साझा करें। उन्होंने लोगों से इस संबंध में जानकारी व्हाट्सएप नम्बर 08988500249, दूरभाष नम्बर 0177-2990575 और ई-मेल geologicalwing@gmail.com पर प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नागरिकों द्वारा साझा की जा रही सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। अवैध खनन से संबंधित सूचनाओं को विभाग से साझा करने से पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। खनिज और खनन उद्योग प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इनका दोहन करते समय पर्यावरण संरक्षण और वैज्ञानिक खनन से जुड़ी नीतियों और नियमों का पालन नितांत अनिवार्य है।

# सरकार बदलाव लाकर सुधारात्मक कदम उठा रही : सीएम सुक्खू

### टुटू में 4.50 करोड़ की लागत से निर्मित विनियमित मंडी का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला जिले के टुटू में 4.50 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित विनियमित मंडी का लोकार्पण किया। इस मंडी में 8 दुकानें, नीलामी मंच, किसानों को ठहरने के लिए 20 बिस्तरों की डोरमैट्री व सार्वजनिक कार्यक्रमों हेतु एक बड़ा हॉल और अन्य मूलभूत सुविधाएं होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मंडी के बनने से धामी, घनाहट्टी, मजठाई, बागी, धमून, बाईचड़ी, ढांडा, चायली, नैहरा, देवनगर, गलोट, जुब्बडहट्टी, रामपुरी, शकराह व कालीहट्टी आदि पंचायतों के किसान लाभाविन्त होंगे।उन्हें अपनी नकदी फसलों और सब्जियों के उचित मूल्य प्राप्त होंगे।

उन्होंने कहा कि इससे पहले उन्हें अपने उत्पाद बेचने के लिए शिमला आना पड़ता था, जिससे उनके समय के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी होता था। इस मंडी के निर्माण से इन पंचायतों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूर्ण हो गई है। सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को उनके उत्पाद के




उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में विनियमित मंडियों का निर्माण कर रही है।

मुख्यमंत्री ने टुटू में बीएमओ ऑफिस के साथ-साथ पर्याप्त चिकित्सक नियुक्त करने की घोषणा की। उन्होंने बडैहरी-शिल्ली-हीरानगर सड़क के लिए दो करोड़ रुपए देने का आश्वासन दिया। उन्होंने टुटू के दो वार्डों में सीवरेज सिस्टम की सुविधा उपलब्ध करवाने और एंबुलेंस रोड के निर्माण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि 16 मील में महाविद्यालय भवन के निर्माण के लिए राज्य सरकार समुचित धन उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने दो श्मशानघाट के निर्माण के लिए 10-10 लाख और गौशाला के लिए भी 10 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित 4000 क्विंटल मक्की की खरीद 30 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से खरीद की है और आगामी वर्ष से 40 रुपए प्रति किलो की दर से प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं की खरीद की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विधवाओं के 27 वर्ष की आयु तक के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का पूरा खर्च उठा रही है। इस योजना का विधिवत शुभारंभ 11 दिसंबर को किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के 6000 अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है। वर्तमान सरकार ने भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों को बंद करके अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है तथा अब इस धन से लोगों के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं। वर्तमान कांग्रेस सरकार ने मात्र दो वर्षों में 31 हजार नौकरियां निकाली हैं।

पूर्व भाजपा सरकार खुद को डबल इंजन की सरकार की कहती थी, लेकिन उनके कार्यकाल में हर क्षेत्र के स्तर में गिरावट हुई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बदलाव लाकर सुधारात्मक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अगले तीन वर्षों में शिक्षा व स्वास्थ्य का मजबूत आधारभूत ढांचा तैयार करेगी।

# मुख्यमंत्री के हेलिकॉप्टर में घूम रहे आउटसोर्स भर्तियों के माफिया : जयराम



प्रेस वार्ता करते हुए नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व अन्य भाजपा नेता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि कांग्रेसी नेता आउटसोर्स में नौकरियों के नाम पर लाखों रुपए इकट्ठा करने में लगे हुए हैं। यह आरोप उन्होंने मंडी में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान लगाए।

इससे पूर्व भाजपा ने प्रदेश सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर हजारों लोगों के साथ पड्डल से सेरी मंच तक रोष रैली निकाली और कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

जयराम ने कहा कि खनन माफिया मुख्यमंत्री की सरकारी गाड़ी में घूमता है और सचिवालय के बाहर मुख्यमंत्री उनके लिए दरवाजा खोलते हैं। अब आउटसोर्सिंग भर्ती करने वाले इनके मित्र हेलिकॉप्टर में घूमकर डील कर रहे हैं।

ये सब वीडियो वायरल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री बताएं कि आपका इनके साथ क्या रिश्ता है। नादौन के एक ज्ञानू को तो ईडी करोड़ो के भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार कर ले गई, लेकिन जो खुलेआम सरकारी संरक्षण में बेरोजगारों को भर्ती के नाम पर लूट रहे हैं वो बेखौफ सरकारी हेलिकॉप्टर में घूम रहे हैं।

आज कांग्रेस के राज में सिर्फ उन्हीं लोगों की आउटसोर्स कंपनियां रजिस्टर हो रही हैं जो विधायक हैं, पूर्व विधायक हैं या फिर विधायक बनने की इच्छा पाले बैठे हैं। यह लोग बेरोजगारों के साथ भद्दा मजाक करते हुए उनसे आउटसोर्स पर रोजगार दिलाने के नाम पर लाखों रुपए इकट्ठा कर रहे हैं।

भर्ती होने से पहले ही लाखों रुपए मांगे जा रहे हैं। इस मौके पर उनके साथ भाजपा विधायक अनिल शर्मा, विनोद कुमार, राकेश जंबाल, इंद्र सिंह गांधी, दीप राज, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रजत ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, भाजपा प्रवक्ता पंकज जंबाल भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## अंतराष्ट्रीय ध्यान दिवस मनाना भारत के लिए सौभाग्य की बात : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के 193 देशों ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास करके 21 दिसंबर को अंतराष्ट्रीय ध्यान दिवस मनाने का निर्णय किया है। भारत के करोड़ों लोगों के लिए यह समाचार अत्यन्त सौभाग्य और प्रसन्नता का है। इससे पहले 21 जून को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का निर्णय किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि भारत सच्चे अर्थों में आज भी विश्व गुरु है और हजारों साल पहले भारत के ऋषियों द्वारा की गई घोषणा 'बसुधैव कुटुम्कम' अर्थात पूरा विश्व एक परिवार है। आज भी एक सच्चाई है।

शांता कुमार ने कहा भारत, श्रीलंका, नेपाल, मेक्सिको और इंडोनेशिया आदि देशों द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया। यह हर्ष का विषय है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की असेम्बली में उपस्थित दुनिया भर के 193 देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया।


उन्होंने कहा भारत की महान संस्कृति और ऋषियों मुनियों द्वारा दिया गया वरदान योग पहले ही अंतराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त कर चुका है और प्रति वर्ष 21 जून को पूरा विश्व योगमय हो जाता है। अब 21 दिसंबर को भी अंतराष्ट्रीय ध्यान दिवस मना कर पूरा विश्व ध्यानमय हो जाएगा।

उन्होंने कहा विश्व के 193 देशों की महासभा संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को पास करके भारत की महान संस्कृति का सम्मान है।

# हिमानी चामुंडा के कपाट आज होंगे बंद

### गर्भ गृह तथा हाल निर्माण का 85 प्रतिशत काम पूरा

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



फाइल फोटो

प्रदेश में बर्फवारी तथा बारिश के पूर्वानुमान के बीच हिमानी चामुंडा में मंदिर निर्माण कार्य को रिव्यू करने टीम पहुंची टीम शनिवार शाम को धर्मशाला पहुंची। वहीं हर साल नवंबर माह में बंद होने वाले इस मंदिर के कपाट अब 10 दिसंबर (मंगलवार) को बंद होंगे। बताते चलें कि धर्मशाला क्षेत्र की आस्था के प्रतीक मां हिमानी चामुंडा के मंदिर के कपाट इस बार दिसंबर माह में भी खुले हैं।

पारंपरिक तथा धार्मिक रूप से नवंबर माह में इस मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते थे। वहीं इस बार ऐसा नहीं हुआ जबकि अब हल्की बर्फबारी भी शुरू हो चुकी है। जानकारी के अनुसार लगभग 10,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित श्री आदि हिमानी चामुंडा मंदिर के कपाट मार्च माह में खुल जाते हैं। परंपरा के अनुसार अत्यधिक हिमपात के कारण 15 नवंबर से 15 मार्च तक मंदिर के कपाट बंद रहते हैं। यद्यपि 2023 में 15 नवंबर के स्थान पर 26 नवंबर को मंदिर बंद किया गया था।

वहीं इस बार अभी तक मंदिर के कपाट खुले हैं। आमतौर पर मंदिर के कपाट 15 नवंबर को बंद कर दिए जाते हैं परंतु इस बार मौसम के अनुकूल रहने तथा ऊपरी क्षेत्रों में हिमपात न होने के कारण मंदिर के कपाट को खुला रखा गया है। उधर, मंदिर के गर्भ गृह तथा हाल निर्माण के कार्य का मंदिर न्यास की टीम ने जायजा लिया। बताते चलें 85 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा कर लिए गए हैं जबकि अब मौसम के साफ होने पर ही काम शुरू किया जाएगा। मंदिर जाने वाली टीम में मंदिर के कनिष्ठ अभियंता के अतिरिक्त ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी तथा अन्य लोग मौजूद थे।

यहां बताते चलें कि जिला प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिगत 3000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले सभी क्षेत्र में ट्रैकिंग तथा लोगों की आवाजाही को प्रतिबंधित कर दिया है। अतीत में सर्दियों तथा बर्फबारी के मौसम में हिमानी चामुंडा जाने वाले कई लोग हादसों के शिकार हो चुके हैं।

मंदिर अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि मंदिर में हुए निर्माण कार्य का जायजा लेने है टीम शनिवार शाम को धर्मशाला पहुंच गई है तथा रिपोर्ट के अनुसार निर्माण का 85 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाएंगे।

# 'विधवा विलाप' क्यों कर रही भाजपा : विधायक सुरेश कुमार

### कहा-खुद 14 करोड़ धर्मशाला में फूंके थे भाजपा ने

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने भाजपा नेताओं पर करारा हमला बोलते हुए पूछा है कि जब उनकी सरकार थी, तो धर्मशाला में ऐसे ही कार्यक्रम पर 14 करोड़ क्यों फूंके गए थे? उन्होंने कहा भाजपाई 'विधवा विलाप' में शामिल हैं।

उसके पास कुछ भी कहने को नहीं है और अनाप-शनाप तरीकों से वह और उसके नेता सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार को जबरदस्ती घेरने का काम कर रहे हैं। भाजपा को तो इस मुद्दे पर बोलने का हक ही नहीं है। पार्टी के भीतर बिखराव की स्थिति है और उसके नेता खुद को बेहतर साबित करने के लिए ऊल-जुलूल हरकतें कर रहे हैं। उनके कार्यक्रम भी अनाप-शनाप ही साबित हो रहे हैं। सोमवार को



हमीरपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सुरेश कुमार के अलावा केसीसी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया, पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन शर्मा भारती, ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष पठानिया, पूर्व अध्यक्ष नरेश ठाकुर सहित कई नेता मौजूद थे। सुरेश ने पूछा कि भाजपा ने पहले साल ही अपनी सरकार के समय ऊल-जुलूल में इतना खर्च किया था, फिर शिमला के रिज पर 2 साल का समय पूरा होने पर भी लोगों को खूब गुमराह किया था, उपलब्धि कोई थी नहीं, लेकिन लगातार 2 साल करोड़ों फूंके गए थे। भाजपा की परेशानी यह है कि उसके पास कुछ भी कहने को नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने 2 साल की अवधि में 22,000 लोगों को नौकरियां दी हैं जबकि भाजपा ने पूरे 5 साल में 17,000 को नौकरी दी थी। उन्होंने कहा कि बिलासपुर रैली के लिए हमीरपुर जिला से 10,000 लोग जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

**स्वास्थ्य** आयुष चिकित्सा अधिकारियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण, अभी चुनिंदा आयुष संस्थानों में ही सुविधा उपलब्ध

# लोगों को घर द्वार मिलेगा पैरासर्जिकल उपचार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

शिक्षा से लेकर चिकित्सा में विश्वगुरु रहा भारत अब एक बार फिर से परंपरागत आयुर्वेदिक चिकित्सा के प्रसार के प्रयास कर रहा है। आयुष मंत्रालय के तहत अब प्रदेश में लोगों को घर द्वार आयुर्वेदिक पैरासर्जिकल उपचार मिल पाएगा। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद प्रदेश के 740 वेलनेस केंद्रों सहित कुल 1230 आयुष संस्थानों में ये उपचार मिल पाएगा।

फिलहाल प्रदेश के चुनिंदा आयुष संस्थानों पर पैरासर्जिकल उपचार होने के चलते कम ही लोग इस उपचार का लाभ ले पाते हैं। ऐसे में अब लोगों को ये उपचार उनके घर द्वार ही मिलेगा। प्रदेश के सैंकड़ों वेलनेस सेंटर तथा आयुष चिकित्सा केंद्रों में पैरा सर्जिकल उपचार हो पाएगा। इसके लिए धर्मशाला में 149 आयुष चिकित्सा अधिकारी ट्रेनिंग ले रहे हैं। एक बैच में 75 डॉक्टर्स ट्रेनिंग ले चुके हैं जबकि 74 डॉक्टर्स का बैच ट्रेनिंग ले रहा है।



आयुष चिकित्सा अधिकारी प्रशिक्षण लेते हुए।

आयुर्वेदिक कॉलेज के डॉक्टर गौरव परमार बतौर रिसोर्स पर्सन ट्रेनिंग में मौजूद हैं। प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा में आयुर्वेदिक कॉलेज पपरोला में ही पैरासर्जिकल उपचार हो पाता है। वहीं अब आयुष चिकित्सा अधिकारियों को जोनल अस्पताल धर्मशाला में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कांगड़ा जिला के कुल 255 आयुष केंद्रों में से 155 वेलनेस सेंटर हैं। वहीं प्रदेश में कुल 1230 आयुष संस्थानों में 740 वेलनेस सेंटर हैं। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रदेश भर के सैकड़ों आयुष केंद्रों तथा वेलनेस केंद्रों पर पैरासर्जिकल उपचार मिल पाएगा।

### जोंक लगाएगी बीमारी पर रोक

बिना चिकित्सा उपकरणों के रक्त मोक्षण के लिए सबसे अधिक प्रचलित विधि 'जलौका' अर्थात जोंक द्वारा रक्त मोक्षण है। जोंक को स्थान विशेष पर लगा दिया जाता है तथा दूषित रक्त के चूषण के बाद उसे हटा लिया जाता है। विभिन्न रोगों के लिए विभिन्न शिराओं से रक्त मोक्षण का निर्देश आयुर्वेद में दिया गया है। इस चिकित्सा में, रक्त को पतला करने वाले प्रोटीन और पेप्टाइड्स छोड़े जाते हैं, जिससे थक्के बनना रुकता है।

बताते चलें कि पैरासर्जिकल उपचार में चिकित्सा उपकरणों के बिना गैर-शल्य चिकित्सा वस्तुओं या उपकरणों का इस्तेमाल करके शल्य प्रक्रिया, आयुर्वेद में, क्षार, अग्नि, और जलौका का इस्तेमाल करके कई बीमारियों का इलाज किया जाता है। इसे पैरासर्जिकल प्रक्रिया कहा जाता है। (अनंत ज्ञान)

### 150 आयुष चिकित्सा अधिकारियों को दी जा रही ट्रेनिंग : हरीश

इस बारे में जब जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर हरीश भारद्वाज से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि जिला के करीब 150 आयुष चिकित्सा अधिकारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। जिला कांगड़ा में आयुर्वेदिक कॉलेज पपरोला में ही पैरासर्जिकल उपचार हो पाता है। अब आयुष चिकित्सा अधिकारियों को जोनल अस्पताल धर्मशाला में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद कांगड़ा जिला के कुल 255 आयुष केंद्रों के अलावा 155 वेलनेस सेंटर पैरासर्जिकल उपचार की सुविधा मिल पाएगी।



नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः। शरीरयात्रापि च ते न प्रसिद्ध्येदकर्मणः।।

**भावार्थ :** अपना नियत और निर्धारित कर्म करो। कर्म करना सदैव श्रेयस्कर है। प्रत्येक मनुष्य को अपना निर्धारित कर्म अवश्य ही करना चाहिए। जो जहां जिस स्थिति में है, उसके लिए निर्धारित उचित कर्म को आसक्ति रहित होकर करने से ही जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति होती है और तो और बिना कर्म के तो शरीर का निर्वाह भी नहीं हो सकता है।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा । मंगलवार, 10 दिसंबर 2024

# लकड़ी की बेजोड़ कारीगरी : ऋषि पराशर मंदिर

देव ऋषि पराशर का यह मंदिर मंडी जिला की दरंग विधानसभा के इलाका स्नोर के पड़ासर नामक स्थल में (हरी भरी चारागाहों के मध्य समुद्र तल से लगभग 3000 मीटर की ऊंचाई पर) स्थित है। मंडी से इस मंदिर की दूरी लगभग 50 किलोमीटर के करीब बनती है। यहां पहुंचने के लिए दो प्रमुख मार्ग मंडी से कटौला बागी होकर तथा मंडी पनारसा से ज्वालापुर प्यून होकर भी पहुंचा जा सकता है। ज्वाला पुर तक तो बस द्वारा पहुंचा जा सकता है। आगे प्यून से नाले के साथ साथ चल कर आध पोंन घंटे में पराशर मंदिर पहुंच जाते हैं। पैगोड़ा शैली के इस मंदिर का निमार्ण मंडी के सेन शासक राजा बाणसेन (13-14वीं शताब्दी) ने करवाया था। मंदिर के निर्माण के संबंध में कुछ एक किवदंतियां भी प्रचलित हैं अर्थात मंदिर के निर्माण में केवल एक ही देवदार पेड़ की लकड़ी का प्रयोग किया गया है तथा मंदिर का निर्माण एक 12 वर्ष के बालक कारीगर द्वारा किया गया। ऐसा भी बताया जाता है कि बालक को रात को सपने में एक मकड़ी दिखाई देती थी, जो (अपनी लार निकाल कर) जाल में मंदिर का आकर (डिजायन) बना देती थी और फिर अगले दिन उसी आकार को वह बालक लकड़ी में रूप देकर उतार देता था। इसी वृतांत को कहीं ऐसा भी बताया जाता है कि बालक के स्वप्न में ऋषि पराशर आकर उसे मंदिर निर्माण का आकार बता कर चले जाते थे व अगले दिन उसी ऋषि के आदेशानुसार बालक मंदिर का निर्माण कर देता था। कुछ भी हो पराशर ऋषि का यह पैगोड़ा शैली का मंदिर अपनी लकड़ी की करागरी के लिए विशेष पहचान रखता है। मंदिर की कुल मिला कर तीन छत्ते हैं। सबसे नीचे की छत आकार में सबसे बड़ी फिर ऊपर वाली इससे कुछ छोटी तथा तीसरी सबसे ऊपर वाली घेरे में सबसे छोटी है। नीचे वाली दोनों छत्ते पिरामिडाकार व स्लेट टाईलों से छत्ती हैं जब कि तीसरी सबसे ऊपर वाली शंकुकार की तरह लोहे की टीन से छत्ती गई है।


## मंदिर प्रवेश द्वार

**सुंदर** लकड़ी के इस प्रवेश द्वार पड़े सरदार पर एक लंबी पंक्ति में लोक वादकों को अपने वाद्य यंत्रों के साथ दिखाया गया है, इन्हीं के नीचे की ओर कुछ अन्य अस्पष्ट आकृतियां भी देखीं जा सकती हैं,जो कि मौसम व समय की मार के फलस्वरूप अत्याधिक घिसी पिटी प्रतीत होत्ती हैं। द्वार के आगेअंधेरा लिए खुला बरामदा बना है। बरामदे के अंधेरे का मुख्य कारण पैगोड़ा रूपी मंदिर की सबसे नीचे वाली (बड़ी) छत है। मंदिर के प्रवेश द्वार व चारों ओर सुंदर (लकड़ी पर की नकाशी) कार्य को देख कर हर कोई चकित रह जाता है। प्रवेश द्वार की चौखट के के बायीं ओर के प्रथम खड़े थाम के आधार पर एक 10 गुणा 10 की चतुर्भुजा देव आकृति दिखाई गई है, जिसके ऊपर की ओर जालीदार नकाशी व बेल बूटों की सजावट देखते ही बनती है। इसी तरह का कार्य दूसरी ओर अर्थात दायीं तरफ के पहले खड़े थाम पर देखा जा सकता है,लेकिन इस थाम की मध्य वाली आकृति स्पष्ट नहीं दिखती। चौखट के बायीं ओर के दूसरे खड़े थाम के आधार की ओर एक 10 गुणा 10 की नरसिंह अवतार की भगवान की आकृति देखी जा सकती है, जबकि बायीं ओर के दूसरे खड़े थाम के आधार में 10 गुणा 10 की आकृति में देवी महिषासुरमर्दनी को दिखाया गया है। दोनों ओर के थामों के मध्य अर्थात नीचे वाली आकृतियों के ऊपर की ओर जालीदार नकाशी व फूलदान को दिखाया गया है, किसके पत्ते नीचे की ओर लटक रहे हैं। शीर्ष की ओर थामों पर एक एक देवी की आकृति उकेरी देखी जा सकती है। आखिर में दोनों ओर 10 गुणा 10 की दायीं ओर वाहन वाली देव आकृति व बायीं ओर भगवान विष्णु को दिखाया गया है। थामों के ऊपर वाले सरदल पर ठीक (ऊपर वाली दोनों आकृतियों के) मध्य में 7 लोक वाद्य यंत्र वादकों को वआगे नंदी के साथ भगवान शिव व देवी पार्वती के साथ दिखाया गया है। इन्हीं के आगे 5 योद्धाओं को भी बायीं ओर दिखाया गया है। शायद इस सारे प्रसंग में भगवान शिव के विवाह का दिखाया गया है। मंदिर प्रवेश द्वार के दोनों ओर एक-एक सुंदर नकाशीदार झरोख भी देखा जा सकता है, जिनका अलंकरण भी देखने योग्य है। दायीं ओर के झरोखे में ऊपर की तरफ देव आकृतियों को मंथन की मुद्रा में दिखाया गया है,जिन में दो ऊपर की ओर तथा छह उससे नीचे दिखाए गए हैं और फिर नीचे देवी महिषासुरमर्दनी को देखा जा सकता है। दायीं ओर के झरोखे में ऊपर षष्ठ भुज देवी को अपने वाहन पर दिखाया है तथा नीचे की ओर देवी की सेविकाओं को दिखाया गया है।नीचे कीओर भगवान विष्णु को बैठी मुद्रा में दिखाया गया है।


डॉ. कमल के. प्यासा
परुथी, लोअर समखेतर, मंडी

## मंदिर का गर्भ गृह द्वार

**मंदिर** के प्रवेश द्वार से लगभग 3-4 फुट आगे गर्भ गृह द्वार आ जाता है,जो कि आकार में 3.5 फुट गुणा 2.5 फुट देखा गया है। इधर भी चौखट पर भारी भरकम लकड़ी की करागरी देखी जा सकती है।द्वार के दायीं व बायीं तरफ की चौखट के खड़े थामों के आधार पर चतुर्भुज पशु स्वार देव आकृति दिखाई गई है। प्रथम से आगे के दूसरे खड़े थाम पर दोनों तरफ एक एक चंवर धारी सेवक को चंवर लिए दिखाया गया है।इसी तरह से आगे के तीसरे थाम में दोनों ओर एक एक वीणा वादक को दिखाया गया है। चौथे थाम पर देवी महिषासुरमर्दनी तथा पांचवें थाम में दायीं ओर से नीचे दो योद्धाओं को खड़ी मुद्रा में दिखाया गया है,दूसरी पंक्ति में दो अन्य आकृतियों के साथ साथ एक धनुष धारी को दिखाया गया है। चौथी पंक्ति में दो आकृतियों को नमन मुद्रा में हाथों को जोड़े दिखाया गया है। इसी क्रम के चौखट के बायीं ओर के खड़े थाम पर भी ऊपर से नीचे क्रमश इन आकृतियों को देखा जा सकता है, अर्थात दो देव आकृतियां (एक पक्षी वाहन पर), एक धनुष व फरसा धारी(देव परशु राम), एक धनुष व फूल लिए,दो पशु (बंदर) व एक पशु सवार देव आकृति जिसके नीचे सर्प भी दिखया गया है। चौखट के ऊपर वाली सरदल में पांच नृत्य मुद्रा में मानव आकृतियों के साथ साथ कुछ लोक वादक भी दिखाए गए हैं, कुछ एक ने देव पालकी को भी उठा रखा है, इन सब के अतिरिक्त दोनों तरफ जालीदार नकाशी देखी जा सकती है।



## गर्भ गृह


**6 फुट** गुणा 6 फुट आकार के छोटे से गर्भ गृह में बायीं ओर से कुछ प्रतिमाएं रखीं देखी जा सकती हैं,जो कि इस प्रकार से हैं:एक पत्थर की पिंडी, एक पत्थर की प्रतिमा (दोनों देव पराशर जी की), एक पत्थर की प्रतिमा भगवान विष्णु जी की शेष नाग के साथ, एक प्रतिमा लक्ष्मी नारायण जी की, एक प्रतिमा भगवान शिव की व एक संगमरमर की देव गणेश की प्रतिमा। इसी गर्भ गृह के चारों ओर तीन फुट चौड़ा प्रदक्षिणा पथ भी बना है, जिसमें भी गर्भ गृह ही की तरहअंधेरा (सबसे नीचे वाली छत के बड़ा व नीचा होने के कारण) रहता है। बाहर प्रदक्षिणा पथ के बायीं ओर कुछ अन्य प्रतिमाएं भी पड़ी देखी जा सकती हैं, जो इस प्रकार से है प्रतिमा देव गणेश, दो बरसेलेनुमा प्रतिमाएं,भगवान राम जी की एक प्रतिमा, एक शिव वाहन नंदी व कुछ अन्य ऋषि पराशर जी की प्रतिमाएं आ जाती हैं।

## एल आकार की सराय

**पड़सर (पराशर) पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए मंदिर के साथ (मंदिर प्रवेश द्वार के समाने) ही एक एल आकार की सराय भी बनी है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा दो विश्राम गृह भी अब बना दिए गए हैं, पहले यहां ऐसा कुछ नहीं था,केवल मात्र गुज्जरों के डेड़बे ही दिखते थे। मंदिर के निकट थोड़ा नीचे दायीं ओर एक सुंदर प्राकृतिक झील (हरि भरी मखमलीघास वाली चारागाह में) क्षेत्र की शोभा को चार चांद लगाती दिखाई देती है। इसी अंडाकार झील में एक गोलाकार भूखंड भी तैरता देखा जा सकता है। इस प्रकार झील व पराशर ऋषि मंदिर दोनों का दृश्य देखते ही बनता है, तभी तो इधर आने जाने वाले सभी लोग यहां के दृश्य को अपने कैमरे या मोबाइल में यथा शीघ्र कैद करने से नहीं चूकते। यहां पहुंचने वाले पर्यटकों, श्रद्धालुओं के लिए जून मास में तीन दिन लगने वाला सरनोहली मेला विशेष महत्त्व रखता है। इस मेले में मंडी, कुल्लू व आसपास के क्षेत्रों की लोग भी भारी संख्या में शामिल होते हैं और अपने देवी देवताओं व ऋषि पराशर का आशीर्वाद लेते हैं। मेले का विशेष आकर्षण यहां पर आने वाले इलाका सिनोर, शिवाबदार, उत्तरसाल व अन्य आस पास के देवी देवता होते हैं जो कि गाजे बाजे के साथ यहां पहुंचते हैं। मेला का शुभ आरंभ ऋषि पराशर के पौत्र ऋषि सुखदेव के, झील की परिक्रमा के साथ होता है।**

(गीता जयंती पर विशेष)

# गीता परमात्मा की वाणी शास्त्रों का सार





**गीता** शास्त्रों का सार है, इसलिए इसे उपनिषद भी कहा गया है। उपनिषद का अर्थ है, वह जो पास बैठकर सुनाया जाए। जब तक कहने वाला और सुनने वाला दिल से पास नहीं आते, तब तक उनके बीच बहुत दूरी रहती है। कहने वाला कुछ कहता है और सुनने वाला उसमें से अपने ही मतलब की बात निकाल लेता है। पहले पास आकर बैठें-अर्जुन बनें। अर्जुन का मतलब है, जिसमें ज्ञान की पिपासा हो, जो कुछ सीखना चाहता हो, जानना चाहता हो और मुक्त होना चाहता हो। जब आप अर्जुन बनेंगे, तभी कृष्ण मिलेंगे। हम सभी का जीवन प्रश्न से शुरू होता है। तीन साल की आयु से बच्चे प्रश्न पूछना शुरू कर देते हैं। कहते हैं कि बिना पूछे जाने पर कुछ बोलना बुद्धिमत्ता का लक्षण नहीं है। इसी तरह महाभारत की अभिन्न अंग भगवद गीता भी प्रश्न से शुरू होती है। युद्धभूमि में जब अर्जुन पूरी तरह से विषादग्रस्त हो चुका था और चारों ओर से अंधकार में घिरा हुआ था, तब भगवान श्रीकृष्ण ने उसे गीता का ज्ञान दिया। इसीलिए आज के समय में जब चारों ओर दुख, पीड़ा और संघर्ष है, तब भगवद गीता और भी अधिक प्रासंगिक हो जाती है। एक बार महाभारत के युद्ध के बाद अर्जुन ने भगवान श्रीकृष्ण से कहा, 'हे कृष्ण! युद्ध के समय बहुत शोर-गुल था, मैं दुखी था और उस युद्ध के माहौल में आपने गीता सुनाई, लेकिन उस समय मुझे नहीं पता था कि मैं कितना समझ पाया। अब सब कुछ शांत है, सब लोग प्रसन्न हैं, और मुझे गीता सुनने का मन है। तो हे कृष्ण! आप अभी गीता सुनाइए।' भगवान श्रीकृष्ण ने उत्तर दिया, 'महाभारत के समय मुझसे गीता का जन्म हुआ था। उस समय मैंने जो भी कहा, मैं अब उसकी पुनरुक्ति नहीं कर सकता। गीता को इतना महत्व दिया गया है; जैसे किसी संत का जन्म होता है, वैसे ही गीता का भी जन्म हुआ। यही कारण है कि गीता जयंती मनाई जाती है। गीता परमात्मा की वाणी है, पूर्णब्रह्म की वाणी है। गीता को योग की विद्या भी कहा जाता है। भगवान श्रीकृष्ण ने भगवद गीता में योग के तीनों मार्गों-भक्ति, कर्म और ज्ञान-को मुक्ति का साधन बताया है। आजकल हम योग को केवल शारीरिक व्यायाम समझते हैं, लेकिन योग सिर्फ शारीरिक व्यायाम नहीं है। इसी तरह, प्राणायाम भी केवल सांस लेने और छोड़ने की प्रक्रिया नहीं है। व्यायाम और प्राणायाम दोनों जीवन के परम उद्देश्य की ओर जाने के मार्ग हैं। भगवान की वाणी-गीता-पांच हजार साल से हमारे देश में है। यदि आप अमेरिका या अन्य देशों में जाएं और बाइबिल के बारे में पूछें, तो लोग कहेंगे कि वे उसे पढ़ चुके हैं। लेकिन हमारे देश में जब हम लोगों से पूछते हैं, 'क्या आपने गीता पढ़ी है?' तो बहुत से लोग चुप हो जाते हैं। जीवन से दुःख को मिटाने के लिए ज्ञान से बढ़कर कुछ भी नहीं। इसलिए गीता पढ़ें और इसे सिर्फ एक बार पढ़ना काफी नहीं है, बार-बार इसका अध्ययन करें।


श्रीश्री रवि शंकर



**मत्स्य द्वादशी वह दिन है जो भगवान विष्णु को समर्पित है। यह वह दिन है जब भगवान विष्णु मत्स्य के रूप में अवतार लेते हैं। यह दिन मोक्षदा एकादशी के बाद मनाया जाता है जो मार्गशीर्ष माह में शुक्ल पक्ष में आती है। मत्स्य द्वादशी वह दिन है जो भगवान विष्णु को समर्पित है। यह दिन मोक्षदा एकादशी के बाद मनाया जाता है जो मार्गशीर्ष माह में शुक्ल पक्ष में आती है।**

# जब कमंडल में गिर जाती है मछली

मत्स्य द्वादशी पर विशेष

**कथा** **सत्यव्रत** मनु भगवान विष्णु के परम भक्त थे। एक दिन सत्यव्रत मनु भगवान की पूजा और तर्पण करने के लिए नदी पर जाते हैं। वहां उनके कमंडल में एक छोटी मछली गिर जाती है। सत्यव्रत मनु एक धर्मपरायण, दयालु और परोपकारी राजा थे, वे उस मछली को अपने घर ले जाते हैं, लेकिन मछली बहुत बड़ी हो जाती है। उसे घर में रखना मुश्किल हो जाता है, इसलिए सत्यव्रत उसे एक तालाब में स्थानांतरित कर देते हैं। जैसे ही मछली को तालाब में डाला जाता है, वह इतनी बड़ी हो जाती है कि वह उस तालाब में समा नहीं पाती। तब राजा मनु मछली को तालाब से निकालकर नदी में डाल देते हैं, लेकिन मछली फिर से बड़ी होकर नदी से भी बड़ी हो जाती है। अंत में मनु उस मछली को समुद्र में डाल देते हैं, फिर भी मछली समुद्र से भी बड़ी हो जाती है। मछली का यह रूप देखकर मनु आश्चर्यचकित हो जाते हैं। उन्हें एहसास होता है कि यह कोई साधारण मछली नहीं है, वे मछली को प्रणाम करते हैं, हाथ जोड़ते हैं और मछली से इस सब के पीछे का रहस्य बताने के लिए कहते हैं। भगवान विष्णु मछली से प्रकट होते हैं और उन्हें बताते हैं कि सात दिनों के बाद पृथ्वी पर प्रलय होगा। परिणामस्वरूप पृथ्वी जल में डूब जाएगी। इसलिए उन्होंने मछली का अवतार लिया है। फिर वे राजा मनु को दुनिया को बचाने के लिए अपने निर्देशों का पालन करने के लिए नियुक्त करते हैं।



## जयपुर में ऐसा मंदिर जहां श्री कृष्ण को पहनाई जाती थी

# पल्स से चलने वाली घड़ी

**राजस्थान की धरती कई प्रख्यात मंदिरों और चमत्कारों से भरी हुई है। यहां हर प्रख्यात मंदिर के पीछे एक अनूठी कहानी है। इनका अपना एक इतिहास है। ऐसे ही राजधानी जयपुर में बसे श्री राधा गोविंद देव जी, गोपीनाथ जी और करौली जिले में विराजमान मदनमोहनजी के प्रसिद्ध मंदिर हैं, जो कि भगवान कृष्ण की अलग-अलग छवियों के विग्रह श्रद्धालुओं की आस्था का गहरा केंद्र हैं। अनेक श्रद्धालु इन तीनों मंदिरों में एक ही दिन में दर्शन को पहुंचते हैं।**

### सूर्यास्त से पहले दर्शन करने से पूरी होती है मनोकामना

ऐसी मान्यता है तीनों मंदिरों में एक दिन में ही सूर्यास्त से पहले दर्शन करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। पत्थर से बनी कृष्ण की तीन छवियां जिसमें पहले श्रीविग्रह श्रीकृष्ण के चरणों के रूप में करौली में मदनमोहनजी के रूप में पूजे जा रहे हैं, दूसरे श्रीविग्रह श्रीकृष्ण के कटि और वक्ष स्थल के रूप में जयपुर के पुरानी बस्ती में राधा-गोपीनाथजी मंदिर में पूजे जा रहे हैं, जबकि श्रीकृष्ण के मुखारविंद के रूप में शहर के आराध्य गोविंददेवजी पूजे जा रहे हैं।

### बांदरवाल से सजाया गया है मंदिर का पूरा परिसर

इस तरह गोविंद देव जी का प्रादुर्भाव हुआ। राधा-गोपीनाथजी मंदिर में जन्माष्टमी की रौनक देखते ही बनती है। मंदिर को बांदरवाल से सजाया जाता है। राधा गोपीनाथजी के दर्शनार्थी भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में आते हैं। पिछले कुछ सालों से गोपीनाथ जी की मान्यता काफी बढ़ गई है। श्रद्धालु गोपीनाथ की छवि को निहारने के लिए सुबह-शाम रोजाना आते हैं।

### तीनों विग्रहों का एक ही दिन में दर्शन

**इस** पूरे मामले पर राधागोपीनाथजी मंदिर के महंत सिद्धार्थ गोस्वामी बताते हैं कि एक ही दिन में सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक करौली के मदन मोहन जी के चरण, जयपुर में पुरानी बस्ती के गोपीनाथ जी का कटिभाग और गोविंददेवजी के मुखारविंद का दर्शन करने से संपूर्ण श्रीकृष्ण भगवान के दर्शन होते हैं। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि इस परंपरा का निर्वहन करते हुए श्रद्धालु आराध्य ठाकुर जी के तीनों विग्रहों का एक ही दिन में दर्शन करने पहुंचते हैं।

### श्री कृष्ण ने हाथों में धारण कर रखी है घड़ी

**प्राचीन** दस्तावेजों के अनुसार, गोपीनाथजी पहले जोरावर सिंह गेट स्थित नेशनल आयुर्वेद कॉलेज के स्थान पर 17 साल तक विराजे और 1792 में उन्हें पुरानी बस्ती स्थित जयलाल मुंशी के चौथे चौराहे पर स्थित गोपीनाथ जी के मंदिर में विराजमान हैं। जयपुर की यह सालों पुरानी परंपरा वृंदावन से चली आ रही है। पहले श्री राधा दामोदरजी का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इसके बाद भगवान गोविंददेवजी का जन्मोत्सव होता है। भगवान गोपीनाथ मंदिर में जन्माष्टमी उत्सव पर ठाकुर जी का विशेष घड़ी से श्रृंगार किया जाता है। मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण ने हाथ में घड़ी धारण कर रखी है। महंत ने बताया कि उनके दादाजी जब यहां सेवा का कार्य करते थे तब एक पल्स से चलने वाली घड़ी ठाकुर जी को धारण कराई जाती थी।



**कारीगर ने वापस नहीं की घड़ी :** यह घड़ी सही वक्त भी बताती थी। बताया जाता है कि आजादी से पहले यहां एक अंग्रेज आया था। उसका कहना था कि यदि ठाकुरजी में प्राण हैं और उनका विग्रह कटि व वक्ष स्थल के रूप में पूजा जाता है तो ये घड़ी धड़कन से चलेगी। जब भगवान को घड़ी धारण कराई गई तो वो चलने लगी। काफी लंबे समय तक भगवान को ये घड़ी धारण भी कराई गई थी। हालांकि, जब वो खराब हुई तो उसे सही करने के लिए कारीगर को दिया गया, लेकिन उसने इसे वापस नहीं दिया। उन्होंने बताया कि अभी भी भगवान को उसी घड़ी की प्रतिकृति के रूप में दूसरी घड़ी पहनाई जाती है।

# भगवान दत्तात्रेय ने चौबीस गुरुओं से ली थी शिक्षा

**मार्गशीर्ष मास की पूर्णिमा को दत्तात्रेय जयंती के रूप में भी मनाई जाती है। इस वर्ष 15 दिसंबर को मनाई जाएगी। भगवान दत्तात्रेय को ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों का स्वरूप माना जाता है। भगवान दत्तात्रेय ने चौबीस गुरुओं से शिक्षा प्राप्त की थी। भगवान दत्त के नाम पर दत्त संप्रदाय का उदय हुआ। दक्षिण भारत में इनके अनेक प्रसिद्ध मंदिर भी है।**



### दत्तात्रेय जयंती कथा

**नारदजी** देवियों का गर्व चूर करने के लिए बारी-बारी से तीनों देवियों के पास जाते हैं और देवी अनुसूया के पतिव्रत धर्म का गुणगान करते हैं। देवियों को सती अनुसूया की प्रशंसा सुनना कतई भी रास नहीं आया। नारदजी के चले जाने के बाद वह देवी अनुसूया के पतिव्रत धर्म को भंग करने की बात करने लगी। ब्रह्मा, विष्णु तथा महेश तीनों को अपनी पत्नियों के सामने हार माननी पड़ी और वह तीनों ही देवी अनुसूया की कुटिया के सामने एक साथ भिखारी के वेश में जाकर खड़े हो गए। जब देवी अनुसूया इन्हें भिक्षा देने लगी तब इन्होंने भिक्षा लेने से मना कर दिया और भोजन करने की इच्छा प्रकट की। देवी अनुसूया ने अतिथि सत्कार को अपना धर्म मानते हुए उनकी बात मान ली और उनके लिए प्रेम भाव से भोजन की थाली परोस लाई, लेकिन तीनों देवों ने भोजन करने से इंकार करते हुए कहा कि जब तक आप नग्न होकर भोजन नहीं परोसेगी तब तक हम भोजन नहीं करेंगे। देवी अनुसूया यह सुनते ही पहले तो स्तब्ध रह गई और गुस्से से भर उठी। लेकिन अपने पतिव्रत धर्म के बल पर उन्होंने तीनो की मंशा जान ली। उसके बाद देवी ने ऋषि अत्रि के चरणों का जल तीनों देवों पर छिड़क दिया। जल छिड़कते ही तीनों ने बाल रूप धारण कर लिया। बाल रूप में तीनों को भरपेट भोजन कराया। देवी अनुसूया उन्हें पालने में लिटाकर अपने प्रेम तथा वात्सल्य से उन्हें पालने लगी। धीरे-धीरे दिन बीतने लगे, जब काफी दिन बीतने पर भी ब्रह्मा, विष्णु तथा महेश घर नहीं लौटे तब तीनों देवियों को अपने पतियों की चिंता सताने लगी।

**देवियों** को अपनी भूल पर पछतावा होने लगा। वह तीनों ही माता अनुसूया से क्षमा मांगने लगी। तीनों ने उनके पतिव्रत धर्म के समक्ष अपना सिर झुकाया। माता अनुसूया ने कहा कि इन तीनों ने मेरा दूध पीया है, इसलिए इन्हें बालरुप में ही रहना ही होगा। यह सुनकर तीनों देवों ने अपने-अपने अंश को मिलाकर एक नया अंश पैदा किया। इसका नाम दत्तात्रेय रखा गया। इनके तीन सिर तथा छह हाथ बने। तीनों देवों को एकसाथ बाल रूप में दत्तात्रेय के अंश में पाने के बाद माता अनुसूया ने अपने पति अत्रि ऋषि के चरणों का जल तीनों देवों पर छिड़का और उन्हें पूर्ववत रुप प्रदान कर दिया।



# पापनाशक मोक्षदा एकादशी व्रत



**मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मोक्षदा एकादशी के रूप में जाना जाता है। मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी अनेकों पापों को नष्ट करने वाली है। इसी दिन भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत के प्रारंभ होने से पूर्व अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। इस दिन श्री कृष्ण व गीता का पूजन शुभ फलदायक होता है। इस व्रत का समापन द्वादशी तिथि के दिन ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा देने के बाद ही होता है। व्रत की रात्रि में जागरण करने से व्रत से मिलने वाले शुभ फलों में वृद्धि होती है। मोक्षदा एकादशी व्रत को करने से व्यक्ति के पूर्वज जो नरक में चले गए है, उन्हें स्वर्ग की प्राप्ति होती है।**

**कथा** **प्राचीन** गोकुल नगर में वैखानस नाम का एक राजा राज्य करता था। उसके राज्य में चारों वेदों के ज्ञाता ब्राह्मण रहते थे। एक रात्रि को स्वप्न में राजा ने अपने पिता को नर्क में पड़ा देखा, अपने पिता को इस प्रकार देख कर उसे बहुत दुख हुआ। वह ब्राह्मणों के सामने अपने स्वप्न के बारे कहता है कि पिता को इस प्रकार देख कर मुझे सभी ऐश्वर्य व्यर्थ महसूस हो रही है। आप लोग मुझे किसी प्रकार का उपाय बताएं, जिससे मेरे पिता को मुक्ति प्राप्त हो सके। राजा के ऐसे वचन सुनकर ब्राह्मण कहते हैं कि हे राजन, यहां समीप ही एक भूत-भविष्य के ज्ञाता एक पर्वत नाम के मुनि है। आप उनके पास जाईए, वही आपको इसके बारे में बताएंगे। राजा ऐसा सुनकर मुनि के आश्रम पर गए उस आश्रम में अनेकों मुनि शांत होकर तपस्या कर रहे थे। राजा ने जाकर ऋषि को प्रणाम करके सारी बत उन्हें बताई राजा की बात सुनकर मुनि ने आंखें बंद कर ली और कुछ देर बाद मुनि बोले कि आपके पिता ने अपने पिछले जन्म में एक दुष्कर्म किया था। उसी पाप कर्म के फल से तुम्हारा पिता नर्क में गए है। यह सुनकर राजा ने अपने पिता के उद्धार की प्रार्थना ऋषि से की। मुनि राजा की विनती पर बोले की मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष में जो एकादशी होती है। उस एकादशी का आप उपवास करें। उस एकादशी के पुण्य के प्रभाव से ही आपके पिता को मुक्ति मिलेगी। मुनि के वचनों को सुनकर उसने अपने परिवार सहित मोक्षदा एकादशी का उपवास किया। उस उपवास के पुण्य को राजा ने अपने पिता को दे दिया। उस पुण्य के प्रभाव से राजा के पिता को मुक्ति मिल गई और वह स्वर्ग में जाते हुए अपने पुत्र से बोले, हे पुत्र तुम्हारा कल्याण हो, यह कहकर वे स्वर्ग चले गए।

## न्यूज ब्रीफ

### नौरा कॉलेज में बीसीए ने जीता कबड्डी टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सोमवार को अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय नौरा में प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में खेल समिति समन्वयक डॉ. गगन जग्गी के द्वारा इंटर फैकेल्टी कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत बीसीए, बीसीए, बीए, बीकॉम और बीएससी के छात्रों द्वारा इस प्रतियोगिता में भाग लिया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में कुल चार मैच करवाए गए। इसमें बीए और बीसीए के बीच फाइनल मैच हुआ। फाइनल कबड्डी मैच में बीसीए की टीम ने अपना बढ़िया प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता में डॉ. विवेक शर्मा, प्रो. पंकज कटवाल, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. नीरज के द्वारा रैफरी की भूमिका निभाई गई और निर्णायक मंडल में डॉ. प्रदीप, प्रो. राहुल, प्रो. अतुल आदि ने भूमिका निभाई। इस उपलक्ष्य पर समस्त महाविद्यालय परिवार भी उपस्थित रहा।

### आईटीआई भद्रकाली ने पढ़ाया रोड सेफ्टी का पाठ

**अनंत ज्ञान, गरली।** सरकारी आईटीआई भद्रकाली में 9 दिसंबर को रोड सेफ्टी क्लब के सौजन्य से तमाम क्षेत्रवासियों को सड़क सुरक्षा नशा निरोधक तथा साइबर क्राइम से सुरक्षा अभियान के तहत विशेष जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा, नशा निरोधक तथा साइबर क्राइम के बचाव हेतु जोरदार नारेबाजी के साथ रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। आईटीआई प्रिंसिपल नीरज कुमारी ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का सुचारु रूप से पालन, नशे से दूर रहने और उससे बचाव तथा साइबर क्राइम से अपने आप को सुरक्षित रखने के विशेष टिप्स दिए।

### पर्यावरण संरक्षण पर मुस्कान का पोस्टर सर्वश्रेष्ठ

**अजीत वर्मा, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में सोमवार को भूगोल विभाग की कोलंबस ज्योग्राफी समिति की ओर से पर्यावरण संरक्षण पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भूगोल विभाग की प्राध्यापिका प्रो. अंशु देवी व लैब सहायक मुकेश चंद के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना रहा। इसमें पहला स्थान मुस्कान दूसरा स्थान आंचल तथा इतिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो उपेंद्र शर्मा ने मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए उनकी कला कुशलता को देखते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही भूगोल विभाग के सभी सदस्यों को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी व भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के लिए इस तरह के कार्यक्रम करने के लिए उनका मार्गदर्शन किया।

### 15 महिला मंडलों को वितरित किया सामान



**अनंत ज्ञान, चामुंडा।** जन सेवा सहयोग पद्दर पंचायत चामुंडा संस्था के द्वारा पद्दर पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी 15 महिला मंडलों को पांच-पांच कुर्सियां और दो-दो गद्दे देकर उन सभी को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि धर्मशाला के पूर्व मेयर देवेंद्र सिंह जग्गी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ जन सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक और पद्दर पंचायत के उपप्रधान बॉबी गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम में आए हुए लोगों ने मुख्यातिथि के समक्ष अपनी-अपनी समस्याएं रखीं, जिनका उन्होंने जल्दी निपटारा करने का उन्हें आश्वासन दिया। कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों ने चाय और जलपान आदि ग्रहण किया।

### नूरपुर में आज निकाली जाएगी रोष रैली

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ दस दिसंबर को नूरपुर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के आह्वान पर रोष रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में सोमवार को फतेहपुर भाजपा ने रैहन में पूर्व प्रत्याशी राकेश पठानिया की अध्यक्षता में बैठक कर रणनीति बनाई। राकेश पठानिया ने कहा कि बड़े दुख की बात है कि जिस बांग्लादेश को हिंदुस्तान ने चलना सिखाया, आज वहीं हिंदुओं पर अत्याचार कर रहे हैं, जो असहनीय है। 10 दिसंबर को नूरपुर में रोष रैली निकाली जा रही है, जिसकी बैठक में रूपरेखा तैयार की गई है।

### साहित्यकार संसार चंद को किया याद

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल फतेहपुर के प्रसिद्ध साहित्यकार स्व. संसार चंद प्रभाकर को समर्पित कार्यक्रम धमेटा में आयोजित किया गया। समारोह में तलवाड़ा सभ्याचारक रंगमंच के कवि, साहित्यकार और शिक्षाविद शामिल हुए। कार्यक्रम की संयोजक नीलम शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर कांगड़ा-कला संगम के प्रसिद्ध साहित्यकार गौतम शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर संसार चंद प्रभाकर की लिखित बहुत सी काव्य रचनाओं, उपन्यासों, और पुस्तकों पर वक्ताओं ने सारगर्भित आलेख प्रस्तुत किए। इस अवसर पर शंकर सनियाल, किशोर धीमान, रशपाल गुलेरिया, ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समां बांध दिया। तलवाड़ा कॉलेज से सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ मंड ने हीर वारिस पर अपने शोध पर बड़े विस्तार से चर्चा की। तलवाड़ा से मास्टर ध्यान सिंह की कविता ने खूब वाहवाही बटोरी। शिक्षाविद सतपाल शास्त्री ने साहित्यकार संसार चंद प्रभाकर की शख्सियत के कुछ पहलुओं को उजागर किया और उनकी पुत्री नीलम शर्मा के लेखन पर चर्चा की। वहीं, मुख्यातिथि 87 वर्षीय गौतम शर्मा ने अपनी कविताओं से सभी भाव-विभोर कर दिया।

### दिव्यांगों को कृत्रिम अंग बांटने को लगाया कैंप

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी कांगड़ा स्थित धर्मशाला एवं कृत्रिम अंग निर्माण निगम, मोहाली द्वारा खंड विकास कार्यालय बैजनाथ के हाल में दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों के लिए एडिप योजना के अंतर्गत निशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर लगाया गया। सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी ओपी शर्मा ने बताया कि इस शिविर में पात्र दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार निशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए उनका पंजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को योजनाओं से लाभान्वित तो करना है। साथ ही उनकी हर तरह से मदद करना भी है। दिव्यांगजनों को सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध करवाना हम सबकी साझी जिम्मेदारी है। दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों को तिपहिया साइकिल, व्हील चेयर, कानों की सुनने वाली मशीन, कलीपर व आधुनिक कृत्रिम अंग नाप लिया गया है। इन उपकरणों को संबंधित को उपलब्ध कराया जाएगा। इस शिविर में 50 लोगों का पंजीकरण हुआ। इस अवसर पर मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया। इसमें बीपी और शुगर टेस्ट किए गए तथा मुफ्त दवाइयां दी गईं। मेडिकल कैंप में 27 लोगों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि 10 दिसंबर सिविल अस्पताल जयसिंहपुर में यह कैंप लगाया जाएगा।

### डिजिटल फ्रॉड से बचने के तरीके बताए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आरबीआई लोकपाल कार्यालय, शिमला द्वारा अग्रणी जिला प्रबंधक, धर्मशाला की सहायता से नड्डी में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में रिजर्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना, 2021, सुरक्षित बैंकिंग प्रथाओं तथा डिजिटल फ्रॉड से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शिव कुमार यादव, आरबीआई लोकपाल, शिमला, अनिल पंडोत्रा, उप लोकपाल तथा भरत राज आनंद, एजीएम, पीएनबी, तिलक राज डोगरा, अग्रणी जिला प्रबंधक, कांगड़ा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। आरबीआई के लोकपाल शिमला शिव कुमार यादव ने कहा कि रिजर्व बैंक की एकीकृत लोकपाल योजना (आरबी-आईओएस) का मकसद बैंक या बैंकिंग सेवाओं से जुड़ी शिकायतों की समाधान प्रणाली को और बेहतर करना है। इससे केंद्रीय बैंक के नियमन के तहत आने वाली एंटिटीज जैसे बैंक, पेमेंट सर्विस ऑपरेटर्स के खिलाफ ग्राहकों की शिकायतों का समाधान बेहतर तरीके से हो सकेगा। इसके तहत एक पोर्टल, एक ई-मेल और एक पता होगा, जहां ग्राहक बैंक, आदि के खिलाफ अपनी शिकायतें दायर कर सकते हैं।

### कांग्रेस अब कर्मचारियों को ठग रही : घनश्याम

**सोनाली संधु, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश सरकार में पूर्व में रहे कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने सोमवार को सुक्खू सरकार पर जुबानी हमला करते हुए कहा कि प्रदेश की मौजूदा सरकार झूठ बोल कर सत्ता में आई थी और अब भी कर्मचारियों को धोखे में रख रही है। सरकार अपने दो साल पूरे होने पर जो जश्न मनाने जा रही है लेकिन सरकार पूर्व कर्मचारियों की लाखों पर गुजर कर जश्न मना रही है। सरकार ने 2024 और 2025 का बजट पेश किया था उस समय मुख्यमंत्री ने कहा था कि हम कर्मचारियों और पूर्व कर्मचारियों की दें दायरियों को 2024 से देना शुरू कर देंगा, लेकिन मुख्यमंत्री ने आज तक कोई कदम नहीं उठाया, इस बात पर मुख्यमंत्री को जांच करवानी चाहिए लेकिन जांच सही काम की नहीं हो रही बल्कि समोसे की जांच पूरे देश में फैल गई है। (अनंत ज्ञान)

# दुल्हन के लिबास में रिया ने पति को किया विदा, हर आंख हुई नम

## शहीद की मां ने पार्थिव देह पर चढ़ाया नोटों का हार, भाई ने दी मुखाग्नि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला क्षेत्र की ग्राम पंचायत बागनी के जवान अक्षय कपूर सोमवार को पंचतत्व में विलीन हुए। सेना की टुकड़ी उनके पार्थिव शरीर को लेकर सुबह उनके पैतृक गांव बागनी पहुंची। पत्नी रिया ने दुल्हन के लिबास में अपने पति को अंतिम विदाई दी।



इससे पहले के घटनाक्रम में बलिदानी की अंतिम यात्रा सिद्धबाड़ी से उनके गांव तक निकाली गई। 2 महीने पहले ब्याह के लाई गई उनकी पत्नी रिया का रो-रोकर बुरा हाल था। यहां मौजूद हर एक की आंख नम नजर आई। गौरतलब है कि अरुणाचल प्रदेश में शुक्रवार को ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से 29 वर्षीय सेना जवान अक्षय कपूर का निधन हो गया था। वह डोगरा बटालियन में तैनात थे। शहीद पति की पार्थिव देह के घर पहुंचते ही पत्नी रिया बेसुध हो गई। इस दौरान मां सावित्री देवी ने नोटों का हार अपने बेटे की पार्थिव देह पर चढ़ाया। अक्षय की बहन सभी लोगों से अपने भाई को सैल्यूट करने की बात कह रही थी। इस भावुक दृश्य को देखकर हर आंख नम हो गई। पूरा क्षेत्र भारत माता की जय, अक्षय कपूर अमर रहे के नारों से गूंज उठा। पार्थिव देह को अक्षय के बड़े भाई लक्की कपूर ने मुखाग्नि दी।

पूर्व सैनिक सम्मान के साथ मृतक सैनिक का अंतिम संस्कार किया गया। धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा, कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी सहित पूर्व विधायक विशाल नेहरिया और जिला प्रशासन के कई अधिकारियों ने भी बलिदानी को श्रद्धांजलि दी।

### मात्र 19 साल की आयु में सेना में भर्ती हुए थे अक्षय कपूर

अक्षय कपूर के निधन की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार से ही उनके घर में रिश्तेदारों व सगे-संबंधियों सहित ग्रामीणों का शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने के लिए आने का सिलसिला जारी रहा। अक्षय 2015 में मात्र 19 साल की उम्र में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। बलिदानी के पिता संसार चंद ने बताया कि बचपन से ही अक्षय का सपना देश की सेवा करना था। उनका सपना तो पूरा हुआ, लेकिन अक्षय के रूप में उनके परिवार और क्षेत्र के लिए बड़ा सदमा है। उन्होंने बताया कि अक्षय कुमार को ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक आया, जिससे उनकी मौत हो गई।

### हिमाचल को 2390. 40 करोड़ की 196 सड़कें और पुल प्रोजेक्ट मंजूर

**धर्मशाला।** केंद्रीय सड़क, परिवहन और राज मार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कांगड़ा के लोकसभा सदस्य डॉ. राजीव भारद्वाज को संसद में बताया कि सैंटर रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के अंतर्गत हिमाचल को 2390. 40 करोड़ की 196 सड़कें और पुल परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। सैंटर रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के अंतर्गत कांगड़ा में 541.75 करोड़ लागत की 46 सड़क और पुल परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जबकि चंबा जिले में 137.57 करोड़ लागत की 19 सड़क और पुल परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।



### धर्मशाला में अब 12 को बंद रहेगी बिजली

**धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल-1 धर्मशाला के कार्यकारी सहायक अभियंता अभिषेक कटोच ने बताया कि 33/11 केवी सब स्टेशन कालापुल तथा 11 केवी फीडर धर्मशाला के रख-रखाव के चलते अब 12 दिसंबर को विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। पहले 10 दिसंबर (मंगलवार) को पावर कट लगना था।

## सालगिरह मुबारक



बड़ूही (ऊना) के मुनीश और शिवानी को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## हैप्पी बर्थडे



टक्का (ऊना) के आयुष को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



धुंदला (बंगाणा) की अविका कौशल को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



दरोहाधार के अनिल कुमार को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### महिला की जहरीला पदार्थ खाने से मौत

**पठानकोट।** पठानकोट के गांव माधो सिंह की रहने वाली एक महिला ने पति के अवैध संबंधों से दुखी होकर जहरीला पदार्थ निगल लिया है, जिससे उसकी उपचार दौरान मौत हो गई है। मृतका के भाई मुनीष कुमार ने शाहपुरकंडी पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई शिकायत में कहा कि उसकी बहन अनुराधा की शादी अमनदीप से कुछ वर्ष पहले हुई थी। अमनदीप के किसी अन्य लड़की से पहले से अवैध संबंध थे, जिस कारण आए दिन उनके घर में झगड़ा रहता था। 4 दिसंबर को उसकी बहन अपने पति की दुकान जुगियाल में जो कि डेंटल डाक्टर की दुकान करता है, वहां पर अपने पति से मिलने के लिए आई तो दुकान में देखा को उस समय अमनदीप अपनी प्रेमिका दुकान पर बैठी हुई थी। अनुराधा को देख कर अमनदीप ने झगड़ा करना शुरू कर दिया तथा मारपीट करते हुए मरने के लिए मजबूर कर दिया। पति से तंग आकर अनुराधा ने जहरीली वस्तु निगल ली। 8 दिसंबर को अनुराधा की उपचार दौरान मौत हो गई। मृतका अनुराधा अपने पीछे दो छोटे बच्चे छोड़ गई है। मृतका के भाई के बयानों पर थाना पुलिस ने पति अमनदीप और अमनप्रीत कौर ने थाना शाहपुरकंडी में केस दर्ज करके आरोपी को काबू कर लिया है।

# गुलेर में पौंग किनारे खेती के खिलाफ ग्रामीणों ने वन्य प्राणी विभाग के खिलाफ बोला हल्ला

## गुस्साए ग्रामीणों ने गढ़तर के प्रधान ठाकुर दास के नेतृत्व में विभाग के खिलाफ की नारेबाजी

**अनिल छांगू, जवाली/गुलेर**

पौंग झील किनारे वन्य प्राणी अभ्यारण्य क्षेत्र गुलेर में हो रही अवैध बिजाई को रोकने के लिए वन्य प्राणी विभाग द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर स्थानीय ग्रामीण भड़क उठे हैं। गढ़तर पंचायत प्रधान ठाकुर दास के नेतृत्व में सोमवार को ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी कर वन्य प्राणी विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने इससे पहले भी 28 नवंबर को अवैध बीजाई को रोकने व की गई तारबंदी को हटाने के लिए वन्य प्राणी विंग के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया था और वन्य प्राणी विंग के अधिकारी ने आठ दिनों के अंदर तारबंदी हटाने का आश्वसन देकर ग्रामीणों का गुस्सा शांत किया था। लेकिन 12 दिन बीत जाने बाद भी वन्यप्राणी विंग ने कोई कार्रवाई नहीं की तो सोमवार को विभाग के खिलाफ



- **बिजाई करने वालों ने नोटिस अवधि खत्म होने के बाद भी नहीं हटाई तारबंदी**
- **विभाग ने आश्वासन देने के बाद स्वयं भी नहीं हटाई**

फिर रोष प्रदर्शन किया। ग्रामीण सतपाल, जागीर सिंह, मदन लाल, जीवन, वंदना देवी, ललिता, इंदु, सपना, सुनीता, दर्शन, निर्मल, कमलेश, शबनम, चंपा, संध्या, शिमली आदि ने बताया कि विभाग ने सोमवार को तारबंदी हटाने के लिए कहा था, लेकिन स्थानीय ग्रामीण सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक विभाग का तारबंदी हटाने का इंतजार करते रहे, लेकिन वन्य प्राणी विभाग का कोई कर्मचारी या अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिस पर लोगों ने वन्य प्राणी विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि प्राणी विभाग होश में आओ, अवैध खेती बंद करो, रिश्वतखोरी नहीं चलेगी, भू-माफिया पर कार्रवाई करो, जल्द तारबंदी को हटाओ आदि नारे बाजी कर कड़ा रोष प्रकट किया। उधर, पर्यावरण प्रेमी मिलखी राम शर्मा ने अवैध खेती करवाने के लिए वन्य प्राणी विंग के डीएफओ हमीरपुर, वन्यप्राणी परिक्षेत्र अधिकारी नगरोटा सूरियां व बीओ नगरोटा सूरियां जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 2000 के फैसले अनुसार वन्य प्राणी अभ्यारण्य क्षेत्र में किसी भी प्रकार की खेती नहीं की जा सकती और वन्य प्राणी विंग सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवमानना कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### दो दिन में तारबंदी नहीं हटाई तो विभाग के कार्यालय में देंगे धरना

**गुस्साए** ग्रामीणों ने वन्य प्राणी विभाग को चेताते हुए कहा कि दो दिन के अंदर अगर वन्य प्राणी विभाग ने पौंग झील के किनारे लगी तारबंदी को नहीं हटाया है तो स्वयं ग्रामीणों द्वारा तारबंदी को हटाकर वन्य प्राणी विभाग के कार्यालय में बैठकर धरना दिया जाएगा। जब इस बात की पुष्टि के लिए वन्य प्राणी विंग के अधिकारियों से बार-बार फोन पर संपर्क साधना चाहा तो किसी ने भी फोन उठाने की जहमत नहीं समझी।

### आंगनबाड़ी वर्कर्स के साक्षात्कार स्थगित

**धर्मशाला।** बाल विकास परियोजना अधिकारी देहरा सुशील शर्मा ने बताया कि बाल विकास परियोजना देहरा के अधीन ज्वालामुखी उपमंडल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के तीन और सहायिका के 17 पद भरने हेतु 11 दिसंबर को एसडीएम ज्वालामुखी के कार्यालय में साक्षात्कार रखे गए थे। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक कारणों के चलते आगामी आदेशों तक साक्षात्कार स्थगित किया गया है।

### जीजीडीएसडी कॉलेज में 'देश का प्रकृति परीक्षण अभियान' के तहत किया पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज राजपुर, पालमपुर में 'देश का प्रकृति परीक्षण अभियान' के तहत शिक्षकों और विद्यार्थियों का पंजीकरण किया गया। राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, पपरोला के स्त्री रोग एवं प्रसूति तंत्र विभाग में बतौर प्रवक्ता कार्यरत डॉ. मीना परमार के नेतृत्व में इस अवसर पर आयुर्वेद के महत्व और इसके लाभों की जानकारी दी गई। डॉ. मीना ने अभियान के उद्देश्य को विस्तार से समझाते हुए कहा कि इस पहल का मुख्य लक्ष्य लोगों को उनकी आयुर्वेदिक प्रकृति के बारे में जागरूक करना है।

इस ऐप के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य समस्याओं का विश्लेषण किया जाएगा, बल्कि जीवनशैली में प्रकृति के अनुसार बदलाव, खान-पान के सुझाव और स्वस्थ



जीवन जीने की तकनीकों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

इस अभियान का उद्देश्य पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा जागरूकता में क्रांति लाना है जो आयुर्वेद को हर घर तक पहुंचाने में मदद करेगा। महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य, डॉ. विवेक शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन विरासत है, और इस अभियान के माध्यम से लोगों को आयुर्वेदिक ज्ञान को अपनाने और अपने जीवन को स्वस्थ और संतुलित बनाने के लिए प्रेरणा मिलेगी।

### साहित्यिक कार्यक्रम आज

**धर्मशाला।** भाषा एवं संस्कृति विभाग साहित्यकारों एवं कलाकारों को मंच उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से भाषा एवं संस्कृति विभाग एवं रचना साहित्य एवं कला मंच पालमपुर तथा सीएसआईआर संस्थान पालमपुर संयुक्त तत्वावधान में हिमालय जैव संपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर के सभागार में 10 दिसंबर को प्रातः 11 बजे साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजित करेगा इसमें प्रथम सत्र में डा आशु फुल्ल हिमाचल प्रदेश के हिंदी साहित्य में चित्रित समाज पर शोध पत्र प्रस्तुत करेंगी।

### नगरोटा बगवां में पकड़ी देसी शराब

**नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत केएफ नर्सरी मलां के पास अमरजीत निवासी, लाखमंडल तहसील नगरोटा बगवां से 6,000 मिली देसी शराब बरामद की है। पुलिस थाना नगरोटा बगवां में मामला दर्ज किया गया है।

# शिक्षा जीवन का अभिन्न अंग : किशोरी लाल

## भुलाणा स्कूल के वार्षिक पारितोषिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

विधायक किशोरी लाल ने सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुलाणा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जलन एवं पुष्प अर्पित कर के किया। किशोरी लाल ने कहा कि शिक्षा मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग है और छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत से ही जीवन में लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता और सफलता प्राप्त करने का कोई शॉटकट नहीं



स्कूल के वार्षिक समारोह में शिक्षकों व बच्चों के साथ विधायक किशोरी लाल।

होता। किशोरी ने कहा कि चुनावों के समय जो वादे उन्होंने जनता से किए थे। उन्हें चरणबद्ध पूरा किया जा रहा है। शिक्षा से विद्यार्थी को पुस्तकों के ज्ञान के साथ-साथ अन्य चीजों का ज्ञान भी मिलता है। इस अवसर पर विधायक किशोरी लाल ने स्कूल के स्टेज के लिए डेढ़ लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

### बांग्लादेश के खिलाफ धर्मशाला में प्रदर्शन आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर जारी अत्याचार पर देवभूमि में भी लोगों में आक्रोश है। इसी के चलते धर्मशाला में विवेकानंद विचार मंच के बैनर तले मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 10.30 बजे लोग शहीद स्मारक में एकत्र होंगे। उसके बाद रैली के रूप में विरोध करते हुए कचहरी चौक पहुंचेंगे।

### मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना पर खर्च होंगे 53 करोड़ : पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि सरकार ने विधवा, निराश्रित, परित्यक्त और विकलांग महिलाओं के बच्चों की शिक्षा और कल्याण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना' भी शुरू की है। इस योजना के लिए 53.21 करोड़ रुपए का बजट रखा



गया है। 15,181 स्कूलों में 'बाल पौष्टिक आहार योजना' शुरू की गई है, जिससे 5.34 लाख बच्चों को अंडे, फल जैसे अतिरिक्त पोषण का लाभ मिला। रावमापा दुर्गेला के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में उपमुख्य ने बतौर कहा कि किसी भी संस्थान का वार्षिक समारोह अपने आप में विशेष स्थान रखता है। उन्होंने स्कूल के मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

- **उपमुख्य सचेतक ने नवाजे दुर्गेला स्कूल के मेधावी**

### पारस स्कूल में एथलीट मीट का आयोजन

**राकेश डोगरा, डरोह।** पारस पब्लिक स्कूल भवारना में सोमवार को जूनियर और सीनियर लड़कियों और लड़कों की 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और रिले दौड़ का आयोजन किया गया। नीला, हरा, लाल और पीले सदन के सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। खेल प्रतियोगिता में जेसी कटोच ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। कनिष्ठ प्रतिभागियों ने अपने प्रतिद्वंद्वी प्रतिभागियों को मात देने का प्रयास किया, जबकि वरिष्ठ प्रतिभागियों ने अपने प्रतिस्पर्धियों को कड़ी टक्कर दी। इस कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक महेश चंद कटोच और प्रधानाचार्या नीलम राणा विशेष रूप से उपस्थित थे। पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। विजेताओं को ट्रॉफियां, पदक और प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। नीले सदन को सर्वश्रेष्ठ सदन ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने सभी बच्चों को खेलों में भाग लेने के लिए और इसमें अपना भविष्य संवारने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्या ने मुख्यातिथि का धन्यवाद किया और छात्रों को खेलों में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। (अनंत ज्ञान)




### शराब और बियर के साथ एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना बैजनाथ की टीम जब गश्त पर थी तो फटाहर में अजय कुमार निवासी गांव वार्ड नंबर 2 फटाहर तहसील बैजनाथ से 3750 मिलीलीटर देसी शराब, 1500 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब व 4550 मिलीलीटर किंगफिशर बियर बरामद की गई। इस संदर्भ में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1)ए में पुलिस थाना बैजनाथ में मामला दर्ज किया गया है। मामले की पुष्टि एसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने की है।

### व्यक्ति से बरामद की 6000 मिली शराब

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** पुलिस थाना लंबागांव के तहत शराब बरामद करने का एक मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना लंबागांव की टीम जब गश्त पर थी तो टिक्करी में निर्मल कुमार निवासी गांव टिक्करी, तहसील जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा से 6,000 मिली शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना लंबागांव में दर्ज किया गया है। इस मामले की पुष्टि एसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने की है।

**संबोधन** | कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने जवाली रेस्ट हाउस में सुनीं जनसमस्याएं

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना लक्ष्य

**अनंत ज्ञान, जवाली**

कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। 90 प्रतिशत हिमाचल ग्रामीण क्षेत्र में बसता है और गांव को आत्मनिर्भर बना कर ही प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। यह बात उन्होंने आज सोमवार को ज्वाली रेस्ट हाउस में लोगों की समस्याओं को सुनने के उपरांत अपने संबोधन में कही।

उन्होंने कहा कि किसानों व पशुपालकों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि



किसान व पशुपालकों के हाथ में पैसा पहुंचे इसीलिए, भैंस व गाय के दूध के खरीद मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। इसके अलावा प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की व गेहूं को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। उन्होंने कहा की ऊपरी पहाड़ी क्षेत्रों में बागवानी व सब्जी उत्पादन में जैविक खाद की अधिक मांग रहती है, इसीलिए प्रदेश सरकार इन क्षेत्रों में 12 रुपए प्रति किलो तक के मूल्य पर इस खाद को बेचेगी, जिससे सरकार को भी राजस्व आएगा।

### दो साल में पांच चुनावी गारंटियां की पूरीं

**मंत्री** चंद्र कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने दो साल के कार्यकाल में अपनी पांच चुनावी गारंटियां पूरी की हैं। उन्होंने कहा कि 11 दिसंबर को सरकार को बने दो साल पूरे होंगे और इस अवसर पर पशुपालकों से गोबर खाद खरीद की शुरुआत कर छठी गारंटी पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पशुपालकों से 3 रुपए प्रति किलो के हिसाब से गोबर खाद खरीदी जाएगी, जिससे उनकी आर्थिकी मजबूत होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सेरा में आज आयोजित होगा किसान मेला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कृषि विभाग के अंतर्गत कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आतमा) हमीरपुर 10 दिसंबर को नादौन उपमंडल के गांव सेरा में किसान मेले का आयोजन करने जा रही है। आतमा के परियोजना निदेशक डॉ. नितिन शर्मा ने बताया कि सेरा स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में सुबह 10 बजे से आरंभ होने वाले इस किसान मेले में कृषि और बागवानी विभाग के सचिव वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सी. पाल रासू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। डॉ. नितिन शर्मा ने बताया कि इस मेले में किसानों को कृषि की आधुनिक तकनीकों और प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से इस मेले में भाग लेने की अपील की है।

### केंद्रीय विद्यालय में पारंपरिक खेल गतिविधियां आयोजित




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में कक्षा आठवीं के लिए बैगलेस दिवस का आयोजन किया गया, जिस दौरान बच्चों के लिए पारंपरिक खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के लिए पारंपरिक खेलों जैसे पिट्ठू, संतोलिया, हेपस्काच, लंगड़ी दौड़, मनोरंजन दौड़, रस्साकस्सी, मनोरंजन दौड़ और कंचे खेल इत्यादि का आयोजन किया गया। यह खेल गतिविधियां व्यक्तिगत और टीम के रूप में आयोजित की गई। इस मौके पर प्राचार्य सुनील चौहान ने बताया कि भारत के कई पारंपरिक खेल हैं जो हजारों सालों से खेले जा रहे हैं परंतु आधुनिक युग में उनकी लोकप्रियता कम हो गई है, अब भारत सरकार खेलो इंडिया और नई शिक्षा नीति के तहत इन पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही है, इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में संज्ञानात्मक विकास, कल्पनाशीलता और सामाजिक विकास के साथ-साथ अपनी संस्कृति से अवगत करवाना और उन खेलों को पुनर्जीवित करना मुख्य उद्देश्य है।

### मां होती है बच्चे की पहली शिक्षिका : मदन



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** हिमाचल प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान और एससीईआरटी सोलन ने एक अनूठी पहल शुरू की गई है। इस नई पहल के तहत माताओं को पहली शिक्षिका बनाया जा रहा है। इस पहल के तहत सोमवार को हमीरपुर जिले में माताओं की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन एचएम में किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ जिला डाइट के प्रिंसिपल मदन बन्याल द्वारा किया गया। मदन बन्याल ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य माताओं को घर में बच्चों की शिक्षा देने के लिए तैयार करना है। यह पहल पूरे हिमाचल प्रदेश में शुरू की गई है और इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। इस पहल से माताओं को अपने बच्चों की शिक्षा में सक्रिय रूप से भाग लेने का अवसर मिलेगा। इससे बच्चों की शिक्षा में सुधार होगा और वे अपने भविष्य के लिए तैयार हो पाएंगे। कार्यशाला के प्रथम दिवस माताओं के साथ विभिन्न डेवलपमेंटल गोल्स जैसे कि शारीरिक विकास, भाषीय विकास और बौद्धिक विकास के संदर्भ. में भी विशेष रूप से जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान डाइट गौना करौर, जिला प्रशिक्षण अधिकारी भवानी सिंह, नेक महोम्मद उपस्थित रहे। स्रोत समन्वक अनिल कुमार, सुनील कुमार और प्रथम से प्रतिमा शर्मा उपस्थित रहे।

### प्रसिद्ध प्राचीनतम मंदिर का किया जा रहा जीर्णोद्धार



**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के धोलासिद्ध विद्युत परियोजना के समीप व्यास नदी के सुंदर रमणीक स्थल पर वर्षों से स्थापित बाबा धोलासिद्ध मंदिर का जीर्णोद्धार करके इसे सुंदर भव्य रूप देने का कार्य वर्तमान समय पर जोरों से चला हुआ है। इस मंदिर को भव्य रूप यहां के स्थानीय लोगों के जनसहयोग से दिया जा रहा है। इस मंदिर के पुजारी भूमि सिंह ने बताया कि इस मंदिर के प्रति लोगों की भारी आस्था है। दूर-दूर से लोग इस मंदिर में बाबा जी के दर्शन करने के लिए आते हैं। यह भी कहा जाता है कि इस मंदिर में जो भी श्रद्धालु सच्चे दिल से कोई मन्नत मांगता है, तो बाबा धोलासिद्ध उसकी मनोकामना आवश्य पूरी करते हैं। इस प्राचीनतम मंदिर के लिए सड़क सुविधा उपलब्ध होने से यहां हर कोई इस मंदिर में आसानी से पहुंच सकता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हर वर्ष शिवरात्रि पर्व के बाद मार्च महीने में यहां विशाल भंडारा होता है, जिसमें दूर-दूर से लोग आकर प्रसाद ग्रहण करते हैं।

### नादौन कॉलेज में एनएसएस शिविर का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, बड़ा।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ आज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार गौतम ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आदिका ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। अपने उद्घाटन संबोधन में प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार गौतम ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्त्व, उद्देश्यों और युवाओं के व्यक्तित्त्व निर्माण में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के माध्यम से अपने भीतर नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के कई गणमान्य शिक्षक उपस्थित रहे जिनमें प्रो. कल्पना चड्ढा, प्रो. नितिका, प्रो. रीतिका ज़मवाल, प्रो. सीमा शर्मा, प्रो. अनित शर्मा, प्रो. अमृत लाल शर्मा, प्रो. योगेश कोंडल, प्रो. रवि कांत गर्ग, प्रो. अंजू शर्मा, प्रो. परविंदर, प्रो. राजेश, प्रो. अशोक, प्रो. कुसुम, और प्रो.राधिका प्रमुख थे। कार्यक्रम में एनएसएस के सक्रिय स्वयंसेवक अदिति, गौरव, आरती, दिव्या, आशीष, लेखराज, सुहानी, खुशी, विशाल, प्रवीण, आनंद, प्रीती, और अन्य ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। शिविर में समाजसेवा, व्यक्तित्त्व विकास, एवं सामुदायिक कल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवीन शर्मा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया। शिविर के सफल आयोजन की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम का पहला दिन संपन्न हुआ।

### कांग्रेस सरकार को आत्ममंथन करना चाहिए : कश्मीर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने प्रदेश कांग्रेस सरकार द्वारा 11 दिसंबर को दो वर्ष के जश्न कार्यक्रम को प्रदेश की जनता की आंखों में धूल झोंकने का कार्यक्रम करार दिया है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवालय सदस्य डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अनावश्यक रूप से संसदीय सचिवों के पद सृजित करके अपने चहेते मित्रों को मंत्री पद से नवाजा, रिटायर्ड अफसरों को दोबारा महत्त्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति किया, जिससे प्रदेश के खजाने पर बोझ पड़ा है। प्रदेश पर पहले ही 80 हजार करोड़ रुपए का कर्जा हो चुका है परंतु सरकार करोड़ों रुपए अनावश्यक रूप से लुटा रही है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की राज्य कमेटी का मानना है कि कांग्रेस सरकार को जश्न मनाने की बजाए आत्ममंथन करना चाहिए कि अगर उसे भी भाजपा के ही नक्शे कदम पर चलना है और जनविरोधी नीतियों को ही लागू करना है तो जनता के प्रदेश व्यापी आंदोलन का सामना करना होगा।

# जनता दुखी, सरकार मनाने जा रही जश्न : विक्रम

## सरकार के जश्न के विरोध में गांधी चौक में भाजपा की रैली; प्रदेश सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

राज्य सरकार के दो साल मुकम्मल होने के उपलक्ष्य पर बिलासपुर में मनाए जाने वाले समारोह को लेकर हमीरपुर में भाजपा के नेताओं ने जमकर हमला बोला और धरना-प्रदर्शन आयोजित किया। इसके नेताओं ने एक-एक करके सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि राज्य में जनता बेहद दुखी है और सरकार जश्न मनाने जा रही है।

हमीरपुर के प्रभारी और पूर्व मंत्री विक्रम ठाकुर ने अन्य नेताओं के साथ सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार पर सिलसिलेवार कई हमले किए। इस मौके पर पूर्व मंत्री व विधायक विक्रम ठाकुर, विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, विधायक आशीष शर्मा, पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, प्रदेश भाजपा सचिव नरेंद्र अत्री, भाजपा जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा सहित जिला भाजपा के पदाधिकारी व सभी ब्लॉकों से आए कार्यकर्ता मौजूद रहे।




गांधी चौक पर लोगों को संबोधित करते भाजपा के नेता, (दाएं) धरना-प्रदर्शन करते भाजपाई।

**सरकार पर लगाए वादे पूरे न करने के आरोप :** धरना-प्रदर्शन के दौरान प्रदेश सरकार पर जनता के साथ किए गए वादों को पूरा न करने के आरोप भी लगाए गए। भाजपा नेताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार से 10 गारंटियों पर प्रश्न किए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार और उसके मित्रों की मौज लगी हुई है। अवैध खनन चरण सीमा पर पहुंच चुका है। सरकार के जन विरोधी फैसलों के कारण हिमाचल का मजाक उड़ रहा है। प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों को वेतन देना सरकार के लिए मुश्किल हो गया है। पूर्व मंत्री विक्रम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में अवैध खनन का कारोबार फल-फूल रहा है।

खनन माफिया पर शिकंजा कसने की बजाए उनको लाभ देने का काम जारी है। ठाकुर ने कांग्रेस सरकार के जश्न मनाए जाने पर तंज कसते हुए कहा कि सरकार को अपने 2 साल के कार्यकाल का जश्न नहीं, बल्कि मातम मानना चाहिए क्योंकि इन दो सालों में प्रदेश का हर वर्ग दु:खी है, न बेरोजगारों को रोजगार मिल रहा है, न महिलाओं से किया गया वादा पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा जन आक्रोश रैली के माध्यम से जनता को यह जागरूक कर रही है कि यह सरकार पूरी तरह विफल रही है।

जिन वादों को करके सत्ता में आई थी, उन्हें पूरा नहीं कर पाई। विधायक आशीष शर्मा ने सरकार पर जनता को धोखा देने के आरोप लगाते हुए कहा कि जश्न जनता के काम का मनाया जाता है, लेकिन प्रदेश सरकार के 2 साल के कार्यकाल के कारण सभी वर्ग दुखी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को बर्बाद करने का काम किया है और प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। (अनंत ज्ञान)

### सरकार जल्द जाएगी : लखनपाल

विधायक इंद्र दत्त लखनपाल और पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर गुब्बार निकाला। उन्होंने कहा कि इस सरकार के समय दो सालों में कुछ भी सही नहीं रहा है। आम जनता बेहद दुखी है और इसके नेता जश्न मनाने के लिए बिलासपुर जा रहे हैं। यह स्थिति बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। लखनपाल ने कहा कि यह सरकार तो कब की चली गई होती? हम भाजपा में आए भी इसीलिए थे, लेकिन कुछ कमी रह गई, थोड़ी देर हो गई, लेकिन सरकार जल्दी जाएगी, यह अपने भार से ही ढह जाएगी।

### भोरंज में 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता' मेले का आयोजन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोरंज, में 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता' मेले का आयोजन किया गया। इसमें विधानसभा भोरंज के विधायक सुरेश कुमार मुख्य अतिथि रहे। इस प्रोग्राम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोरंज के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने अप्रेंटिसशिप एक्ट 1961 के बारे मेंजानकारी दी तथा इसके महत्व के बारे में बताया। 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता' मेले में 150 उम्मीदवारों ने भाग लिया।

इसमें कुल मिलाकर 74 उम्मीदवारों ने अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाई। मेले में वर्धमान फेब्रिक बद्दी, गोदरेज लिमिटेड कंपनी मोहाली आदि कंपनियों के ऑफिसर उपस्थिति रहे। इस मेले में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोरंज, जिला हमीरपुर के अर्चना समूह अनुदेशिका, संजीव कुमार धीमान अनुदेशक, सीमा लखनपाल अनुदेशिका, सरोज कुमारी अनुदेशिका, संजय कुमार अनुदेशक, राज कुमार अनुदेशक, अरुण कुमार अनुदेशक, मानेश्वर सिंह अनुदेशक, अश्वनी कुमार क्लर्क, भावना चंदेल तथ्य दाखिला प्रचारक, अभिषेक कौशल और विनोद कुमार भी उपस्थित रहे।

## सुक्खू सरकार का ऐतिहासिक होगा समारोह : अजय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों के दिलों में बनाई जगह
- भाजपा के राज में आम जनता त्रस्त थी और भाजपा सरकार जश्न मनाती थी

कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) हमीरपुर के अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल के पूरा होने पर बिलासपुर में आयोजित किया जाने वाला समारोह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा।



अजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेशहित और जनहित में कई बड़े निर्णय लेकर प्रदेशवासियों के दिलों में जगह बनाई है। मात्र दो वर्षों में ही मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में दी गई 5 बड़ी गारंटियों को पूरा करके न केवल अपना वादा निभाया है, बल्कि हिमाचल को समृद्ध एवं आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में भी बड़े फैसले लिए हैं।

अजय शर्मा ने कहा कि गारंटी के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की पहली ही बैठक में प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख कर्मचारियों के लिए ओपीएस का प्रावधान किया। नई भर्ती किए जा रहे कर्मचारियों को भी इसके दायरे में लाकर उनका भविष्य सुरक्षित किया है। इसी प्रकार, सभी पात्र महिलाओं को हर माह 1500 रुपए की राशि दी जा रही है। बेरोजगार युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपए का स्टार्टअप फंड योजना शुरू की गई है। विभिन्न विभागों में हजारों पदों को भरने की प्रक्रिया भी आरंभ की गई है और अकेले शिक्षा विभाग में ही हजारों पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं। भैंस और गाय के दूध तथा प्राकृतिक खेती से तैयार फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बन गया है। बागवानों के फलों के सही विपणन और इन्हें अच्छे दाम देने की दिशा में भी मुख्यमंत्री ने सराहनीय निर्णय लिए हैं। बेसहारा बच्चों और महिलाओं के कल्याण एवं उत्थान के लिए भी मुख्यमंत्री ने बेहतरीन योजनाएं आरंभ की हैं।

शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के फैसलों से आज प्रदेश का हर वर्ग प्रसन्न है, इसलिए, प्रदेश सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर 11 दिसंबर को बिलासपुर में आयोजित होने वाले समारोह में प्रदेश के कोने-कोने से लोग पहुंचेंगे। पूर्व मंत्री विक्रम ठाकुर के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अजय शर्मा ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में प्रदेश में नौकरियां बिक रही थीं, प्रतिभाशाली युवा रोजगार के लिए भटकने को मजबूर थे, कर्मचारी ओपीएस की मांग को लेकर सड़कों पर उतर रहे थे, लेकिन, उस समय की सरकार इन युवाओं और कर्मचारियों के दर्द दूर करने के बजाए अपने जश्नों पर ही करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही थी।

प्रदेश की कमान संभालते ही सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने युवाओं और कर्मचारियों सहित समाज के सभी वर्गों के लिए सराहनीय लेकर एक नई मिसाल कायम की है।

## वुड्स पार्क सैनिक स्कूल के कैडेट्स देहरादून में प्रतिष्ठित पासिंग आउट परेड का करेंगे अवलोकन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

वुड्स पार्क सैनिक स्कूल हमीरपुर के कैडेट्स का एक दल सोमवार को भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में प्रतिष्ठित पासिंग आउट परेड में भाग लेने के लिए रवाना हुआ है। यह गौरवशाली कार्यक्रम कठोर प्रशिक्षण का समापन करता है और भारतीय सशस्त्र बलों के भावी नेताओं की कमीशनिंग का जश्न मनाता है।

कैडेट्स के साथ एक विशिष्ट मार्गदर्शक दल भी शामिल होगा। शिंपा सैनी, पुनेय, सुनील कुमार जिन्हें प्रतिष्ठित सेना मेडल से सम्मानित किया गया है। यह यात्रा निदेशक सुमिति ठाकुर, और प्रबंधन के सक्षम नेतृत्वकर्ता इंजी विनोद ठाकुर व ट्रस्टियों के मार्गदर्शन में होगी। उनके अद्भुत निर्देशन और प्रेरणादायक नेतृत्व ने कैडेट्स को अनुशासित और लक्ष्य-उन्मुख व्यक्तियों में ढालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



यह अवसर कैडेट्स को सैन्य परंपराओं की भव्यता और गरिमा से अवगत कराएगा।

- भारतीय सैन्य अकादमी में दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

यह अवसर कैडेट्स को सैन्य परंपराओं की भव्यता और गरिमा से अवगत कराएगा, जिससे उन्हें एक अधिकारी की यात्रा में निहित साहस, समर्पण और वीरता का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होगा।

यह कार्यक्रम कैडेट्स के बीच गहरे राष्ट्र प्रेम और महत्वाकांक्षा की भावना जागृत करने की उम्मीद है। विद्यालय प्रशासन ने इस भागीदारी पर गर्व व्यक्त किया है और ऐसे अनुभवों के महत्व को रेखांकित किया है, जो भविष्य के उन नेताओं को तैयार करने में सहायक होंगे, जो राष्ट्र के सम्मान को बनाए रखेंगे। यह दौरा कैडेट्स के लिए एक प्रेरणादायक और यादगार मील का पत्थर साबित होगा, जो उन्हें मातृभूमि की सेवा के प्रति एक स्थायी प्रतिबद्धता प्रदान करेगा।

## हैप्स के वार्षिकोत्सव में 207 मेधावी सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर के वार्षिकोत्सव-4 का वार्षिक समारोह बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। 'अभिव्यक्ति थीम' पर मनाए गए इस वार्षिक समारोह में एलुमनाई मेजर अभिनव शर्मा कॉर्पस ऑफ सिग्नल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। छात्रों ने अभिभावकों का वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों व तिलक लगाकर स्वागत किया। विद्यालय प्राचार्च शशिबाला ने स्वागत भाषण पढ़ा।




कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते छात्र, (दाएं) मेधावी छात्रों के साथ गणमान्य।

मंत्र उच्चारण के साथ मुख्य अतिथि विद्यालय चेयरमैन प्रो. आरसी लखनपाल, विद्यालय वाइस चेयरपर्सन चंद्रप्रभा लखनपाल, निदेशक इंजीनियर पंकज लखनपाल, प्राचार्य विकासनगर नैना लखनपाल, प्राचार्य हीरानगर शशि बाला व विद्यालय समन्वयकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। विद्यालय के छात्रों ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। विद्यालय शिरोमणि छात्रा अग्रता ने मुख्य अतिथि के जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यालय चेयरमैन, विद्यालय चेयरपर्सन, विद्यालय निदेशक, प्राचार्य विकास नगर, प्राचार्य हीरानगर ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

समारोह में अनुराधा, सपना, मनप्रीत, डॉ रमल अंगारिया, तिलक राज व राजेश लक्की डिप के विजेता रहे। मेधावी 207 छात्रों को मुख्य अतिथि, विद्यालय चेयरमैन, विद्यालय वाइस चेयरपर्सन, विद्यालय निदेशक, प्राचार्या विकासनगर व प्रधानाचार्य हीरानगर ने अलग-अलग क्रियाकलापों में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण लक्ष्मी वंदना, समूह गान, रिलीजियस कोरियोग्राफी, गरवा डान्स, गणेस एंड कृष्णा डांस, योगा शो, राम आएंगे डांस, हनुमान चालीसा, रिवोल्ट ऑफ 1857, बिक्रम बत्रा एक्ट, कृष्ण सुदामा एक्ट, वॉलीबुड डांस व भांगड़ा रहे।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए शिक्षा, संस्कार और संस्कृति का होना नितांत आवश्यक है। इवेंट मैनेजर चंद्र किरण, समन्वयक डॉ. नीता सिंह, रोहित अग्निहोत्री, पूजा शर्मा, माया शर्मा, विनोद शर्मा, अशोक पटियाल, नवीन, पूनम चौहान, विपिन शर्मा, मधुबाला, रीता परमार, दीप शिखा, पूजा गुलेरिया, हरदीप शर्मा, ओंकार दत, विनता कुमारी, प्रेमलता, शालिनी, जितेंद्र, संगीता, रिशु, कविता, तृषा, ईशा कपिल, दीपा, अभिषेक, पंकज शर्मा, उमा शर्मा, शिल्पा ठाकुर, मीना शुक्ला, मीना ठाकुर, संगीत अध्यापिका शिप्रा, अविनाश, अभिषेक, लक्ष्मी व सुशील सांस्कृतिक कार्यक्रम के समन्वयक रहे।

हैप्स के सभी अध्यापकों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्राचार्य ने बधाई दी।

## भोरंज कॉलेज 141 महाविद्यालयों में 12वें और टीयर-11 में प्रथम स्थान पर

**अनंत ज्ञान, जाहू**

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई हिमाचल प्रदेश के महाविद्यालयों की टैंटेटिव इंटरनल रैंकिंग में ग्रामीण क्षेत्र का महाविद्यालय होने के बावजूद राजकीय महाविद्यालय भोरंज ने समस्त 141 महाविद्यालयों में 12वां तथा टीयर-11 महाविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीयस में उन महाविद्यालयों को शामिल किया गया है, जहां पर अधिक बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और यहां पर आओट्स, कॉमर्स व कला संकाय की पढ़ाई हो रही है।

टीयर-2 में उन महाविद्यालयों को शामिल किया गया है, जहां पर टियर - 1 के महाविद्यालयों की तुलना में कम छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और यहां पर दो संकायों की पढ़ाई हो रही है। टीयर-3 में उन महाविद्यालयों को शामिल किया गया है, जहां पर टीयर - 1 व 2 की तुलना में कम छात्र हैं या फिर नए महाविद्यालय हैं और जहां पर एक ही संकाय की पढ़ाई हो रही है। 1100 में से 919 अंक प्राप्त कर राजकीय महाविद्यालय भोरंज ने टीयर-2 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय ठाकुर के कुशल निर्देशन व अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि ग्रामीण क्षेत्र का महाविद्यालय प्रदेश भर में टीयर-11 में प्रथम स्थान पर है। इस उपलब्धि को प्राप्त करने के लिए महाविद्यालय के समस्त कर्मचारियों, पी.टी.ए. ओ.एस.ए., विद्यार्थियों ने निरंतर कठिन परिश्रम किया।

इसमें स्थानीय विधायक सुरेश कुमार द्वारा समय-2 पर महविद्यालय प्रशासन को प्रदत्त सहयोग व योगदान भी प्रमुख रहा। उनके सौजन्य से ही महाविद्यालय में हिंदी, अंग्रेजी, राजनीतिक शास्त्र विषयों में स्नातकोतर उनके लिए की कक्षाएं संचालित हुई परीक्षा केन्द्र भी तथा महाविधालय में ही स्थापित हुआ। इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य डॉ. विजय ठाकुर ने कर्मचारियों, पी.टी.ए., ओ.एस.ए. विद्यार्थियों व समस्त भोरंज क्षेत्रवासियों को बधाई दी है।

**सौगात** भोरंज विधानसभा के कंज्याण में भी खुलेगी नई उपतहसील : सुरेश कुमार

# जाहू उपतहसील का विधायक सुरेश ने किया लोकार्पण

**एसके शर्मा, जाहू**

भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने जाहू में खुली नई उपतहसील का सोमवार को लोकार्पण किया। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए सबसे पहले उन्हें उपतहसील के खुलने की बधाई दी तथा इस मांग को पूरा करने का मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिले में भोरंज तहसील सबसे बड़ी तहसील है, इसलिए भोरंज तहसील के काम को कम करने और लोगों की सुविधा के लिए जाहू में उपतहसील खोली गई है। उन्होंने कहा कि जाहू का रेवेन्यू और क्षेत्र में भी ऐतिहासिक नाम हैं क्योंकि यह पहले पंजाब का हिस्सा हुआ करता था और यहां से खच्चरों से बड़े पैमाने पर व्यापार होता था। पूर्व में जाहू के विकास में उपेक्षा की गई है, जिससे जाहू पिछड़ा हुआ कस्बा बना है। अब उपतहसील के खुलने से जाहू के पत्ते में भी परिवर्तन आएगा। नए नाम में गांव व डाकघर व और तहसील का नाम जाहू होगा।




जाहू में उपतहसील का भोरंज के विधायक सुरेश कुमार लोकार्पण करते हुए।

उन्होंने कहा कि नई उपतहसील में 6 पंचायतों के 5 पटवार सर्किलों को जोड़ा गया है, इसलिए लोगों को प्रमाण पत्र बनाने में नजदीक सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र के कुछ पंचायतें टौणी देवी तहसील के अधीन हैं, उनका उपमंडल भोरंज है और थाना हमीरपुर पड़ता है, ऐसे में लोगों को बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को दूर करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए कंज्याण में प्राथमिकता के आधार पर नई उपतहसील खोली जाएगी। उन्होंने कहा कि जाहू में औद्योगिक केंद्र का खोलना, जलशक्ति विभाग का विश्रामगृह बनना और अब उपतहसील का खोलना विकास को दर्शाता है।

विधायक सुरेश कुमार ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के समय में हो रहे विकास कार्यों में अपना नाम दर्शाने से लोगों को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं, जबकि असलियत में भोरंज विधानसभा क्षेत्र का विकास 35 वर्षों के बाद शुरू हुआ है। उन्होंने इस दौरान भोरंज विधानसभा क्षेत्र में शुरू किए गए एक-एक विकास कार्यों को गिनाया। इस अवसर भोरंज एसडीएम शशिपाल शर्मा ने उपतहसील के अधीन आने वाले पंचायतों, पटवार सर्किल व आबादी के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में भोरंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल, पूर्व ब्लॉक समिति अध्यक्ष तेजनाथ, डॉ. रमेश डोगरा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वतन सिंह डोगरा, राजीव लाल मैहर, दीप चंद, सुरेंद्र जरियाल, चंदन ठाकुर, एसडीएम शशिपाल शर्मा, तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा, नायब तहसीलदार भोरंज पृथी चंद, जाहू बलवंत सिहं पटियाल, जाहू पंचायत प्रधान अनुराधा शर्मा, पूर्व प्रधान चमन शर्मा, जाहू पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष राजन कपिल, प्रकाश चंद व अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### सुंदरनगर में डायग्नोस्टिक केंद्र का हुआ शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर में मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (नवाचार, डिजिटल प्रौद्योगिकी और गर्वेनेंस) गोकुल बुटेल ने डेल डायग्नोस्टिक केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्य संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक सुंदरनगर सोहन लाल ठाकुर तथा एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया विशेष रूप से उनके साथ उपस्थित रहे। गोकुल बुटेल ने अपने संबोधन में कहा कि कोई भी देश जब तरक्की की ओर जाता है तो सरकार के साथ-साथ उद्यमी भी इसमें अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सुंदरनगर में यह डायग्नोस्टिक केंद्र खुलने से एक ही छत के नीचे जनता को स्वास्थ्य संबंधी टेस्ट करवाने की सुविधा मिलेगी, जिससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी। इस डायग्नोस्टिक केंद्र से मंडी व आसपास के जिलों को भी लाभ मिलेगा। डेल डायग्नोस्टिक के प्रबंध निदेशक अमित सैनी ने इस केंद्र के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर एसडीम सुंदरनगर अमर नेगी, डीएसपी भारत भूषण, तहसीलदार अंकित शर्मा, खंड विकास अधिकारी विवेक चौहान, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद सुंदरनगर हितेश, निदेशक हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विकास संघ केशव नायक, एससी एसटी मोर्चा के उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान, रोटरी जिला अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### उपमुख्यमंत्री ने सीआर पाटिल से प्रमुख मुद्दों पर की चर्चा



**अनंत ज्ञान, शिमला।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मिलकर हिमाचल से जुड़े मसलों पर चर्चा की। जल जीवन मिशन के तहत हिमाचल प्रदेश की बकाया राशि और फिन्ना सिंह प्रोजेक्ट की मंजूर राशि जारी करने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त बीत सिंचाई योजना-2 की मंजूरी में हुए विलम्ब की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने हिमाचल प्रदेश से जुड़ें तमाम मसलों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का आश्वासन दिया। जिसके लिए उनका आभार।

### जोगिंद्रनगर में बारिश न होने से किसान मायूस



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** मंडी के जोगिंद्रनगर क्षेत्र में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। सुबह जहां खिली धूप ने राहत दी, वहीं दोपहर तक आसमान में काले बादल छा गए। ऊंचाई वाले क्षेत्रों बरोट और बिल्लिंग में हुई ताजा बर्फबारी ने जहां सैलानियों का दिल जीत लिया, वहीं किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। बारिश न होने से किसान खासे परेशान हैं। लंबे समय से हो रही सूखे जैसी स्थिति के कारण गेहूं, मटर और अन्य रबी फसलों पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। स्थानीय किसान महेंद्र सिंह का कहना है, फसल को पानी की बेहद जरूरत है, लेकिन बारिश नहीं हो रही। ऊपर से अब बेमौसम बदली और ठंडी हवाएं नुकसान बढ़ा रही हैं। इसी बीच, बर्फबारी और ठंडी हवाओं से ठंड अचानक बढ़ गई है, जिससे बाजारों में गर्म कपड़ों की खरीदारी तेज हो गई है। दुकानों पर स्वेटर, जैकेट और मफलर खरीदने वालों की भीड़ उमड़ रही है। स्थानीय दुकानदार रवि शर्मा का कहना है, 'पिछले कुछ दिनों में ठंड बढ़ने से ग्राहकों की संख्या में इजाफा हुआ है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक खराब मौसम की संभावना जताई है। ऐसे में स्थानीय प्रशासन ने पर्यटकों और आम जनता से सतर्क रहने की अपील की है।

### फोन पर बात करते समय फटा मोबाइल, युवती घायल



**चंबा।** विकास खंड सलूणी के बिचुणी गांव में मोबाइल फटने से एक युवती बुरी तरह से घायल हो गई। उसे चंबा मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक उपचार के बाद टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। किरण देवी (18) पुत्री चंदू राम निवासी गांव बिछुणी डाकघर खरोठी शनिवार शाम को मोबाइल पर रिश्तेदार से बात कर रही थी। उसी दौरान उसका मोबाइल फट गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विशाल महाजन ने बताया कि मोबाइल फटने से घायल युवती को उपचार के लिए चंबा लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद टांडा रेफर किया गया है।

# बर्फ से पांगी की पहाड़ियां लकदक

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

रविवार और सोमवार को जनजातीय क्षेत्र पांगी में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया यहां पर कई जगह 2 इंच से लेकर 6 इंच तक ताजा बर्फबारी हुई। अभी तक भी यहां पर लगातार भारी बर्फबारी जारी है और यहां के पहाड़ व पूरी घाटी बर्फ से लक-दक हो गई है। लंबे समय के बाद बारिश व बर्फबारी होने के बाद यहां पर लोगों ने राहत की सांस ली है। सीजन की पहली बर्फबारी होने को लेकर यहां के बागवान व किसान भी पूरी तरह से खुश दिख रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक यहां पर सुबह एकाएक मौसम खराब होने के बाद दोपहर 2:30 बजे के बाद हल्की बारिश शुरू हो गई थी लेकिन शाम के 6:00 बजे तक यहां पर बर्फबारी का दौर जारी है इसकी पुष्टि करते हुए प्रधान ग्राम पंचायत करयास रंजना चोपड़ा ने कहा है कि सीजन की पहली बर्फबारी यहां पर हुई है। प्रशासन में बर्फबारी के सीजन से निपटने के लिए पहले ही पुख्ता प्रबंध कर लिए हैं।

पूर्व जनजातीय सलाहकार समिति सदस्य किशन चोपड़ा ने बताया है कि बर्फबारी का दौर जारी है और क्षेत्र का संपर्क दूसरी जगह से पूरी तरह से कट गया है। उन्होंने कहा है कि यहां पर दोपहर बाद एक भारी बर्फबारी का दौर जारी है।








### भरमौर में नहीं बरसे बादल

**उधर** जनजातिय क्षेत्र भरमौर में सुबह ही मौसम खराब होने के बाद दोपहर बाद एकाएक मौसम साफ हो गया। हालांकि मौसम विभाग ने यहां पर अगले दो दिनों तक बर्फबारी का अलर्ट जारी किया हुआ था।अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई है। बहरहाल भरमौर में बारिश व बर्फबारी न होने के चलते किसान मायूस है।



# बालू से पक्का टाला तक एंबुलेंस मार्ग से हटाए जाएं अवैध कब्जे



बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने 9 दिसंबर को मीटिंग में विभिन्न विभागों से संबंधित कार्य प्रगति की समीक्षा के दौरान कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए विकास कार्यों को न्यूनतम समय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

मीटिंग में चंबा में पंडित जवाहरलाल नेहरु चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निर्माण कार्य, मंझीर में निर्मित गौ सदन, पर्यटन विभाग द्वारा जोत तथा नैनी खड्ड में लगाए जाने वाले साईन बोर्ड तथा होर्डिंग, अपना विधालय योजना, कचरा प्रबंधन संयंत्र कुरां, मेडिकल कॉलेज चंबा के लिए विद्युत कनेक्शन तथा पेयजल योजना के अलावा पक्का टाला से बालू तक बनने वाले एंबुलेंस सड़क मार्ग वारे विस्तृत समीक्षा व चर्चा की गई।

बैठक में उपायुक्त ने मंजीर में निर्मित गौसदन के शेष कार्य को अति शीघ्र पूर्ण कर शुरू करने बारे पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद चंबा तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अलावा राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बालू से पक्का टाला तक बनने वाले एंबुलेंस मार्ग से अवैध कब्जों को संयुक्त निरीक्षण के पश्चात हटाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए सिविल अस्पताल किहार में बनने वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से संबंधित कार्य में तेजी लाएं। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निक्षय मित्र योजना के तहत जिला में सभी टीबी रोगियों को प्रत्येक माह आवश्यक पौष्टिक आहार प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने बारे भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने नगर परिषद चंबा के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय भवन चंबा की दीवार के साथ पिछले लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व पार्क के गिरे हुए डंगे के पत्थरों को 15 दिन के भीतर हटाना सुनिश्चित करें।

## बाथरी बाजार में जाम हुआ आम

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत एनएच 154ए पर स्थित गांव बाथरी बाजार में आए दिन आड़ी टेडी खड़ी गाड़ियों के कारण जाम की स्थिति पैदा हो रही है।

बताते चलें की बाथरी बाजार क्षेत्र के ज्यादातर व्यस्त रहने वाले बाजारों में एक है जहां रोज सैकड़ों की संख्या में लोग खरीदारी करने बाथरी बाजार रुख करते हैं। लेकिन कई बार सड़क के दोनों और खड़ी गाड़ियां जाम की स्थिति उत्पन्न कर देती हैं, जिसके कारण लोगों को अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इस बारे में जब व्यापार मंडल प्रधान से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि एनएच 154 ए बाथरी बाजार के दोनों और से कॉफ़ी चौड़ा है, लेकिन बावजूद इसके भी बाहर से आने वाले ग्राहक एवं स्थानीय लोग अपनी गाड़ियां एनएच पर ही खड़ी करते हैं क्योंकि उनके पास दूसरा विकल्प शेष नहीं है। वहीं बनीखेत पुलिस प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि एनएच 154ए राष्ट्रीय मुख्य मार्ग के दोनों और पीली पट्टी लगाई गई है जिसके अंदर ही वाहन खड़े करने की इजाजत है। अगर सफेद पट्टी के बाहर यानी मार्ग पर वाहन खड़े रहेंगे वो सीधे तौर पर कानूनी तौर पर गलत है जिसके लिए वाहन चालक पर कार्रवाई या चालान बनता है। ऐसे में कानून की अवहेलना करने वालों पर उचित कार्रवाई भी अमल में लाई जाती है। (अनंत ज्ञान)

## एसडीएम कार्यालय चुराह में होगी वन मित्र भर्ती प्रक्रिया के दस्तावेजों की जांच

**अनंत ज्ञान , चंबा**

वन मंडल चुराह स्थित सलूनी तथा वन मंडल चंबा के अंतर्गत वन मित्र भर्ती प्रक्रिया से संबंधित शारीरिक दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके उम्मीदवारों की दस्तावेजीकरण (डॉक्यूमेंटेशन) प्रकिया आगामी 16 से 24 दिसंबर तक एसडीएम कार्यालय चुराह में की जाएगी।

यह जानकारी वन मित्र भर्ती समिति के अध्यक्ष व एसडीएम चुराह अंकुर ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि वन मंडल चुराहा स्थित सलूनी के तहत पुगथाला व तीसा बीट के उम्मीदवारों के लिए 16 दिसंबर, सागटी, शाऊल व बैरा बीट के उम्मीदवारों के लिए 18 दिसंबर, चंद्रू, मनसा, जंगबानी, देवीकोठी व गंगियास बीट से संबंधित उम्मीदवारों के लिए 19 दिसंबर तथा चुंडी, चिल्ली, थनैला खैरना व ऐल से संबंधित उम्मीदवारों के लिए 20 दिसंबर को दस्तावेजीकरण (डॉक्यूमेंटेशन) की जाएगी।

उन्होंने बताया कि वन मंडल चंबा के तहत दंतुई, छांजू, सुंदरी, बघई व टिकरी के उम्मीदवारों के लिए 21 दिसंबर, जसौर दिओला, थाली, कलवाला, नागनी तथा बारा के उम्मीदवारों के लिए 23 दिसंबर तथा कोहल, दुगली, कलहेल, सीकरी, सलोह व छतरी के उम्मीदवारों के लिए 24 सितंबर को दस्तावेजीकरण (डॉक्यूमेंटेशन) संबंधी प्रक्रिया की जाएगी।

एसडीएम चुराह ने वन मित्र भरती समिति के सभी सदस्यों से भी अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों के अनुसार एसडीएम कार्यालय में पहुंचना सुनिश्चित करें। उन्होंने बन मित्र भर्ती प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों से भी अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों के अनुसार स्वयं एसडीएम कार्यालय चुराह में उपस्थित होना सुनिश्चित करें तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारी को इसमें न भेजें।

## केशव राम ने संभाला मेडिकल कॉलेज चंबा में संयुक्त निदेशक का पदभार

**चंबा।** हिमाचल प्रशासनिक सेवा अधिकारी केशव राम ने 9 दिसंबर को राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय चंबा में संयुक्त निदेशक का पदभार संभाल लिया। वह इससे पूर्व मई 2023 से जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के उपमंडल उदयपुर में एसडीएम के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे।

केशव राम ने कहा कि पद पर रहते हुए उपायुक्त मुकेश रेपसवाल के दिशा निर्देशानुसार मेडिकल कॉलेज चंबा से संबंधित कार्यों को तीव्रतापूर्ण करना तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करना उनकी प्रमुख प्राथमिकता रहेगी।

## झोगा टीम ने जीती क्रिकेट की ट्राफी

**चंबा।** एनएचपीसी खेल मैदान सुंरगानी में आयोजित ध्रुव मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में शर्मा बायज झोगा की टीम ने आर्मी बायज लनोट को हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट के समापन मौके पर मंजीर पंचायत के समाजसेवी लवली ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए विजेता व उपविजेता टीमों को ट्राफी व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित करने की रस्म अदा की। मुख्यातिथि लवली ठाकुर ने अपने संबोधन में प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए समिति सदस्यों को बधाई दी। युवाओं से नशे से दूर रहने का आहवान भी किया। प्रतियोगिता के आयोजक राजू पंडित ने बताया कि टूर्नामेंट में इलाके की कुल 33 टीमों ने हिस्सा लिया।

## कशमल की लोडिंग में दी जाए चंबा की गाड़ियों को प्राथमिकता

**अनत ज्ञान, सलूनी**

जिला चंबा के उप मंडल चुराह मैं कशमल उखाड़ने का काम जोरों शोरों से चला हुआ है इस कशमल को उखाड़ कर राज्य से बाहर अन्य राज्यों में बेचा जा रहा है जिसमें की ट्रक चालकों को काफी मुनाफा हो रहा है। वहीं ट्रक यूनियन के पदाधिकारीयों ने ठेकेदारों को घेरते हुए आरोप लगाया है की पहली प्राथमिकता जिला चंबा के ट्रक चालकों को मिलनी चाहिए जो कि नहीं मिल रही है।

ठेकेदार बाहरी राज्य के ट्रकों को बुलाकर उनकी गाड़ियों को लोड करवा रहे है और बाहरी राज्य के चालकों को फायदा दे रहे है। इस संदर्भ में ट्रक यूनियन के सदस्यों ने सलूनी प्राशासन को एक ज्ञापन देकर अवगत करवाया है कि ट्रकों को लोड करने में जिला चंबा के ट्रक चालकों को पहली प्राथमिकता दी जाए। इनका कहना है कि जिला चंबा में कोई भी कारखाना नहीं है जिससे कि वह अपनी गाड़ियों को चला सके। इन पदाधिकारियों ने एसडीएम सलूनी को ज्ञापन देकर अवगत करवाया है कि जो अधिकार जिला चंबा के ट्रक चालकों का है वह उन्हें दिया जाए इसमें रिशु, बिट्ढू, मनोज टंडन किशन किशोरी लाल भागी राम पीर मोहम्मद मेहबूब खान इत्यादि चालकों का कहना है कि उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया प्रदर्शन करेंगे।

## चुराह के नकरोड़ में उपतहसील कार्यालय खोलने की उठाई मांग

**आजम डार, तीसा**

जिला चंबा के दुर्गम क्षेत्र चुराह उपमंडल में स्थानीय व आसपास की पंचायत के लोगों ने नकरोड़ में उप तहसील कार्यालय खोलने की मांग रखी है नकरोड़ पंचायतों का एक मुख्य बिंदु है लोगों का कहना है कि पिछले 5 साल से सरकार चाहे कांग्रेस की हो या बीजेपी की हो यही मांग रखी है कि नकरोड़ में उप तहसील का कार्यालय खोला जाए।



दिलदार अली भट्ट।

वहीं लोगों का कहना है कि यदि नकरोड़ में उप तहसील का कार्यालय खोला जाता है तो पेंतीस हज़ार की आबादी को इसका लाभ मिलेगा ।

**मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया जाएगा मुद्दा**

लोगों का कहना है कि यदि नकरोड़ में उप तहसील कार्यालय खोला जाता है तो इसका लाभ चांजू चरड़ा बघेईगढ़ थल्ली, गड़फरी, लेस्वी, भराडा, जसोरगढ़, दियौला, कल्हेल बंजलि चारोड़ी, रैला, हिमगरी, बनातार, आयल, चिह, चिल्ली इत्यादि को मिलेगा उपमंडल तीसा में जाने के लिए लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है कभी कभार तो लोगों को अपने रिश्तेदारों के ही यहां रुकना पड़ता है। लोगों ने सरकार से यही मांग रखी है कि जल्द से जल्द नकरोड़ में उप तहसील का कार्यालय खोला जाए।

वहीं पूर्व हज कमेटी के चेयरमैन हिमाचल सरकार दिलदार अली बट का कहना है की नकरोड़ एक चुराह का मुख्य बिंदु है जो की बीस से ज्यादा पंचायतों को आपस में जोड़ता है यंहा पर उप तहसील का कार्यालय खुलना अति आवश्यक है इनका कहना है की मुख्यमंत्री के समक्ष इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## 11 को 6 नई योजनाओं का होगा शुभारंभ : मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बिलासपुर के लुहणू मैदान में राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही विशाल रैली की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने जिला प्रशासन को इस रैली के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

रैली 11 दिसंबर को प्रातः 11 बजे आरंभ होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस रैली में 30 हजार से अधिक लोगों के भाग लेने की संभावना है। इस समारोह का आयोजन 'व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भर हिमाचल' थीम पर किया जाएगा। प्रशासन को निर्देश दिए कि सभी प्रबंध रैली में आने वाले लोगों की संख्या के अनुसार सुनिश्चित किए जाएं, ताकि किसी को भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन बिलासपुर को वाहनों की समुचित व्यवस्था करने तथा यातायात के सुचारू संचालन के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने रैली में आने वाले लोगों के लिए स्वच्छ पेयजल, शौचालय तथा खाद्य सामग्री की उचित व्यवस्था करने के भी निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर छह नई योजनाएं शुरू की जाएंगी, जिनमें राजीव गांधी स्टार्ट-अप स्वरोजगार योजना के तहत ई-टैक्सी, विधवाओं के बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, हिमाचल प्रदेश शिवा परियोजना, हिम भोग आटा, गोबर की खरीद योजना और प्राकृतिक रूप से उत्पादित मक्की की खरीद के लिए संबंधित किसानों को धन हस्तांतरण करना शामिल है।

## टीबी चैंपियन कर रहे लोगों को टीबी के खिलाफ जागरूक

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हर रोज गिर कर भी मुकम्मल खड़े हैं, ऐ जिन्दगी देख, मेरे हौंसले तुझसे भी बड़े हैं। ये पंक्तियां टीबी चैम्पियन के जज्बे और हिम्मत पर सटीक बैठती है, जिन्होंने टीबी जैसी बीमारी को हराकर रख दिया है। यूं तो टीबी की बामारी को लेकर आज भी लोगों को डर का माहौल बन जाता है। लेकिन जो इस बामारी को हराने के लिए अपनी हिम्मत को टूटने नहीं देते है। अंतिम जीत उन्हीं की होती है।

**शिमला में 1800 टीबी मरीजों में 90 फीसदी ने शुरू की नई जिंदगी**

शिमला जिला में 1800 के करीब टीबी के मरीज है। इनमें से 90 फीसदी मरीज टीबी को हरा कर नई जिंदगी जी रहा है। टीबी चैंपियनों ने अपनी हिम्मत नहीं हारी, इस वजह से अंत में बीमारी को ही हारना पड़ा। इन्हीं में से कुछ ऐसे टीबी चैम्पियन भी है जोकि अब समाज में टीबी के खिलाफ जागरूकता अभियान में अग्रणी भूमिका निभा रहे है। शिमला के लालपानी की रहने वाली निर्मला ने अपनी टीबी के खिलाफ लड़ाई को सांझा करते हुए कहा कि कुछ साल पहले टीबी हुई थी। शुरू के डेढ़ महीने तक तो मुझे इस बारे में पता ही नहीं था कि मुझे टीबी हो गया है। लेकिन मैंने हिम्मत नहीं हारी और टीबी की बीमारी से पूरी तरह ठीक हो गई। मेरे पति और घर के अन्य सदस्यों ने मेरा काफी साथ दिया जिससे मुझे हौसला मिलता रहा। मैंने सारा इलाज सरकारी अस्पताल में ही करवाया है। अब मैं लोगों को टीबी के बारे में जागरूक करती हूं।

भारत का टीबी मुक्त बनाने में हम सभी को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। मूलकोटी गांव की रहने वाली दीपिका ने बताया कि मुझे तीन बार टीबी हो चुका है। लेकिन तीनों बार ही टीबी को मैं हरा चुकी है। केल्टी गांव की रहने वाली निशा ने कहा कि अप्रैल 2024 में मुझे पता चला की मुझे टीबी हुआ है। लेकिन चिकित्सकों काफी प्रोत्साहित किया। उनके द्वारा दी गई दवाईयों से मैं टीबी को हराने में सफल रही है। क्यार कोटी की रहने वाली डिंपल ने बताया कि दो बार टीबी से ग्रसित हो चुकी हूं। लेकिन मैं दो बार टीबी से जीत चुकी हूं।

## जश्न समारोह की तैयारियों का लिया जायजा



**मंडी ।** दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही व बागवानी एवं राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी तथा अन्य कांग्रेस नेता बिलासपुर के लुहणू मैदान में कांग्रेस सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल पर मनाने वाले जश्न समारोह की तैयारियों का जायजा लेते हुए हुए। इसके साथ ही चमन राही ने बागवानी एवं राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी से कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। बता दें कि कांग्रेस सरकार के जश्न समारोह में चमन राही बहुत मेहनत कर रहे हैं और बिलासपुर में घर घर जाकर लोगों को समारोह में निमंत्रण दे रहे हैं।




### सूडोकु 0011

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

★★★★★ कठिन

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0010 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

10 दिसंबर, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** मार्गशीर्ष, **तिथि** दशमी (03:45 ), **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपद (01:31), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** व्यतीपात (10:02) **शुभ मुहूर्त :** अभिजित (11:53-12:34), **राहुकाल** (02:49 -04:07)।

### विशेष दिन

» 10 दिसंबर 2024 : उर्जा संरक्षण दिवस आज।

» 11 दिसंबर 2024 : श्री गीता जयंती कल।

**मेष:** कोई नया काम या रोजगार शुरू करने की सोच रहे हैं तो अवश्य करें, सफलता मिलेगी। कारोबार में लाभ से मन आनंदित होगा।

**वृषभ:** नक्षत्र आपको आर्थिक संघर्ष के बाद सफलता दिलाएंगे। कोई नया आर्डर अथवा कॉन्ट्रैक्ट मिलने की संभावना है। शत्रु बलहीन रहेंगे।

**मिथुन:** बुद्धि और चतुराई का लाभ आपको जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त होगा। प्रतिभा का पूर्ण लाभ ले सकेंगे। नई योजनाओं पर काम कर सकते हैं।

**कर्क:** आज वाणी और क्रोध पर नियंत्रण रखें। अनावश्यक वाद-विवाद से बचें। किसी कारण से मन बेचैन हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें।

**सिंह :** आज आपके पराक्रम और उत्साह में वृद्धि होगी और आपका मनोबल बढ़ेगा। लंबे समय से अटका काम आज पूरा कर सकते हैं।

**कन्या :** किसी बात को लेकर मन दुविधा में रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम रह सकता है। लेन-देन के कार्यों में सावधान रहें। आज किसी को उधार न दें।

**तुला:** ग्रहों का अच्छा संयोग बना है। आज प्रयास अथवा स्वयं कोशिश करने से प्रत्येक कार्य में सफलता मिलेगी। मंदिर या धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज खर्च की अधिकता रहेगी। मन को संयमित रखें नहीं तो कुछ अनावश्यक खर्च भी हो सकता है। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है।

**धनु :** मन प्रसन्न रहेगा। किसी प्रिय व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। मंदिर या तीर्थस्थल की यात्रा कर सकते हैं। काम-काज में रुचि रहेगी।

**मकर :** आपके लिए आज का दिन उत्साहवर्धक है। आप ऑनलाइन खरीदारी कर सकते हैं। घर में सुख के साधन बढ़ेंगे। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** आज धर्म-कर्म में आपकी रुचि रहेगी। दिन का आरंभ आध्यात्मिक चिंतन से हो सकता है। समाज में मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी।

**मीन:** आज आपको किसी प्रकार का जोखिम लेने से बचना चाहिए। महत्वपूर्ण कार्यों को ध्यान से करें, नहीं तो बाद में परेशानी होगी।

**सेवा** छोटी है या बड़ी, इसकी कीमत नहीं है। किस भावना से, किस दृष्टि से वह की जा रही है, उसकी कीमत है। -विनोबा भावे

## संपादकीय

# महिलाओं का उत्थान


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के पानीपत से देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी की नई बीमा सखी योजना लांच कर ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका के नए अवसर पैदा करने का मौका दिया है। यह योजना भारत के वंचित क्षेत्रों में इंश्योरेंस की पहुंच बढ़ाने में भी मददगार साबित हो सकती है। खासतौर पर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लाई गई यह योजना कई मायनों में अनूठी है। योजना के तहत महिलाओं को एलआईसी एजेंट बनने की पूरी ट्रेनिंग दी जाएगी और उन्हें 5,000 रुपए से लेकर 7000 रुपए भी हर माह दिए जाएंगे। देखा जाए तो बीमा सखी योजना महिलाओं के लिए बहुत लाभदायक होने वाली है। यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई है। इसके तहत महिलाओं को बीमा एजेंट के रूप में काम करने का अवसर मिलेगा, जिससे वे अपनी आमदनी बढ़ा सकती हैं। महिलाओं के लिए जहां स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे, वहीं उनको अपनी पसंद के अनुसार काम करने का मौका भी मिलेगा। योजना महिलाओं के लिए लचीला कार्यक्षेत्र भी मुहैया करवाने वाली है।

महिलाएं अपने समय और सुविधा के अनुसार काम कर सकती हैं। वित्तीय स्वतंत्रता से महिलाएं अपने आपको आर्थिक रूप से मजबूत बनाएंगी। योजना के तहत दी जाने वाली मासिक सैलरी और कमीशन महिलाओं के लिए आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने की ओर अच्छा कदम साबित हो सकता है। प्रशिक्षण और कौशल विकास के मौके भी मिलेंगे। निश्चित रूप से यह योजना महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि उन्हें समाज में एक नई पहचान भी देगी। वैसे भी मोदी सरकार महिलाओं के लिए काफी संवेदनशील है। इस सरकार ने महिलाओं के लिए काफी कुछ किया है। सरकार ने महिलाओं की बेहतरी के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मोदी सरकार के अलावा विभिन्न राज्यों ने भी महिलाओं के लिए काफी कुछ सोचकर रखा है। सरकार की योजनाओं में सबसे पहले नाम आता है मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना। दिल्ली सरकार की इस योजना के तहत 18 साल और इससे ज्यादा उम्र की महिलाओं को राज्य सरकार की तरफ से हर महीने 1,000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। मिशन शक्ति उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना का मकसद महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को बढ़ावा देने के साथ ही उन्हें सशक्त बनाना है।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना भी उत्तर प्रदेश सरकार की काफी प्रसिद्ध योजना है। इस योजना का लक्ष्य लैंगिक असमानता और महिलाओं के साथ भेदभाव खत्म करना है। निर्भय-एक पहल प्रोग्राम उत्तर प्रदेश सरकार ने अलग से चला रखी है। इस योजना में 75,000 महिलाओं को सरकारी बैंकों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। कन्या उत्थान योजना बिहार सरकार की योजना है। इस योजना के तहत सरकार की तरफ से लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हिमाचल सरकार ने भी महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। मुख्यमंत्री कन्या दान योजना के तहत गरीब परिवारों की बेटियों की शादी के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना महिलाओं के प्रति गिरते बाल लिंग अनुपात के प्रकाश में बालिकाओं के संरक्षण और अस्तित्व को सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई है। महिला सशक्तिकरण योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए है। इस योजना के तहत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम और योजनाएं शुरू की गई हैं।

उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान किया जाता है। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बेटियों के नाम पर एक बचत खाता खोला जाता है, जिसमें अभिभावक अपनी बेटी के नाम पर राशि को जमा कर सकते हैं। इसके अलावा, अलग-अलग राज्यों की सरकारों ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए और भी कई अन्य योजनाएं भी शुरू की हैं, जैसे कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना और महिला ई-हाट योजना। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाना है। सरकार की इन योजनाओं का महिलाओं पर बहुत ही सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और महिलाएं अपने आपको पुरुषों के समान समझकर गौरवान्वित हो रही हैं। उम्मीद है भविष्य में देश में महिलाओं के कल्याण के लिए और भी कई अच्छी योजनाएं लांच होंगी।

# किसान और आधी आबादी को साथ लिए बगैर विकास पूरा नहीं होगा





लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, कृषि विवि पालमपुर

वैसे भारत आबादी के मामले में दुनिया का पहला देश बन रहा है अभी जनगणना तो नहीं हुई है सिर्फ आंकड़ों में कहा जाता है भारत 150 करोड़ जनसंख्या वाला देश है, जहां सबसे ज्यादा युवा है जो भारत की तस्वीर बदल देंगे। यह नारा मंचों से बहुत सुना जाता है, परंतु सच्चाई तो कुछ और है जो सब नहीं जानते हैं। फटे पुराने कपड़े पर तहबन लगा कर फैशन का नाम दिया जाता है कि यह नया फैशन है उसी तरह भारत में विज्ञापन से विकास का नया माडल दिया जाता है। नई शिक्षा नीति लागू है पर अधिकांश स्कूलों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में पढ़ा रहे लोगों को समझ में नहीं आया है कि यह कौन सी शिक्षा नीति है डिग्री बांटने की। अब यहां भारत युवा देश है यानी यहां दुनिया के सबसे ज्यादा युवा रहते हैं। पर यह नहीं बताया जाता है कितने युवाओं को स्थायी सरकारी या गैर सरकारी रोजगार हर साल दिया जाता है। आज का युवा दिग्भ्रमित है वहीं जानकार भी है अपने देश के युवा भारत के बाहर भी नाम किए है। विशेष रूप से तकनीकी व चिकित्सा क्षेत्रों में दुनिया के हर देश में भारतीय युवा है। यह दूसरे तरह से कह सकते हैं कि ब्रेन ड्रेन हमारे देश का तेजी से हो रहा है जिस पर मंथन कोई सरकार नहीं करती है। हमारे यहां द्वितीय श्रेणी का ब्रेन रह जाता है। वह भी आरक्षण के चक्रव्यूह में फंसकर जो कुछ है वह भी पीस जाता है। आरक्षण अब देश के विकास में बांधा तो है सरकारी नौकरी में ब्रेन नहीं आरक्षण है। जिसके कारण देश को चिकित्सा विज्ञान तकनीकी में जितना आगे बढ़ना चाहिए, दुनिया में उतना बढ़ नहीं पा रहा है।

इसी कारण भारत आज दुनिया में विकासशिल राष्ट्र की श्रेणी में ही है विकसित भारत नहीं बन पा रहा है। जिस तरह से पढ़े लिखे युवाओं का ब्रेन ड्रेन हो रहा है उसी तरह से किसानों का भी खेत से ड्रेन शुरू हो गया है। आज किसान का जो खेत से कृषि से ड्रेन हो रहा उसको किसान और विपक्ष का नेता जनता नहीं समझ पा रही कारण कि किसान सम्मान निधि में किसानों फंसा दिया है कि किसान अपने साथ हो रहे सरकारी लूट की ओर देखन सके जैसे पहले यूरिया डीएपी फास्फोरस के खाद से सब्सिडी समाप्त फिर हर खाद से पांच किलो सरकार ड्रेन कर रही है। किसान समझ रहा सरकार किसान निधी देकर किसानों का सम्मान कर रही है। यह धोखा है किसानों के साथ। फिर किसानों के हित की नीति नहीं वोट हित की कृषि नीति दस साल में बनी है जैसे सांसद गांव गोद योजना, अपना खेत अपनी मिट्टी। सिंचाई की व्यवस्था जैसे नहरों को और सरकारी ट्यूबवेलों को बंद कर रही है। किसान निजी बोरिंग कराए बिजली का बिल लूट का बिल भरें। हर तरह से किसानों को लूटोको नीति है। बीस साल बाद ट्रैक्टर नहीं चलने देंगे। यह सब किसान समझ पाया या नहीं। हर सरकार की नीति आयात की नीति रही है उत्पादन और निर्यात नहीं। तकनीकी खुद की विकसित नहीं तकनीकी आयात आज भी हो रहा है।

जब कि देश 75वां साल संविधान का मना रहा है। अब भारत में बात यह करना होगा कि 150 करोड़ की जनसंख्या को भोजन कैसे मिले वह भी पोषक तत्वों से भरपूर हो और शुद्ध हो जहर न हो पर बढ़ती आबादी के लिए यह चुनौती बन रहा है। सरकारें सोच नहीं रही है। शहरों का विस्तार कृषि भूमि पर हो रहा है और कृषि भूमि कम होती जा रही है। कुछ प्रदेशों में प्रति हेक्टेयर उपज जितना मिलना था वह हर तरह की तकनीकी का प्रयोग करके मिल चुका है। उससे ज्यादा नहीं मिलेगा कारण कृषि भूमि जहरीली पानी जहरीला वायु जहरीली है देश में इस पर नए सिरे से विचार करना होगा जल जमीन वायु बचाया कैसे जाए। कोविड 19 की तरह सब बंद करके केवल खेती तो नहीं हो सकती है यह कैसे संभव हो सकता है। भारत में 75 प्रतिशत आज भी किसान है जो खेती में लगे हैं, परंतु नई युवा पीढ़ी खेती में रुचि नहीं ले रही है। कारण कि किसानों के उत्पाद को खरीदने की देश में सरकारी नीति नहीं संरक्षण नहीं। खेती में मजदूर लगेगा तो उसके लिए, सरकार न्यूनतम मजदूरी कानून बनाया है पर एक मजदूर आठ घंटे में कितना काम करेगा यह नियम नहीं है। काम कम तो मजदूरी कम का प्रावधान नहीं है। कृषि यंत्रों बीज, खाद, दवा पर फैक्टरी का नियंत्रण है वह खुद दाम निश्चित करके बेच रहे हैं, लेकिन किसान अपनी उपज का दाम नहीं लगा सकता है। किसानों में खुशहाली या किसानों की तरक्की के बिना देश से गरीबी और कुपोषण के अभियान को सफलता नहीं मिल सकती है।

नीति आयोग का मानना है कि कृषि में निवेश को बढ़ाने से ही देश से गरीबी को दूर किया जा सकता है। कृषि के क्षेत्र में जितना निवेश बढ़ायेंगे उसके गुणात्मक अनुपात में गरीबी कम होंगी। दुनिया का हर देश यह मानता है कि कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ने से गरीबी व कुपोषण कम होगा। पिछले 14 साल से सरकार ने गरीबी को कम करने के लिए बहुत से कारगर कदम उठाया है, परंतु सार्थक परिणाम नहीं मिल पाया है। यहां तक कि कोविड 19 के बाद मुफ्त अनाज योजना से दुनिया में यह संदेश जार हा है कि भारत में अभी भी अस्सी करोड़ ऐसे लोग हैं जो सरकार की मुफ्त राशन योजना पर जिंदा है। ऐसे लोग अनाज खरीद कर खा ने में असमर्थ हैं जिससे देश विश्व में कुपोषण में निचले पायदान पर हैं, लेकिन कोविड 19 को देखने के बाद भी सरकार कृषि क्षेत्र में कोई खास ध्यान नहीं दे रही है। इसी का परिणाम है कि हमारे देश में किसानों की आय न्यूनतम स्तर पर है। कृषि की उपेक्षा के कारण ही पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, यूपी, एमपी, तमिलनाडु के किसान सड़क पर आंदोलन आज भी कर रहे हैं। छोटी जोत होने के कारण खेती अब लाभदायक नहीं जिसके कारण किसान खेती छोड़ कर शहरों में मजदूरी के लिए पलायन कर रहा है। आंकड़ों को देखा जाए तो दस साल में केवल 1.6 करोड़ रोजगारों का सृजन हुआ है जब कि 18 करोड़ रोजगार का सृजन होना चाहिए था। वर्तमान सरकार का सबका साथ सबका विकास के नारे पर अमल किया जाए, तो इसमें किसान भी आता है। अगर इस अभियान में गरीबी कुपोषण को समाप्त करने का संकल्प शामिल हो जाए, तो बहुत अच्छा रहेगा। यदि देश का किसान समृद्ध होता है तो गरीबी भी मिट जाएगी। इससे देश की अर्थव्यवस्था का विकास भी तेज गति से होगा। जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। कृषि में महिलाओं की भागीदारी भी आज भी अस्सी प्रतिशत है, परंतु उनके इस श्रम को विकास में कभी नहीं जोड़ा जाता न ही देश की आय में। कृषि श्रम सस्ता और सरल हो किसान और किसान के साथ उसकी पत्नी या परिवार में उसके लड़के का बीमा हो। बीमा की राशि सरकार ही वहन करें। किसी भी तरह से मृत्यु होने पर बीमा की पूरी राशि का समय पर भुगतान हो। कृषि में यह निवेश निश्चित ही देश में रोजगार बढ़ाने में मददगार होगा तथा युवा पीढ़ी और आबादी कृषि को व्यवसाय के रूप में अवश्य अपनाएगी। कृषि लाभकारी होगी तभी देश विकसित राष्ट्र बनेगा। गरीबी व कुपोषण कम होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## नजरिया

# बुजुर्ग परिवार के लिए आशीर्वाद, वृद्ध आश्रम में न भेजें



लेखिका: रेखा चंदेल
बिलासपुर

परिवार को आशीर्वाद होते हैं बड़े बुजुर्ग। आपको इन्हें नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। आशीर्वाद के रूप में! बड़े बुजुर्ग परिवार में रहे तो गौरवशाली बात है। कई परिवारों में बड़े बुजुर्गों का स्वभाव आयु के अनुसार बदल जाता है। पर हम कभी नहीं जान पाए कि इनको क्या हुआ है? जिस वजह से न तो वह खुद परेशान होते हैं बल्कि परिवार का माहौल भी खराब होने लगता है।

उम्र के साथ शरीर में कई बदलाव आते हैं, जिनका उनकी मानसिक स्थिति पर प्रभाव पड़ता है। वह अक्सर चिड़चिड़ा हो जाते हैं। आप उस उम्र में अगर उनको नजर अंदाज करेंगे उनका ध्यान नहीं रखेंगे तो वह दिन-प्रतिदिन अंदर से टूट जाएंगे और अपना मानसिक संतुलन भी खो देते हैं, लेकिन उम्र के उस पर पड़ाव पर उनका ध्यान देंगे, तो वह शायद इस स्थिति में आपका साथ देंगे। कोई भी कदम उठाने से पहले आप उनसे बैठ कर बात करेंगे और उनको जानने की कोशिश करेंगे कि क्यों वह बदलाव में आ रहा है। किसी परेशानी से वह जूझ रहे हैं उनकी भावनाओं को समझने की कोशिश करें। आप उन्हें अपने अनुभवों और अपनी समस्याओं को उनके साथ सांझा करें, उन्हें भी मौका दें कि हमें यह समस्या है खुद को परिवार से अलग न समझे न उन्हें कोई अकेलापन महसूस हो। अमूमन स्वभाव में बदलाव आने की सबसे बड़ी वजह है कि उनकी बातों को अनसुना व नजर अंदाज किया जाता है।

परिवार में बड़े बुजुर्ग इस उम्र में अपनी जिम्मेदारियों से आजाद हो जाते हैं और अब वह अपने वक्त को बिताने के लिए परिवार का साथ चाहते हैं। उनके साथ कोई बैठे, उनसे किस्से सुने, जो जीवन में उन्होंने अपने अनुभव किए हैं उनके अनुभवों का वह आदर करें। मगर परिवार के अन्य सदस्य अपने कामों में इतनी व्यस्त होते हैं और उन्हें इन बुजुर्गों के पास बैठने का टाइम नहीं होता। जब आपको लगे कि वह बदल रहे हैं दिन प्रतिदिन उनका बर्ताव अलग होता जा रहा है, तो परिवार के अन्य सदस्यों को धैर्य से काम लेना चाहिए। आपकी पीढ़ी व उनकी पीढ़ी में बहुत फर्क है तो उनको नजर अंदाज न किया जाए, बल्कि उनकी बातों को महत्व दिया जाए। विचारों को सुना जाए, उनकी भावनाओं को सम्मान दिया जाए, उनका घर में होना बहुत महत्वपूर्ण है यह उनको एहसास दिलाए। उम्र बढ़ने के साथ-साथ बुजुर्गों में बहुत बदलाव आता है चाहे वह शारीरिक देख लो, चाहे मानसिक देख लो, जिससे वह झुझते हैं। इसलिए उनकी बातों को ध्यान से सुना जाए।

उनके साथ सहानुभूति दिखाई जाए, उन्हें खुशी का एहसास दिलाया जाए और उनके साथ नरमी से पेश आया जाए। आप घर की सभी समस्याओं में अपने बड़े बुजुर्गों को शामिल करो उनके मनपसंद कार्य करो। उनके स्वभाव में नमी से पेश आओ, जिससे वह मानसिक और शारीरिक रूप से अच्छा महसूस करें, क्योंकि बड़े बुजुर्ग हमारी जिम्मेदारी से लेकर एक परिवार के लिए आशीर्वाद के रूप में अपनी भूमिका निभाते हैं।

आज हम देखते हैं कि इस सोशल मीडिया में दिखावा ज्यादा आ रहा है। आज हम देखते हैं कि हजारों संस्थाओं में घर के बुजुर्गों को वृद्ध आश्रम में भेज दिया जाता है। कितनी शर्म की बात है? कि जिन्होंने हमें बड़ा करके जीवन की हर राह दिखाई उन्हीं को अपने से जुदा कर रहे हैं क्यों? हमारे घर बड़े बुजुर्ग सिर्फ इस उम्र में प्यार, समय और थोड़ी सी देखभाल के अलावा कुछ नहीं चाहते। वह अब बच्चे हैं आयु के उसे उम्र के उसे पड़ाव पर है जिसमें सिर्फ वह आप पर निर्भर है। बस उन्हें प्यार और आदर दे और अपने परिवार की शोभा उन्हीं से बनाएं, वह हमारे लिए पूज्य हैं वह हमारे लिए आशीर्वाद है वह हमारी जिम्मेदारी के साथ-साथ घर पर बना हुआ आशीर्वाद हैं।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)



## अपनी बात

**बहुत** से राज्यों में बारिश न होने के कारण गेहूं, और सब्जियों की पैदावार पर संकट छा रहा है। इसमें कुछ राज्य तो शत-प्रतिशत बारिश पर ही निर्भर हैं। कुछ महीने पहले देश को कृषि क्षेत्र की ओर एक कदम और आगे बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने ऐसी लगभग 109 उन्नत किस्मों के बीजों को जारी किया जो जलवायु परिवर्तन, अधिक उपज और जैविक कृषि को बढ़ावा देने वाले हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का यह बहुत ही अच्छा प्रयास रहा कि इसने ऐसी फसलों के बीजों को विकसित किया। सबसे बड़ी बात यह मानी जा सकती है कि कृषि विशेषज्ञों ने धान के ऐसे बीज विकसित किए जो लगभग 20 प्रतिशत कम पानी में तैयार होंगे। जलवायु परिवर्तन के अनुसार कृषि की जानी चाहिए।

राजेश, भड़वाल

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

**प्रफुल्लचंद** चाकी का नाम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है। इन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। क्रांतिकारी प्रफुल्ल चाकी का जन्म उत्तरी बंगाल के एक गांव में हुआ था। विद्यार्थी जीवन में प्रफुल्ल का स्वामी महेश्वरानंद द्वारा स्थापित गुप्त क्रांतिकारी संगठन से परिचय हुआ। इसी बीच बंगाल का विभाजन हुआ जिसके विरोध में लोग उठ खड़े हुए। विद्यार्थियों ने भी इस आंदोलन में आगे बढ़कर भाग लिया। कक्षा 9 के छात्र प्रफुल्ल आंदोलन में भाग लेने के कारण स्कूल से निकाल दिए गए। इसके बाद ही उनका संपर्क क्रांतिकारियों की 'युगांतर' पार्टी से हो गया। सरकार ने किंग्सफोर्ड के प्रति लोगों के आक्रोश को भांपकर उसकी सुरक्षा की दृष्टि से उसे सेशन जज बनाकर मुजफ्फरपुर भेज दिया, पर दोनों क्रांतिकारी भी उसके पीछे-पीछे पहुंच गए। किंग्सफोर्ड की गतिविधियों का अध्ययन करने के बाद उन्होंने 30 अप्रैल, 1908 को यूरोपियन क्लब से बाहर निकलते ही किंग्सफोर्ड की बग्घी पर बम फेंक दिया। प्रफुल्ल ने समस्तीपुर पहुंच कर कपड़े बदले और टिकट खरीद कर ट्रेन में बैठ गए। दुर्भाग्यवश उसी डिब्बे में पुलिस सब-इंस्पेक्टर नंदलाल बनर्जी बैठा था। बम कांड की सूचना चारों ओर फैल चुकी थी। इंस्पेक्टर को प्रफुल्ल पर कुछ संदेह हुआ। उसने चुपचाप अगले स्टेशन पर सूचना भेजकर चाकी को गिरफ्तार करने का प्रबंध कर लिया।



प्रफुल्लचंद चाकी
जन्म : 10 दिसंबर, 1888
मृत्यु : 1 मई, 1908

# पाकिस्तान की राह पर चलता बांग्लादेश यानी पूर्वी पाकिस्तान



लेखक : डॉ. अतुल वैभव
असिस्टेंट प्रोफेसर




पिछले कई महीनों से बांग्लादेश में लाखों हिंदुओं के साथ अत्याचार और कत्लेआम हो रहा है और आज न तो संयुक्त राष्ट्र संघ कुछ बोल रहा है, न यूरोपीय संघ और न ही जी-7। कहां है अमेरिका और दुनिया के वो तमाम मुल्क जिन्हें फिलिस्तीन और गाजा पट्टी के अल्पसंख्यकों की स्थिति तो दिखाई देती हैं, परंतु आज जब बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ बर्बरतापूर्ण घटनाएं हो रहीं हैं तब सभी ने चुप्पी साधी हुई है। जैसे किसी को कुछ दिख ही नहीं रहा।

जो फिलिस्तीन और गाजा की घटनाओं पर गला फाड़-फाड़ कर चिल्लाते नहीं थकते हैं। आज वो सब के सब चुप्पी साधे हुए हैं। आज बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर बर्बरतापूर्वक हमले किए जा रहे हैं, हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित करके सड़कों पर फेंका जा रहा है, मंदिरों पर हमले करके उन्हें नेस्तनाबूद किया जा रहा है। हिंदू संत एवं पुजारियों को निशाना बनाया जा रहा है और उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है।

बच्चियों एवं महिलाओं के साथ बलात्कार किया जा रहा है, उनके साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार किया जा रहा है तथा बर्बरतापूर्ण उनकी हत्या की जा रही है। उन्हें जबरन घर से निकाल-निकाल कर उनके साथ कुकृत्य किया जा रहा है। आज आलम यह है कि वहां के हिंदू छुप-छुप कर जीने और अपनी जान बचाने को विवश हैं। ये सब उस मुल्क में हो रहा है जो इस्लामिक राष्ट्र पाकिस्तान से खुद को अलग करके एक धर्म और पंथ निरपेक्ष बांग्लाभाषी राष्ट्र बना था और आज वही राष्ट्र अपने बंगाली समुदाय के लोगों के ऊपर कत्लेआम मचा रहा है और उन्हें अब हिंदू के रूप में विभाजित कर उनको समाप्त करने को आतुर है और पाकिस्तान की तरह इस्लामिक मुल्क बनने की राह पर अग्रसर है। जिस बांग्लादेश में पांच दशक पहले हिंदुओं की आबादी 22 प्रतिशत से भी अधिक थी आज वह घट कर के 7 प्रतिशत तक हो गयी है, जो एक तिहाई से भी कम है।

विगत साढ़े सात दशकों से पाकिस्तान में हिंदुओं के साथ जो हुआ उसे सभी हिंदू भली भांति जानते हैं और आज पूर्वी पाकिस्तान भी उसी रास्ते पर है। जिस पाकिस्तान में आजादी के समय हिंदू आबादी लगभग 15 फीसदी थी आज वहां 2 फीसदी से भी कम हिंदू बचे हैं और अब यही बांग्लादेश में भी वहां की यूनुस सरकार कट्टरपंथी ताकतों के साथ मिलकर कर रही है। आज बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ जो नरसंहार किया जा रहा है उसके खिलाफ देश के कोने-कोने में लाखों लोग सड़कों पर उतर आए हैं। भारत में पहली बार हिंदुओं का इतना बड़ा जनसैलाब सड़कों पर उतरा है। जब से शेख हसीना को सत्ता से हटाया गया तब से बांग्लादेश में वहां के अल्पसंख्यकों के ऊपर खास करके हिंदुओं के ऊपर हजारों बर्बरतापूर्ण हमलों हो चुके हैं और आज भी हो रहे हैं। बीते 5 अगस्त को वहां की सेना ने जब शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़ने को मजबूर किया उसके बाद से चार महीने से भी अधिक समय बीत चुका है।

यूनुस सरकार के इन फैसलों से पता चलता है कि पूर्वी पाकिस्तान का दक्षिणी पाकिस्तान के प्रति प्रेम कितना बढ़ता जा रहा है। आज बांग्लादेश में एक अंतरिम सरकार, पूर्व की लोकतांत्रिक सरकार द्वारा लिए गए फैसलों को तेजी से बदल रही है। अगर समय रहते वहां की यूनुस सरकार और कट्टरपंथी ताकतों को नहीं रोका गया तो आने वाले समय में स्थिति और भी बदतर हो सकती है। इसलिए भारत सरकार को जल्द से जल्द कुछ बड़ा कदम उठाना चाहिए और वहां के कट्टरपंथी समर्थित सरकार को बड़ा संदेश देना चाहिए। साथ ही वहां के हिंदुओं को भी एक संदेश दिया जाए कि भारत के हिंदू ही नहीं, बल्कि सरकार भी उनके लिए चिंतित है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## कविता



राज कुमार कौंडल

### शहर से गांव

*कंकरीट के बुर्जों पर फूलदान सजाते हो,*
*गांव की गलियां कमाने के फेर में भूल जाते हो,*
*कागज के फूलों से कहां मिलेगी सुकून-ए-खुशबू,*
*वो गलियां तुम्हें फिर बुला रहीं हैं तुम आओ तो।*
*सरसराती पत्तियां भी कुछ कहती हैं सुनो तो,*
*प्यार से तुम्हें बुलाती हैं तुम कभी आओ तो,*
*जन्नत का नजारा होता इनकी मौजूदगी में,*
*फुरसत में इस जन्नत में कभी घूमकर आओ तो।*
*गांव की पगडंडियां भी कुछ कहती हैं सुनो तो,*
*इन पर चला बचपन का हर कदम भूल जाते हो,*
*सूने हो गए चौपाल, इनको फिर सजाओ तो,*
*इनकी सूनेपन की सिसकियां दिल से सुनो तो,*
*ये आज भी सबको बाहें खोले बुला रहे हैं,*
*प्रेमगंगा बहा देंगे ये तुम शहर से गांव आओ तो।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**


# पाठकों के पत्र...

**लोकप्रिय** समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' को पढ़कर हर दिन मन को संतुष्टि मिलती है। समाचार पत्र के संपादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित ज्ञानवर्द्धक लेखों समेत सभी पृष्ठों पर छपी खबरें पाठकों को प्रदेश, देश व दुनिया में घटित हो रहे घटनाक्रमों की सटीक जानकारी देती हैं। समाचार पत्र में समाचार संयोजन एवं चयन काबिलेगौर है। अखबार में बेहतरीन लेआउट के साथ खबरों का चयन और प्रस्तुतिकरण सूझबूझ और निष्पक्ष तरीके से किया जा रहा है। साहित्यिक पृष्ठ यथासंभव निकालने का प्रयास समाचार पत्र के प्रचार-प्रसार हेतु अवश्य सहायक होगा।



**शुभकामनाओं सहित**
**वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन**
**सेवानिवृत्त प्रवक्ता**
**लोअर अरनियाला, ऊना**
**9417280333**

**दैनिक** अनंत ज्ञान समाचार पत्र पाठकों को स्टीक और त्वरित जानकारियां पहुंचाने का कार्य कर रहा है। हम आपकी अखबार और टीवी चैनल के माध्यम से प्रदेशभर की खबरें पढ़ते आ रहे हैं। आपके द्वारा दी गई सारी जानकारी हमारे लिए बहुत उपयोगी रहती है। खबरों के अलावा हिमाचल की कला और संस्कृति को उजागर करने की पहल सराहनीय है। बेहतरीन लेआउट के साथ खबरों का चयन और प्रस्तुतिकरण सूझबूझ तरीके से किया जा रहा है। यह अनुभवी टीम और बेहतर प्रबंधन से ही संभव है। पारदर्शिता का प्रकाशन, शब्दों में सुशासन, संवाददाताओं का अपने कर्म के प्रति अनुशासन ही अनंत ज्ञान है। सभी पाठकों को पर्दे के पीछे कार्यरत सहभागियों को मेरा साधुवाद।



**अश्वनी शर्मा**
**सोलन**
**98160-02477**

**मैं** ऊना जिले के धुंदला ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में जंगली जानवरों की समस्या विकराल हो चुकी है। मक्की और गेहूं की प्रमुख फसलें होती हैं, लेकिन कुछ मौसम की मार और रही कसर लावारिस जानवरों द्वारा पूरी कर दी जाती है। हालांकि बंदरों की समस्या के लिए वन विभाग द्वारा प्रयास किया जाता है, लेकिन समस्या का पूरा हल नहीं हो पाता है। इलाके में वाहनों की ओवर स्पीड, नशाखोरी, अवैध खनन और वन माफिया की समस्या भी प्रमुख है।

पुलिस ने पिछले कुछ समय से काफी हद तक इसको नियंत्रित करने में सफलता पाई है। यहां कृषि के कार्य से जुड़े लोग भी अधिक हैं। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं, इसलिए किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। अखबार की प्रति लेने के लिए लोगों को बंगाणा एजेंसी भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो ननावीं, बंडा, सराय, डोहगी, जखोला, भुगड़ियान आदि क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। जो साथ के गांव हैं वहां भी जंगली जानवरों की वजह से किसानों की फसलों का भी नुकसान होता है। कुछ योजना इनके लिए भी बनाई जानी चाहिए। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।



**योगराज**
**धुंदला, ऊना**
**94189 46405**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
**Email : editoranantgyaan@gmail.com**
**Whatsapp no. : 88945-21702**


अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए, बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सरकार ने दो साल के कार्यकाल में किए बेहतर कार्य : नरेश



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** प्रदेश सरकार के दो साल के जश्न में नाचन हल्के से एक हजार से अधिक कार्यकर्ता जाएंगे। नाचन विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे नरेश चौहान ने कहा कि सरकार ने अपने दो साल के कार्यकाल में बेहतर कार्य किए हैं। तमाम चुनौतियों के बावजूद प्रदेश की सुक्खू सरकार जनता की कसौटियों पर खरी उतरी है। सरकार के दो साल के इस जश्न में प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में पहुंच रहे हैं। नाचन से दो साल के जश्न में 18 बस और करीब 60 निजी वाहनों में कार्यकर्ता रवाना होंगी। उन्होंने कहा कि हर बूथ अध्यक्ष, पंचायतों के वर्तमान प्रधान और पूर्व प्रधानों भी उनके संपर्क में हैं जहां इसके अतिरिक्त वाहनों की आवश्यकता होगी वहां व्यवस्था कर दी जाएगी। इसके अतिरिक्त महिला शक्ति भी सरकार के जश्न में शामिल होगी इसके लिए कांग्रेस के समस्त संगठनों की पदाधिकारी महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि संगठन की दृष्टि से आब्जर्वर 20 दिसंबर को नाचन विधानसभा के दौरे पर रहेंगे। इसको लेकर चैलचौक में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक रखी गई है। इस बैठक में नाचन हल्के की हर पंचायत से कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे और ऑब्जर्वर के साथ बातचीत कर संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा करेंगे।

### महाविद्यालय के प्राचार्यों ने किया गोद लिए स्कूलों का दौरा



**अनंत ज्ञान, पधर।** राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला के प्राचार्य डॉ. कल्याण चन्द के नेतृत्व में कॉलेज प्राचार्यों की टीम ने गोद लिए विद्यालयों का दौरा कर शिक्षकों व बच्चों से मिले। इस दौरान उनके साथ डॉ. संजय सेहगल, डॉ. ममता परमार, डॉ. बांदना देवी, प्रो. चंद्र पाल और प्रो. सुरेश कुमार ने स्कूल के प्रधानाचार्य और अन्य शिक्षकों से मुलाकात की और समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### जोगिंद्रनगर के लक्ष्मी बाजार में लगे बैरिकेड्स टूटे

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर पुलिस विभाग ने लक्ष्मी बाजार क्षेत्र में बढ़ते जाम की समस्या से निपटने के लिए सड़क के बीच शंकुकार बेरिकेट्स लगाए थे। इन बैरिकेड्स का उद्देश्य वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करना और जाम की स्थिति को कम करना था। लेकिन, सड़क पर वाहन चालकों द्वारा तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने के कारण बेरिकेड्स टूटकर दो हिस्सों में गिर गए, जिससे यातायात में और भी अव्यवस्था फैल गई। स्थानीय लोग इस घटना पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों से उचित कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।



### बारिश न होने से किसान हुए मायूस

**भीम बसेड़ू, महादेव।** रविवार को एक बार फिर बादल काली गहरी हालत में आए तो जरुर मगर किसानों की आशाओं के अनुरूप न बरस कर केवल बूंदाबांदी कर छंट गए और इस तरह साफ हुए मौसम ने किसानों की आशाओं पर पानी फेर दिया। यह हैरान करने वाली बात है कि जिस मार्गशीर्ष माह में व्यापक जल बरसाने से अपने पांव पीछे खींचकर देवभूमि का मौसम अपना बोरिया बिस्तर समेट ले जा रहा हो तो ऐसी स्थिति में कृषि क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित नहीं होगा तो और क्या होगा। भले ही भीगे-भीगे मौसम की भविष्यवाणी कुछ हद तक सही साबित हुई तो जरुर मगर जिस प्रकार बदले मौसम चक्र की बेरुखी ने इस बार भी गरज के साथ छींटे ही डाले उन्हें प्यासी धरती के लिए ऊंट के मुंह में जीरा जितना ही कहा जाएगा जिससे सूखी जमीन एवं रास्तों की धूल-मिट्टी भी नम नहीं हुई।

### बाग गांव में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल धर्मपुर की ग्रौडू पंचायत के बाग़ गांव में एक 19 वर्षीय युवक द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक मृतक अक्षय कुमार गांव बाग डाकघर गरौडु उप तहसील टिहरा ने अपने घर के कमरे में पंखे की कुंडी से लटककर आत्महत्या कर ली। वहीं इस घटना पर लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। पुलिस चौकी टिहरा के प्रभारी एएसआई सुनील कुमार की अगुवाई में मृतक के शव का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल सरकाघाट में करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। खबर की पुष्टि डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद ने की है। उन्होंने बताया कि घरवालों पर किसी प्रकार का संदेह नहीं है बाकी छानबीन जारी है।

### चोरों से 7 लाख के आभूषण और बाइक बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बीते 5 दिसंबर को पुलिस थाना बल्ह में एक चोरी का मामला सामने आया था जिसपर मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में बल्ह पुलिस थाना की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी की पहचान करके पुलिस द्वारा 48 घंटों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा चोरीशुदा आभूषणों, जिनकी कीमत लगभग 7 लाख रुपए है उसको बरामद कर लिया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस थाना सदर में एक मोटरसाइकिल के चोरी होने पर भी मामला दर्ज किया गया था जिसमें पुलिस द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार करके चोरीशुदा मोटरसाइकिल को रूप नगर, पंजाब से बरामद कर लिया गया है। वहीं एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि मंडी पुलिस जनता की सुरक्षा हेतु सदैव प्रतिबद्ध है।

### कद के अनुसार बयानबाजी करें बल्ह विधायक : चमन राही

**अनंत ज्ञान, मंडी।** दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने बल्ह विधायक पर पलटवार करते हुए कहा कि बल्ह विधायक बताएं कि उन्होंने बल्ह में क्या काम करवाए। चमन राही ने कहा कि बल्ह का विकास कांग्रेस की देन है। मुख्यमंत्री सुक्खविंद्र सिंह सुक्खू पर टिप्पणी करना बल्ह विधायक को शोभा नहीं देता, क्योंकि उनका कद इतना बड़ा नहीं है कि वह मुख्यमंत्री पर टिप्पणी करें। चमन राही ने ऐलान करते हुए कहा कि वर्ग परिषद बल्ह विधानसभा में प्रचार करेगा और बल्ह विधायक की नाकामयाबी को घर घर तक पहुंचाएगा। लोगों को ठग कर चुनाव जीते बल्ह विधायक अधिक समय तक लोगों को गुमराह नहीं कर पाएंगे, क्योंकि वर्ग परिषद उनकी कारगुजारी को जनता के बीच लेकर जाएगा। चमन राही ने कहा कि भाजपा ने बिना पैसे के शिलान्यास कर दिए और बजट का प्रावधान तक नहीं किया। प्रदेश में ऐसी बहुत से योजनाएं हैं, जिनके लिए बजट का कोई प्रबंध नहीं किया गया है और आज भाजपा बड़ी बड़ी बातें कर रही है। भाजपा बताए कि कितने कालेजों और स्कूलों के लिए कितना कितना बजट का प्रबंध किया था, इसकी जानकारी मिलने पर दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

# आक्रोश रैली में भाजपा ने दिखाई ताकत

अनिल शर्मा, मंडी



मुख्यमंत्री मंडीवासियों को हलके में न लें, जब हिसाब करने लगेंगे तो इसकी गूंज पूरे हिमाचल में सुनाई देगी। मंडी में सब कुछ बर्बाद किया जा रहा है, हम चुप नहीं बैठेंगे। यह बात मंडी में आयोजित आक्रोश रैली में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कही। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर 14 सवाल दागते हुए कहा कि प्रदेश के लोग इनके जवाब चाहते हैं।

जयराम ने कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि विधानसभा के चुनाव में मंडी से कांग्रेस को सहयोग नहीं मिला है, इसलिए मुख्यमंत्री मंडी से बदला लेकर मंडी के विकास को रोक रहे हैं। चली हुई परियोजनाओं के बजट डाइवर्ट कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हर हाल में एसपीयू को बर्बाद करना चाहते हैं, लेकिन यह साजिशें कामयाब नहीं होगी। अगर मुख्यमंत्री को एसपीयू को बर्बाद करने की जिद सवार है तो हम भी ऐलान करते हैं कि उसकी तरफ उठने वाले हर हाथ और उंगली को पूरी कीमत चुकानी होगी। विश्वविद्यालय के नाम की वजह से कांग्रेस की चिढ़ रही है, क्योंकि यह विश्वविद्यालय भारत की एकता और अखंडता के अग्रदूत भारतीय रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम से है। (अनंत ज्ञान)

**कांग्रेस पर दागे 14 सवाल**

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश के लोग कांग्रेस से पूछ रहे हैं कि वह किस बात का जश्न मना रही है। क्या सरकार हिमाचल ऑन सेल का जश्न मना रही है। क्या लोन लेने की लिमिट खत्म करने का जश्न मना रही है। प्रदेश की देशभर में किरकिरी करवाने का जश्न मना रही है। क्या बिजली, पानी राशन सब महंगा करने का जश्न मना रही है। लोगों को इलाज के लिए दर-दर भटकने के लिए मजबूर करने का जश्न बना रही है। क्या डेढ़ लाख नौकरियां समाप्त करने का जश्न मना रही है। क्या हजार से ज्यादा संस्थान को बंद करने का जश्न मना रही है। पंद्रह हजार से ज्यादा लोगों को नौकरियों से निकालने का जश्न मना रही है। क्या बसों में कुकर और दवाई ले जाने के लिए किराया वसूलने के का जश्न मना रही है। क्या टॉयलेट टैक्स लगाने का जश्न मना रहे हैं। क्या कर्मचारियों के वेतन, एरियर, पेंशन, मेडिकल बिल रोकने का जश्न मना रहे हैं। क्या पानी, बिजली के दाम बढ़ने का जश्न मना रहा है। क्या हर सुविधा छीनने का जश्न मना रहे हैं।



विरोध-प्रदर्शन में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता।

### अराजकता का होगा हिसाब किताब

जयराम ठाकुर ने कहा कि सत्ता आती जाती रहती है, लेकिन कांग्रेस के लोगों के दिमाग में सत्ता चढ़ गई है और इसका खामियाजा पूरा प्रदेश भुगत रहा है। महज 2 साल के कार्यकाल में सरकार और सरकार के सहयोगी भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं लांघ चुकी है। प्रदेश भर में हर जगह मुख्यमंत्री के मित्रों के द्वारा प्रायोजित भ्रष्टाचार का बोलबाला है। प्रदेश सरकार ने आपदा से त्रस्त लोगों को राहत पहुंचाने में भी हद दर्जे का भ्रष्टाचार किया है। लोगों से आपदा के नाम पर चंदा वसूलने से लेकर आपदा राहत राशि बांटने के नाम पर हद दर्जे का भ्रष्टाचार एवं पक्षपात हुआ। प्रभावित परिवारों के बजाय प्रभावी परिवारों को राहत पहुंचाई गई। आज नहीं तो कल सरकार की इस अराजकता का हिसाब होगा। सरकार की इसी नाकामी के कारण प्रदेश के लोगों ने हिमाचल प्रदेश की 68 में से 61 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस हराया। हारने वालों में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू समेत कई बड़े मंत्री और सीपीएस के हलके भी शामिल हैं। आक्रोश रैली और प्रदर्शन को सदर विधायक अनिल शर्मा, सुंदरनगर विधायक राकेश जंवाल, बल्ह विधायक इंद्र सिंह गांधी, नाचन से विनोद कुमार आदि ने भी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार को खूब खरी खोटी सुनाई ।

# धर्मपुर के आपदा प्रभावित एक दर्जन परिवार डेढ़ साल से बेघर



आपदा के दौरान गिरे हुए मकान आज भी उसी स्थिति में।

रितेश चौहान, सरकाघाट

हिमाचल सरकार बिलासपुर में अपने कार्यकाल के दो साल पूरा होने का आज जश्न मना रही है, लेकिन धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में गत वर्ष हुई प्रलयकारी बरसात में हुए भूस्खलन में बेघर हुए दलित बस्ती हियुन-बाल्ह के रूपलाल, सुरेश कुमार, मोनू, सोनू, विजय कुमार, बसंत सिंह, रमेश, राकेश सहित एक दर्जन परिवार अभी तक भी किराए के मकानों में रह रहे हैं, जबकि सरकार ने इन्हें बसाने के भूमि देने का वादा किया था लेकिन उसके बाद एक और बरसात गुजर गई लेकिन इन परिवारों को न तो जमीन दी गई है और मार्च माह के बाद किराया भी नहीं दिया जा रहा है।

पूर्व जिला पार्षद एवं माकपा नेता भूपेंद्र सिंह ने स्थानीय विधायक पर आरोप लगाया है कि वे इस गांव से बेघर हुए परिवारों को बसाने के लिए पिछले डेढ़ साल से कोई कदम नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानिय सत्ताधारी पार्टी के नेता इन परिवारों को डराने धमकाने का भी काम करते रहे हैं और इसके लिए बार-बार मांग न उठाने का दबाब डालते रहे हैं जिसके चलते अब इन परिवारों ने मांग करना भी छोड़ दिया है और स्वयं कहीं दूसरी जगह मकान बनाने के लिए जमीन तलाश रहे हैं।

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इस बस्ती की राजमाया, अनुराधा, रुमला, फुलां, सुलेखा सहित 15 मनरेगा मजदूर हैं जिन्हें पिछले डेढ़ साल में बीस दिन भी काम नहीं मिला है और ये परिवार पूरी तरह सरकार और पंचायत की उमेक्षा की मार झेल रहे हैं।

### नहीं मिला पूरा मुआवजा

**धर्मपुर** विधानसभा क्षेत्र में कई गांवों में नुकसान हुआ था लेकिन वहां पर भी पूरा मुआवजा प्रभावितों को नहीं मिला है। क्षतिग्रस्त मकानों के निर्माण के लिए केवल एक एक किस्त जारी की गई है और डुगों के मेटीरियल लोगों ने स्वयं क्रय किया है।

## परिवहन रिटायरियों ने मांगा पेंशन व वेतन का बकाया

**मंडी।** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच की बैठक मंडलीय कर्मशाला में अध्यक्ष हेमराज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मांग की गई कि 1 जनवरी 2016 से 2022 तक सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को जो पेंशन देरी से दी गई है उस देरी के दौरान का एरियर शीघ्र दिया जाए।

इस दौरान उन्होंने सरकार से यह भी मांग की गई कि परिवहन के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अन्य विभागों की तर्ज पर नए वेतनमान की 50000 की किस्त का अभिषेक भुगतान किया जाए।

# पुलिस ने 40 .14 ग्राम चरस सहित पांच कार सवार धरे

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

पुलिस थाना धनोटू के दल ने नौलखा फोरलेन पर नाके के दौरान एक कार से 40.14 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में कार में सवार चालक सहित पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार धनोटू पुलिस थाना के दल ने रात को नौलखा में नाका लगा रखा था।

इस दौरान पुलिस ने एक कार (यूके 07 टीबी/6230) को जांच के लिए रोका। कार की तलाशी के दौरान पुलिस ने उसमें से 40.14 ग्राम चरस बरामद की। जिस पर पुलिस ने कार में सवार शुभम रावत पुत्र सुरेंद्र रावत निवासी सिम दवार रोड़ देहरादून, अनिवन पुत्र प्रदीप कुमार निवासी गांव फतेहपुर डाकघर व तहसील वनय जिला शामली उत्तर प्रदेश, जितेंद्र सिंह पुत्र मनवर सिंह निवासी गांव भुंगा डाकघर गेरुर उत्तराखंड व चिराग पुत्र विपन कुमार निवासी गांव व डाकघर खंजरपुर तहसील मोदीनगर जिला गाजियाबाद तथा रचित पुत्र अमित कुमार निवासी गांव बवीसा डाकघर व तहसील शामली उत्तर प्रदेश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों के खिलाफ होगी रोष रैली

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में प्रधान एवं कार्यकारिणी ।

धर्म संघ भूतनाथ मंदिर मंडी की बैठक प्रधान भीम चंद सरोच की अध्यक्षता में हुई।

नीरज हांडा समन्वयक धर्म संघ ने यह जानकारी दी की आंतरिक चर्चा और स्थानीय संस्थाओं के साथ बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया की बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहा है वह दिल को दहला देने वाला कृत्य है, जिससे यह भी महसूस होता है हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक वर्ग भारत में ही सुरक्षित है, लेकिन बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों के साथ मार काट को बिलकुल भी नहीं सहा जाएगा। हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों का अब मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए। यदि हिंदू नहीं जागे तो हिंदू सनातनी भी एक दिन अल्पसंख्यकों में गिने जाएंगे।

धर्म संघ भूतनाथ मंदिर ने मंडी और सभी प्रदेश वासियों से आह्वान किया है कि 19 दिसंबर को एकजुट होकर मंडी शहर में बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों के खिलाफ एक रोष रैली और प्रदर्शन किया जा रहा है।

उन्होंने सनातनी और अल्पसंख्यक भाइयों से आग्रह है कि इस प्रदर्शन में मानवता का संदेश देते हुए भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज करें। बैठक में कार्यकारिणी के वरिष्ठ उप प्रधान हरीश वैद्य, मुख्य सलाहकार डॉ ओम राज शर्मा, सचिव ज्ञान चंद सैनी, कोषाध्यक्ष मुरारी लाल शर्मा, उप प्रधान आरके शर्मा, गीतांजली शर्मा, प्रकाश धीमान, नरेश धीमान, उत्तम चंद सैनी, खेम राज गुप्ता उपस्थित रहे।

# ईसीएचएस में क्लर्क की नियुक्ति न होने पर पूर्व सैनिकों ने जताया रोष

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक, (भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना) सरकाघाट में लंबे समय से क्लर्क पद पर नियुक्ति न होने से पूर्व सैनिकों और वीर नारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया है। नियुक्ति न होने पर लीग ने एक आपात बैठक का आयोजन कर आंदोलन करने की धमकी भी दे डाली है। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सैनिक लीग के प्रधान प्यार चंद ने की। ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में क्लर्क की कमी के कारण एक्स-सर्विसमैन और उनके परिवारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व सैनिकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र नियुक्ति नहीं की गई, तो वे प्रदर्शन करेंगे और पॉलीक्लिनिक का घेराव करेंगे। उनके साथ सचिव कैप्टन बलदेव राज, कैप्टन रघुवीर सिंह, सूबेदार कमलेश कुमार, हवलदार सुशील कुमार, नायक टीएस डोगरा और अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# टैलेंट हंट में किया प्रशिक्षुओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, सरकाघाट




कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में गणमान्य।

सरकाघाट उपमंडल के अंतर्गत अप्पर भांवला स्थित लॉर्ड बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में टैलेंट हंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधक वीएस शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि कार्यक्रम का आयोजन प्रिंसिपल आशुतोष दुबे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कॉलेज प्रबंधक वीएस शर्मा ने प्रशिक्षुओं को जीवन में अनुशासन के साथ हर कार्य को करने का आह्वान करते हुए कहा कि अनुशासित व्यक्ति जीवन की हर मुश्किल का आसानी के साथ सामना कर लेता है। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में अंजली चंदेल और द्रोमति ने मंच संचालन करते हुए एक से एक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रशिक्षुओं को अपने बेहतर अंदाज में बुलाया। इस दौरान अंजली ने एक नृत्य प्रस्तुत किया जबकि अक्षिता और साथियों ने पहाड़ी नाटी प्रस्तुत कर प्रदेश की संस्कृति की एक झलक दिखाई।

साक्षी और रितिका ने डांस कर अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम के अंत में की गई मॉडलिंग में एक से बढ़कर एक अंदाज में मंच पर प्रशिक्षुओं के आना और उनमें आत्मविश्वास बेहतर रहा।

## दो कारों की टक्कर में चार लोग घायल

**सुंदरनगर।** हराबाग क्षेत्र में दो कारों में हुई टक्कर में चार लोग घायल हो गए है। पुलिस थाना सुंदरनगर में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी अनुसार दर्ज कराई प्राथमिकी में आर्यन दीवान पुत्र गुलशन कुमार निवासी गांव घेरा ने कहा है कि वह कार में परिवार सहित घुमारवीं जा रहा था। वहीं गलत दिशा से आई एक कार ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी।

इस हादसे में उसकी माता अनिता देवी और उसे चोट आई है और टक्कर मारने वाली कार में भी सवार दो लोग घायल हुए है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि सागर पुत्र मदन लाल निवासी गांव सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## आज बंद रहेगी बिजली




**मंडी।** बीर फीडर में 10 दिसंबर को पुरानी बिजली की तारों को बदलने तथा नए बिजली पोल लगाने का कार्य किया जाएगा। कार्य के दृष्टिगत बीर, लाग, कथवारी, बरयारा, धार, कठयाना, सदोह, नल्होग, डोलरा-बल्ह, जमाणा, कलोथर, खडकल्याणा, खपरेहड़ा, भलेडत्र तरनोह, घेरू, नेरन, थाम्बा, हियूण तथा साथ लगते क्षेत्र में 10 दिसंबर को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल साईगलू हुकम चंद ने दी।

# चिकित्सा भत्ता बढ़ाने और लंबित बिलों की अदायगी की मांग

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर



बैठक के दौरान चर्चा करते हुए गणमान्य।

**हिम आंचल पेंशनर संघ की बैठक में समस्याओं पर जताई चिंता**

हिम आंचल पेंशनर संघ, इकाई जोगिंद्रनगर की मासिक बैठक मिनी सचिवालय के सभागार में संघ के प्रधान नेक राम शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पेंशनरों की वर्तमान समस्याओं और मांगों पर चर्चा की गई।

वक्ताओं ने लंबित चिकित्सा बिलों की अदायगी न होने और चिकित्सा भत्ते की कम राशि पर कड़ी नाराजगी जताई। पेंशनरों ने मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद चिकित्सा बिलों का निपटारा न होने को विश्वासघात बताया। वक्ताओं ने कहा कि महंगाई के दौर में मात्र 400 रुपये का चिकित्सा भत्ता देना पेंशनरों के साथ अन्याय है। बैठक में मांग उठाई गई कि 60 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों को चिकित्सा भत्ते के लिए ओपन या फिक्स विकल्प दिया जाए। पेंशनरों ने वेतन संशोधन की बकाया राशि और महंगाई भत्ते का लंबित एरियर न मिलने पर भी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने अन्य राज्यों की तर्ज पर 10 वर्षों के बाद कम्यूट कटौती बंद करने की भी मांग उठाई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि संघ के सदस्य 17 दिसंबर को हमीरपुर में होने वाले स्थापना दिवस समारोह में भाग लेंगे। बैठक में जिला सलाहकार सुभाष ठाकुर, जिला संगठन सचिव बलदेव सिंह ठाकुर, प्रचार सचिव हरदेव सिंह राणा, दान सिंह ठाकुर, शरद सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## कार और बाइक की भिड़ंत, दो घायल

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

सड़क दुर्घटना में बाइक और कार की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार सुरेश कुमार (48 वर्ष) और उनका बेटा प्रियांशु (11 वर्ष), निवासी नागर-खोला, घायल हो गए। जानकारी अनुसार सुरेश कुमार बलोटू की ओर जा रहे थे, जबकि लडभड़ोल की तरफ से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायलों को प्राथमिक सहायता प्रदान की और अपनी निजी गाड़ी से सिविल अस्पताल लडभड़ोल पहुंचाया। सिविल अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर रजत शर्मा ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सुरेश कुमार को बेहतर इलाज के लिए 108 एंबुलेंस के माध्यम से टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

हादसे में सुरेश कुमार के पैर में गहरी चोटें आई हैं। वहीं, उनके बेटे प्रियांशु को मामूली चोटें आई थीं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**समस्या** पुल और पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# पशुओं व बंदरों के आतंक से लोग परेशान

रितेश, सरकाघाट



ज्ञापन प्रेषित करने के दौरान सामूहिक चित्र में गणमान्य।

पुल और पेयजल एवं अन्य कहीं मूलभूत समस्या से जूझ रहे बकारटा पंचायत के ग्रामीणों ने विधायक द्वारा कोई भी सुनवाई न किए जाने के बाद अब एसडीएम सरकाघाट के द्वार पहुंचकर समस्याओं से निजात दिलाने की मांग उठाई है। ग्राम पंचायत की वार्ड मेंबर हर्षवर्धन की अगुवाई में करीब एक दर्जन ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया की पंचायत को जोड़ने वाला एकमात्र पुल पिछले 3 वर्षों से भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। यह पुल पांच गांव का एकमात्र रास्ता है। इस पुल को बनाने के लिए कई बार स्थानीय विधायक चंद्रशेखर से भी अनुरोध किया है लेकिन पुल का निर्माण कार्य नहीं हो रहा है, जिस कारण बरसात के दिनों में कोई भी नुकसान हो सकता है जिसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। उन्होंने स्कूल के निर्माण की अतिशीघ्र शुरू करवाने की मांग की है। उनकी पंचायत में पहले हर दूसरे तीसरे दिन पेयजल सप्लाई आती थी परंतु अब पिछले 1 वर्ष से 8 और 10 दिनों में एक बार पानी आ रहा है। इसके लिए कई बार विभाग को लिखित और मौखिक शिकायतें की गई परंतु समस्याओं का कोई भी समाधान नहीं किया जा रहा है।( अनंत ज्ञान)

### आवारा पशु और बंदरों ने किया जीना दुश्वार

**पंचायत** में जहां आवारा पशु किसने की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वही बंदरों ने आतंक फैला रखा है और फसल को बर्बाद कर दिया है लोगों का जीना हराम कर रखा है। लोगों पर आए दिन आवारा पशुओं द्वारा हमला किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से आवारा पशुओं और बंदरों को पकड़कर उचित स्थान पर ले जाने की भी मांग दोहराई है। ज्ञापन देने के दौरान योगराज शर्मा, ऋतिक ठाकुर, शिशुपाल शर्मा, ओमप्रकाश, रवि, ज्ञानचंद ठाकुर आदि मौजूद थे।

# सरकार के दो साल के जश्न को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को मिले निर्देश

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर



हिमाचल सरकार के दो साल के जश्न को सफल बनाने को लेकर लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह जोगिंद्रनगर में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी एसडीएम व तहसीलदार जोगिंद्रनगर डॉ. मुकुल शर्मा ने की। इस दौरान जीवन ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

डॉ. मुकुल शर्मा ने सरकार के दो वर्ष के आगामी जश्न को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारी व कर्मचारियों को आपस में बेहतर समन्वय बनाकर काम करने को कहा तथा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इसके साथ उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को भी सरकार के इस कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। इस बैठक में बीडीओ दरंग विनय चौहान, सीडीपीओ जितेंद्र सैनी के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### चिंतपूर्णी से 1000 कांग्रेसी जाएंगे बिलासपुर



**हीना पठानिया, बड़ूही।** प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर 11 दिसंबर को बिलासपुर में होने जा रही रैली को लेकर ब्लॉक कांग्रेस चिंतपूर्णी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सोमवार को विश्रामगृह जोल में ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में रैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति बनाई गई। डॉ. रविंद्र कुमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार की यह रैली ऐतिहासिक होने वाली है। कार्यकर्ताओं में इसको लेकर भारी उत्साह है। मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने दो वर्ष में प्रदेश के विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। कांग्रेस सरकार इस कार्यक्रम के माध्यम से अपनी दो वर्ष की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने तथा भाजपा की साजिशों का पर्दाफाश भी करेगी। उन्होंने कहा कि चिंतपूर्णी विधानसभा की हर पंचायत से तीन-तीन गाड़ियां कार्यकर्ताओं को लेकर जाएंगी और यहां से लगभग एक हजार से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ता रैली में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस वरिष्ठ कर्म चंद, आत्मा राम एससी सैल के अध्यक्ष एवं उपप्रधान ग्राम पंचायत अंबेहड़ा सतीश कुमार सोनू, करतार चंद, गुलशन, जगदीश राम, शुपेंद्र भिंडला, कश्मीरी देवी सहित अन्य कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे।

### पेंशनर्स ने सरकार से मांगा अपना हक



**अनंत ज्ञान, हरोली।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ खड़ हरोली जिला ऊना की विशेष बैठक सोमवार को प्रधान कश्मीरी लाल सोनी की अध्यक्षता में लालूवाल स्कूल में संपन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रोशन लाल शर्मा ने शिरकत की। प्रधान कश्मीरी लाल सोनी ने सभी साथियों का स्वागत किया अपने पुराने साथी जो स्वर्ग सिधार गए, उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मोन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत रोशन लाल शर्मा, राम कुमार, मोहिंद्र सिंह तथा ज्ञान सिंह ने अपने विचार रखे। प्रधान ने सभी साथियों को संघ की गतिविधियों की जानकारी दी। 75 वर्ष से अधिक आयु वालों को पहली जनवरी 2016 से बकाया पेंशन देने के लिए सरकार का धन्यवाद किया, साथ ही अन्य बकाया न देने पर रोष प्रकट किया। पहली जनवरी 2016 से 2022 तक जो पेंशनर्स रिटायर हुए उनका हर प्रकार की राशि का भुगतान न करना 5,10,15 फीसद को मूल पेंशन में मर्ज न करना, मेडिकल भत्ता 2000 रुपए प्रति माह न करना, एलटीसी का बहाल न करना, डीए की किस्तों व एरियर का भुगतान न करने पर सरकार अनुरोध किया कि ये मांगें न मानने से पेंशनर्स के मन में सरकार के प्रति रोष व्याप्त है। उन्होंने सरकार से सभी मांगें जल्द पूरा करने की मांग की तथा कहा कि जल्द मांगें पूरी नहीं हुई तो पेंशनर्स सड़क पर उतर कर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर रोशन लाल शर्मा, राम कुमार, माखन, महिंद्र सिंह, मोहन लाल ठाकुर, प्रकाश चंद, राम पाल धीमान, सुंदर सिंह, ज्ञान सिंह, नंद किशोर, प्रेम चंद, जनक सिंह, सुशील कुमार जोशी, बक्शी राम भट्टी सहित अन्य पेंशनर्स मौजूद रहे।

### हरोली पुलिस गुम मोबाइल लौटा रही वापस



**अनंत ज्ञान, हरोली।** पुलिस थाना हरोली की टीम अपराधियों की धरपकड़ के साथ-साथ आम जनता की मदद करने में भी अग्रसर रही है। दिसंबर महीने में 2 व्यक्तियों को उनके गुम हुए फोन ट्रेस करके उपलब्ध करवाए गए हैं, जिनको पुलिस ने बाहरी राज्यों से बरामद करवा कर शिकायतकर्ताओं को वापस किया है जिनकी कीमत लगभग 50 हजार रुपए के आसपास बनती है। इस वर्ष लगभग हरोली पुलिस ने अभी तक 5 लाख तक की कीमत के मोबाइल फोन ट्रेस किए हैं, जिनको शिकायत जनों को वापस किया गया है। इन सभी मोबाइल को ट्रेस करने में महिला आरक्षी निशा, कांता ओर आरक्षी अजय ने विशेष भूमिका निभाई है।

# बंगाणा के शहरीकरण को लेकर मचा है घमासान

## कुछ लोग गांवों को नगर बनाने के फैसले पर पुनर्विचार करने को अड़े, बोले- सरकार दोबारा करे फैसला

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

मुच्छाली को नगर पंचायत बनाने को लेकर बाजार में मुद्दा गर्मा गया है। एक तरफ वर्तमान ग्राम पंचायत प्रधान हैं तो दूसरी तरफ उसी पंचायत के लगभग 350 से 400 परिवार।

एक तरफ वर्तमान पंचायत के पदाधिकारी कह रहे हैं कि नगर पंचायत ही गांवों को शहर बना सकती है और किंतु यह वहीं ग्राम पंचायत के प्रमुख प्रतिनिधि हैं जो दो दफा नेतृत्व कर चुके, किंतु गांवों की अधिकतर समस्याओं का निवारण करने में असफल हुए हैं जिसका जीता जागता उदाहरण है कि जब यह 2020 में बने, तब हिमाचल सरकार में महत्वपूर्ण पद पर मंत्री रहे वीरेंद्र कंवर ने एक योजना शुरू की थी 'एक पंचायत पांच काम' जिसमें इसी पंचायत में एक काम डाला गया जिससे कम से कम पांच गांवों को फायदा मिलना था, जिसके लिए पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने लगभग 37 लाख रुपए वर्तमान प्रधान के कार्यकाल में दिए गए, किंतु पंचायत का कार्यकाल लगभग खत्म होने वाला है, किंतु अभी तक 37 लाख रुपए को उपयोग में नहीं ला सके। नगर पंचायत के वर्तमान सदस्य पंचों के पास भी लोगों ने अपनी आपत्ति अपने हस्ताक्षर करके दर्ज करवाई है, जिसको एडीसी के पास समाधान के लिए गांवों के लोगों ने इकट्ठा होकर दिया है।

इस पंचायत के गांवों को शहर बनाना अगर इतना जरूरी था तो मुख्य प्रतिनिधि ने इसको अपनी किस ग्रामसभा में चर्चा का विषय बनाया। अगर इस विषय पर चर्चा की गई होती तो लोगों का विरोध उसी समय दर्ज हो जाता किंतु इन गांवों के निवासियों का समर्थन लिए बगैर ही प्रस्ताव पारित करके भेज दिया और गांव के निवासियों को सरकार द्वारा लगाए जाने वाले अतिरिक्त कर का बोझ झेलने के लिए धकेल दिया।

ग्रामीणों को डर सताने लगा है कि पंचायत के गलत फैसले से ग्रामीण इलाकों में माहौल बिगड़ जाएगा और बेरोजगार ग्रामीणों को टैक्स का बोझ झेलना पड़ेगा। ग्रामीण चाहते हैं कि गांवों को नगर के साथ न जोड़ा जाए और सरकार इस पर फिर से विचार करे।

डॉ. प्रेम चंद, कैप्टन प्रीतम चंद, सूबेदार राजलाल, सूबेदार शामलाल, राजलाल, सुभाष चंद, मास्टर रमेश चंद, खुशी राम, वार्ड पंच पुष्पेंद्र, वार्ड पंच बीना देवी, वार्ड पंच प्रवीना कुमारी, किशन चंद शाह, राम दास आजाद, रोजी शर्मा, राजू, अमन, राजेश, मुकेश, देशराज, अशोक, राम आसरा, तरसेम चंद, विजय कुमार, अमर चंद शाह ने पंचायत द्वारा कहा है कि पंचायत प्रधान ने वार्ड पंचों को भी अपने विश्वास में नहीं लिया जिसके लिए वर्तमान प्रधान जिम्मेदार हैं। (अनंत ज्ञान)

### अपनी मर्जी से कैसे डाल दिया प्रस्ताव : राकेश



किसान मोर्चा के सचिव व कृषि सहकारी सभा के कोषाध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि जब प्रधान ने गांवों के निवासियों को बताया ही नहीं कि इसे नगर पंचायत बनाना है तो उन्होंने अपनी मर्जी से ही कैसे प्रस्ताव डाल दिया कि इस पंचायत को नगर पंचायत बनाया जाना चाहिए, उनको आम सभा में चर्चा करवानी चाहिए थी और सभी गांवों के लोगों से राय लेनी चाहिए थी इसलिए उनका यह फैसला गलत है जिसका विरोध यहां के गांवों के स्थानीय निवासियों आपत्ति दर्ज करवाकर किया है ।

### ग्राम पंचायत ने गलत तरीके से किया कार्य : जगदीश



प्रो. जगदीश चंद शर्मा ने बताया कि हम भी स्थानीय निवासी हैं। हमें भी पंचायत प्रधान ने किसी भी ग्रामीण निवासियों को नहीं बताया कि नगर पंचायत बनाई जाएगी जिसमें गांवों को भी जोड़ा जाएगा। गांवों को शहर बनाने का प्रस्ताव पारित करके ग्राम पंचायत ने गलत तरीके से कार्य किया है।

### गांवों को नपं में धकेलना समझदारी नहीं : लेखराज



स्थानीय निवासी सूबेदार लेखराज शर्मा ने कहा कि कहा कि सरकार को रेवेन्यू के लिए गांव के लोगों को नगर पंचायत के रूप में धकेलना कहां की समझदारी है। गरीब बेरोजगार ग्रामीण कहां से सरकार को अतिरिक्त टैक्स देंगे। अपनी जमीन पर ही अपने मकान बनाने का टैक्स देने की मंशा से नगर पंचायत बनाई जा रही है। पंचायत प्रधान ने अपनी मर्जी से ही प्रस्ताव डालकर गांव के लोगों के साथ धोखा किया है, अब गांव के लोगों को भारी भरकम टैक्स भरने पर मजबूर किया जाएगा।

### प्रधान बताएं किस-किस को विश्वास में लिया : गुरुदेव



ट्रक यूनियन के पूर्व प्रधान स्थानीय निवासी गुरुदेव चंद ने कहा कि ग्राम पंचायत प्रधान ने किस-किस गांव को अपने विश्वास में लेकर यह फैसला लिया है। प्रधान बताएं कि किस-किस वार्ड पंच ने अपनी सहमति दी है कि ग्रामीण इलाकों को टैक्स में धकेलना जरूरी है। पंचायत प्रधान बताएं कि राष्ट्रीय अवॉर्ड लेने वाली पंचायत सफाई के मामले में अब क्यों पीछे है।

## लोहारली-चुरूडू सड़क पर आवाजाही 9 जनवरी तक बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** लोहारली-चुरूडू सड़क पर वाहनों की आवाजाही 10 दिसंबर से 9 जनवरी, 2025 तक बंद रहेगी। उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 और 116 के तहत आदेश जारी करते हुए बताया कि लोहारली-चुरूडू सड़क पर स्वां नदी पर बनने वाले पुल के वेल फाउंडेशन एबुटमेंट दो का कार्य शुरू हो चुका है। निर्माण कार्य को बिना किसी बाधा के त्वरित एवं सुचारु रूप से करने को लेकर यह आदेश जारी किए गए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि इस अवधि के दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि यातायात को वैकल्पिक मार्ग नंदपुर से कुठेड़ा और कुठियाड़ी से टटेहड़ा सड़क की ओर मोड़ा गया है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी भी वाहन चालक को परेशानी न हो।

## जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण कमेटी की बैठक 13 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण कमेटी की बैठक 13 दिसंबर को दोपहर 2 बजे जिला परिषद हॉल ऊना में होनी निश्चित हुई है। यह जानकारी देते हुए एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री करेंगे।

एडीसी ने बताया कि जिन विभागों ने जिला शिकायत निवारण कमेटी द्वारा भेजे गए एजेंडों का अभी तक उत्तर नहीं दिया है, वे 11 दिसंबर सायं 3 बजे तक अपना उत्तर नए मिनी सचिवालय के कमरा नं 416 में भेजना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त सभी विभागीय अध्यक्षों को निर्धारित समय व स्थान पर स्वयं उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

# राज्य सरकार के जश्न को लेकर कुटलैहड़ कांग्रेस ने की रूपरेखा तैयार

## कुटलैहड़ विस क्षेत्र से दो हजार कांग्रेस कार्यकर्ता जाएंगे बिलासपुर, मुख्यमंत्री कर रहे हर मांग पूरी : विधायक विवेक

**अनंत ज्ञान, ऊना**

कुटलैहड़ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक सोमवार को जोगीपंगा में विधायक विवेक शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूरे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में 11 दिसंबर को प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर आयोजित जश्न समारोह को लेकर चर्चा की गई।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि हिमाचल की सुक्खू सरकार के दो वर्ष होने जा रहे है, जिसको लेकर बिलासपुर में आयोजित होने वाले सम्मेलन में कुटलैहड़ के कार्यकर्ता काफी उत्साहित है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार के जश्न में कुटलैहड़ से करीब दो हजार कार्यकर्ता जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने दो वर्ष में प्रदेश के विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं।



जोगीपंगा में कुटलैहड़ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक विधायक की अध्यक्षता में हुई।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार इस कार्यक्रम के माध्यम से अपनी दो वर्ष की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने तथा भाजपा की साजिशों का पर्दाफाश भी करेगी। विधायक ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को आगे आने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि कुटलैहड़ की प्रत्येक पंचायत का समग्र विकास निश्चित किया जा रहा है।

अभी तक विधायक निधि से क्षेत्र की 42 पंचायतों में फंड मुहैया कराया गया है और बाकी पंचायतों में शीघ्र ही फंड मुहैया करवा दिया जाएगा। बंगाणा को नगर पंचायत का दर्जा दिलवाया गया है। इसके साथ ही कुटलैहड़ के दो शहीद जवानों के नाम पर उनके पैतृक गांव के स्कूलों का नामकरण किया गया। उन्होंने कहा कि बसाल में शीघ्र तहसील कार्यालय खोला जाएगा। भियांबी से बड़सर तक 33 करोड़ रुपए से सड़क निर्माण किया जाएगा। लठियाणी-कोडहरा, जोगीपंगा-झंबर सडक़ का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। इस अवसर पर राम आसरा शर्मा, विजय डोगरा, देस राज गौतम, अनिल मनकोटिया व मुनीश शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

**कुटलैहड़ की जनता को मिली कई बड़ी योजनाएं :** विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता की जो भी मांग होती है औरहम जो भी कुटलैहड़ के विकास के लिए मांग करते हैं, वह मुख्यमंत्री तत्काल स्वीकृत करते हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आशीर्वाद से टलैहड़ विस क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत हो चुके हैं और धरातल पर कार्य शुरू हो चुका है।

जनता की कई पुरानी समस्याओं का समाधान हो रहा है। हमारा उद्देश्य है कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर घर को पक्का रास्ता हो तथा हर गांव को सड़क सुविधा मिले। हर घर नल और नल में जल हो। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें और जनता की जो भी मांग हो, उसे पूरी करने के लिए हम धरातल पर काम कर रहे हैं।

# क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में भिड़ेंगे कांगड़ा और पांवटा



कांगड़ा की विजेता टीम जिसने मंडी को सेमीफाइन में हराकर अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई।

**संजीव पुरी, सुंदरनगर**

सुंदरनगर कॉलेज में खेली जा रही अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच में सोमवार को डीएवी कांगड़ा ने गवर्नमेंट कॉलेज मंडी को चार रन से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में जगह पक्की कर ली। पहले खेलते हुए कांगड़ा ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए, जिसमें आदित्य यादव ने 43 गेंद में 55 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल है।

मंडी कॉलेज की तरफ से गेंदबाजी करते हुए पीयूष ठाकुर ने चार ओवर में 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंडी की पूरी टीम 20 ओवर में 156 रन ही बना पाई, जबकि उसके आठ खिलाड़ी आउट हुए। मंडी की ओर से जगदीश ने शानदार 45 गेंद में 70 रन बनाए, जिसमें छह चौके, तीन छक्के शामिल हैं, लेकिन वह अपनी टीम को जिताने में कामयाब नहीं हो पाए। कांगड़ा की ओर से आदित्य यादव ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 11 रन देकर दो विकेट चटकाए। इस प्रकार से कांगड़ा की टीम ने मंडी कॉलेज को चार रन से हराकर के फाइनल में जगह पक्की करवाई।

दूसरा सेमीफाइनल मैच गवर्नमेंट कॉलेज पांवटा साहिब और गवर्नमेंट कॉलेज सोलन के बीच में खेला गया जिसमें पांवटा साहिब ने पहले खेलते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 20 ओवर में 135 रन बनाए। पांवटा साहिब की ओर से सौरव के 29 रन 28 गेंद में बने जिसमें चार चौके शामिल हैं। अभिषेक ने 16 गेंद में 25 रन बनाए जिसमें दो चौके और दो छक्के शामिल हैं। सोलन की ओर से गेंदबाजी करते हुए साहिल ने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट चटकाए। 135 रन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सोलन ने भरपूर प्रयास किया, लेकिन कामयाब नहीं हो पाए और पूरी की पूरी टीम 19.4 गेंद में 126 रन पर ऑलआउट हो गई। सोलन की ओर से बल्लेबाजी करते हुए साहिल कमर ने 44 गेंद में 60 रन जिसमें 11 चौक शामिल है। गेंदबाजी करते हुए पांवटा साहिब की ओर से पंकु ने 3.4 ओवर में 20 रन देकर तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए।

इस प्रकार पांवटा साहिब ने गवर्नमेंट कॉलेज सोलन को नौ रनों से हराकर के प्रतियोगिता के फाइनल में जगह पक्की कर ली। प्रतियोगिता का फाइनल मैच कल खेला जाएगा। यह जानकारी देते हुए एमएसएम कॉलेज की प्रोफेसर एचपीसीए के अंपायर अनिल गुलरिया ने बताया कि फाइनल मैच पांवटा साहिब और कांगड़ा के बीच में खेला जाएगा जो 12 बजे शुरू होगा इससे पहले तीसरे पायदान के लिए मंडी और सोलन के बीच में सुबह 9 बजे मैच शुरू होगा। आज सुबह मुख्य अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर विश्वविद्यालय के कोच डॉ. विक्रांत भारद्वाज ने शिरकत की। अंपायर के रूप में दिव्य प्रकाश पूर्व रणजी खिलाड़ी और एचपीसीए की अंपायर अमित रघु ने की। (अनंत ज्ञान)




# नेशनल प्रतियोगिता के अगले दौर में पहुंचे हिमाचल के लड़के और लड़कियां



लड़कियों की टीम जिसने झारखंड को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

- मध्य प्रदेश के इंदौर में हो रही नेशनल जूनियर थ्रो बॉल खेलकूद प्रतियोगिता
- हिमाचल की लड़कियों ने झारखंड तथा लड़कों की टीम ने बिहार को हराया

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा करवाई जा रही मध्य प्रदेश के इंदौर में 34वीं नेशनल जूनियर थ्रो बॉल खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन हिमाचल प्रदेश की लड़कियों की टीम का झारखंड के साथ कांटेदार टक्कर हुई। इसमें लड़कियों ने 24-20 से जीत हासिल की।

वहीं, पर हिमाचल प्रदेश के लड़कों की टीम ने बिहार की टीम को दो शून्य से हराकर जीत हासिल की। इसमें हिमाचल प्रदेश के आदर्श राणा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, पर ऐसोसिएशन के महासचिव जोगिंद्र देव आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि अगले मैच में हिमाचल की लड़कियों का छत्तीसगढ़ तथा लड़कों की टीम का मुकाबला तमिलनाडु से होगा। वहीं, पर दोनों टीमों के खिलाड़ी बढ़िया प्रदर्शन कर अगले मैच के लिए तैयारी कर रहे हैं।

इस मौके पर एसोसिएशन के महासचिव जोगिंद्र देव आर्य, जिला अध्यक्ष इंदू शर्मा, कोच पूर्ण चंद शर्मा, कोच मुरारी लाल, कोच सीमा शर्मा, सताक्षी शर्मा, राकेश शर्मा सहित अन्य टीम सदस्य भी मौजूद रहे।

**सौगात** प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विवि के भवन का लोकार्पण

# लोगों को ईश्वरीय अनुभूति का अभ्यास करवाया

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना के समीपवर्ती गांव बसाल में ब्रह्मकुमारीज संस्था के नवनिर्मित शिव दर्शन भवन का उद्घाटन एक गरिमामय समारोह के रूप में हुआ।

इसमें ब्रह्मकुमारीज मुख्यालय माऊंट आबू से बीके संजय भाई, जालंधर सबजोन से बीके संधीरा बहन व सुशीला बहन, नंगल केंद्र से बीके पुष्पा दीदी, रीमा दीदी व सुमन बहन, ऊना से बीके आशा दीदी व डॉ. किरण बहन, अंब से बीके रीतू बहन, मैहतपुर से बबीता बहन, सोहारी टकोली से बीके हरजीत बहन, बसाल के नवनिर्मित केंद्र के बीके कैलाश भाई व ऊनकोफैड के चेयरमैन बीके राजेंद्र शर्मा ने जिलाभर आए से ब्रह्मकुमारीज भाइयों व बहनों सहित विशेष रूप से समारोह को सुशोभित किया। इस अवसर पर विशिष्ट बी के राजयोगिनी बहनों व भाइयों ने ब्रह्मकुमारीज के ईश्वरीय ज्ञान व सहज राजयोग मैडीटेशन की सरल विधि से ईश्वरीय अनुभूति करने व आत्मा व परमात्मा की रहस्यमय व्याख्या से समारोह में उपस्थित लोगों का ज्ञानवर्धन व मार्गदर्शन किया। लोगों को राजयोग मैडीटेशन से ईश्वरीय अनुभूति का व्यवहारिक अभ्यास भी करवाया गया।



झंडा रस्म पर ब्रह्मकुमारीज संस्था के प्रमुख।

इस अवसर पर नवनिर्मित भवन पर ब्रह्मकुमारीज के ईश्वरीय प्रतिक के ध्वज का विशिष्ट बीके बहनों ने ध्वजारोहण व भवन परिसर में पौधरोपण भी किया। इसके उपरांत समारोह मे पधारे सभी लोगों को सामुहिक ब्रह्म भोजन करवाया गया। उसके उपरांत इसी नवनिर्मित केंद्र में तीन दिवसीय राजयोग ध्यान प्रशिक्षण शिविर का भी शुभारंभ किया गया। इसमें ज्ञियासु भाई बहन भाग ले रहे हैं। इसमे बीके आशा दीदी, डा. किरण व बीके बबीता बहन प्रशिक्षण दे रही है।



# रोहतांग सहित बारालाचा, कुंजम व शिंकुला दर्रे में एक फुट बर्फबारी


## लाहौल सहित कुल्लू व मनाली के पर्यटन स्थलों में बिछी बर्फ की परत, कारोबारी खुश, बिजली महादेव में भी सफेद चादर

कमलेश वर्मा, कुल्लू

13050 फुट ऊंचे रोहतांग दर्रे में एक फुट ताजा बर्फबारी हुई है। रोहतांग सहित शिंकुला, कुंजम व बारालाचा दर्रे में भी एक फुट बर्फ की मोटी चादर बिछी है। रविवार को मौसम ने करवट बदली और बर्फबारी का क्रम शुरू हो गया, जो सोमवार को दिनभर जारी रहा।

कुल्लू व मनाली में दिन भर बादल छाए रहे। हालांकि दोपहर बाद माल रोड में बर्फ के फाहे भी गिरे, लेकिन बारिश न होने से किसानों बागवानों को कोई राहत नहीं हुई। लाहौल के कोकसर, सिस्सू, दारचा, जिस्पा, अटल टनल रोहतांग के पोर्टल सहित मनाली के राहनीनाला, मढ़ी, गुलाबा, फातरु, सोलंग नाला में बर्फ की हल्की परत बिछी है। वहीं, बिजली महादेव में भी बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है, जबकि जिले के जलोड़ी दर्रा सहित अन्य ऊंचे क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई है। सोमवार को लाहौल सहित कुल्लू की समस्त चोटियों में बर्फबारी हुई है।

पहाड़ियों पर दिनभर हिमपात का क्रम जारी रहने से मौसम ठंडा रहा। होटल एसोसिएशन मनाली के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि आने वाले दिनों में सप्ताहांत के अलावा हफ्ते के अन्य दिनों में भी सैलानियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। सोमवार को मनाली के होटलों में 60 फीसदी आक्यूपेंसी रही। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने पर्यटकों से आग्रह किया कि वे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में न जाएं। उन्होंने कहा कि मौसम की परिस्थितियों को देखकर ही सफर करें। (अनंत ज्ञान)


लाहौल-स्पीति के रालिंग में बिछी बर्फ की सफेद चादर।


लाहौल में सड़कों पर बिछी बर्फ को हटाने में जुटी मशीनरी।

### बर्फ के फाहों में झूमे सैलानी

ताजा बर्फबारी के बाद एकाएक सैलानियों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है। सोमवार को पर्यटकों ने धुंधी, अटल टनल व सोलंग नाला में बर्फ के फाहों का आनंद उठाया। बर्फ के फाहे गिरते ही सैलानी झूम उठे। हिमपात के बाद आने वाले दिनों में कुल्लू-मनाली व लाहौल के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों का जमावड़ा लगने की उम्मीद है। क्रिसमस से पहले हुए हिमपात से पर्यटन कारोबार में तेजी आने की उम्मीद है।

### रंग लाई लाहौल-स्पीति व कुल्लू पुलिस जवानों की मेहनत



मनाली। लाहौल-स्पीति व कुल्लू पुलिस जवानों की मेहनत रंग लाई है। जिस्पा सहित सिस्सू व धुंधी में फंसे सभी पर्यटकों को सुरक्षित उनके होटलों में पहुंचा दिया है। आठ दिसंबर को लाहौल सहित अटल टनल व इसके आसपास के इलाकों में हिमपात शुरू होने के कारण दारचा जिस्पा, सिस्सू व अटल टनल रोहतांग के दोनों छोर में काफी ज्यादा पर्यटक व अन्य वाहन फंस गए। अधिकतर पर्यटक जिंगजिंगबार के समीप फंस गए। पुलिस जवानों ने सभी को सुरक्षित दारचा पहुंचाया। महाराष्ट्र के 25 पर्यटकों को स्थानीय युवाओं ने अपने होम स्टे में ठहराया।

आज सभी को सुरक्षित मनाली भेज दिया। दूसरी ओर रात 11 बजे रात तक 1000 पर्यटक वाहनों को सुरक्षित मनाली की तरफ भेजा गया। इसके अतिरिक्त सिस्सू की तरफ ज्यादा हिमपात होने के कारण करीब 200 पर्यटक वाहन फंस गए थे, जिनमें करीब 500 से अधिक पर्यटक फंसे थे। इन सभी वाहनों को रात के समय लाहौल-स्पीति पुलिस द्वारा अटल टनल की तरफ भेजा गया था, जिनमें से फोर बाय फोर वाहनों में मनाली की तरफ भेज दिया गया था। करीब 150 वाहनों को अटल टनल रोहतांग के दक्षिण छोर पर सुरक्षित खड़ा करवाया गया तथा इन वाहनों में फंसे पर्यटकों को निजी वाहनों द्वारा देर रात तीन बजे तक सुरक्षित मनाली पहुंचाया। यह अभियान रात भर चलता रहा। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि यह रेस्क्यू अभियान सुबह चार बजे तक चला। उन्होंने बताया कि दोनों जिलों के पुलिस जवानों ने बेहतरीन तालमेल बिठाकर काम किया और सभी पर्यटकों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने में हर संभव मदद की। लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा और मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने पर्यटकों को बेहतरीन सेवाएं देने व उन्हें उनके होटलों में सुरक्षित पहुंचाने के लिए बधाई दी व उनके कार्य की प्रशंसा की।

### जुआणी रोपा में आग की भेंट चढ़ा फोटो स्टूडियो



कुल्लू। जिला मुख्यालय कुल्लू के साथ सटे रामशिला स्थित जुआणी रोपा में पराशर फोटो स्टूडियो में आग की घटना पेश आई है। इस घटना में दुकान में रखा काफी सामान जिसमें कंप्यूटर, कैमरे, प्रिंटर, टी शर्ट प्रिंटिंग मशीन, मोबाइल असेसरी, ड्रोन, एलीडी स्क्रीन, फोटो एलबम, स्टूडियो लाइट्स, फर्नीचर आदि जल कर पूरी तरह से राख हो गया। हालांकि काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन स्टूडियो के अंदर रखा सामान नहीं बचाया जा सका। मौके पर पहुंची पुलिस विभाग की टीम ने भी मामला दर्ज कर लिया और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। दुकान मालिक तिलक पराशर के मुताबिक उन्हें लगभग 18 लाख का नुकसान हुआ है।

## प्रदेश विश्वविद्यालय में फागली उत्सव की धूम

अनंत ज्ञान, आनी


ओरिएंटल श्रीखंड छात्र कल्याण संघ के आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

प्रदेश विश्वविद्यालय के ओरिएंटल श्रीखंड छात्र कल्याण संघ ने भाषा एवं संस्कृति विभाग के सौजन्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम फागली का आयोजन विश्वविद्यालय के सभागार में किया।

इस कार्यक्रम में आनी क्षेत्र के समाजसेवी घनश्याम शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि उनके साथ एडवोकेट भूपेंद्र ठाकुर, चुन्नीलाल ठाकुर, सुभाष शर्मा, आशीष आनंद, ओमनिश चौहान, डीएस नेगी, एडवोकेट रूपेंद्र सिंह ठाकुर तथा एडवोकेट सतपाल शर्मा व विपिन विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर हुआ। भाषा एवं संस्कृति विभाग के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में कोटशेरा महाविद्यालय, आरकेएमवी, संजौली तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां पेश की गईं। कार्यक्रम के अंत में सुकेती नाटी किंग पाल सिंह, उषा शर्मा, रोहित ठाकुर, योगी तथा अन्य कलाकारों ने अपने मधुर गीतों से सभी को मंत्र मुग्ध किया।

इस कार्यक्रम की प्रमुख प्रस्तुति फागली ने कार्यक्रम में चार चांद लगाए और समस्त विश्वविद्यालय को अपनी समृद्ध एवं सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए संजोए रखने का संदेश दिया। इसके साथ ही ओरिएंटल श्रीखंड छात्र कल्याण संघ के अध्यक्ष अविनाश ठाकुर ने समस्त अतिथियों का अभिनंदन किया और इस परिवार को और मजबूत बनाने के लिए यथासंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। वहीं, कार्यक्रम के मुख्यातिथि समाजसेवी घनश्याम शर्मा ने इस आयोजन के लिए ओरिएंटल श्रीखंड छात्र कल्याण संघ को बधाई दी और कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी एकता, बंधुत्व और संस्कृति की समरता स्थापित होती है।

## पेयजल की लगातार होती कमी से भविष्य में होने वाली परेशानियों बारे किया जागरूक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



राशन कार्ड पर मिलता राशन यह तो होता आया है, क्या कार्ड पर मिलेगा पानी सोच के दिल घबराया है समूह गीत की इन पंक्तियों के माध्यम से कलाकारों ने पेयजल की लगातार होती कमी से भविष्य में होने वाली परेशानियों की तरफ ध्यान दिलाने की कोशिश की।

जल शक्ति विभाग कुल्लू के जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के सौजन्य से जिले में चलाए जा रहे 10 दिवसीय जनजागरूकता अभियान के दूसरे चरण का सोमवार को भुंतर विकास खंड की मणिकर्ण व कसौल पंचायतों में हुए कार्यक्रमों के साथ आगाज हुआ। मनत कला मंच कुल्लू के कलाकारों ने ग्रामीणों को पेयजल की शुद्धता, स्वच्छता व इसके उचित रखरखाव, वर्षा जल संग्रहण, ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता समिति के कार्यों, गठन व इसके लाभों आदि के बारे में जागरूक किया। मंच के कलाकारों ने खूब राम, अंजलि, डिंपल ने कुल्लवी नाटियां, पानी घटी नई लो जिंदगी आदि गीतों से खूब मनोरंजन किया। वहीं, नवनीत भारद्वाज, इंदु, मान चंद, संजय, अशोक, गोपाल आदि ने कार्यक्रम में जल ही जीवन है नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को पेयजल एवं स्वच्छता समिति के कार्यों, जिनमें पानी का संपूर्ण रख रखाव, पेयजल की स्वच्छता के लिए समय-समय पर पानी की जांच करना, ताकि जल जनित रोगों से बचाव हो, प्राकृतिक जल स्रोतों के सरंक्षण व संवर्धन बारे विस्तृत जानकारियां दीं।

## भाजपा को प्रदेश में कहीं न कहीं खटक रही कांग्रेस की सरकार : राजीव किमटा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजीव किमटा ने कहा है कि भाजपा को प्रदेश में कहीं न कहीं कांग्रेस की सरकार खटक रही है। तभी तो प्रदेश सरकार को गिराने की भी काफी कोशिशें पूर्व की जयराम सरकार द्वारा की गई, लेकिन उसमें कामयाब नहीं हो पाई।

सोमवार को कुल्लू में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राजीव किमटा ने कहा कि आज भाजपा के नेता पूछ रहे हैं कि कांग्रेस दो साल के कार्यकाल के जश्न क्यों मना रही है, तो मैं उनको बताना चाहूंगा कि प्रदेश में इतनी बड़ी त्रासदी आई थी और आपदा में भी केंद्र सरकार की ओर से कोई मदद नहीं मिलने के बावजूद प्रदेश सरकार ने जनता की हर संभव मदद करने के साथ ही उस आपदा में भी विकास कार्य जारी रखा आज सरकार उसका जश्न मनाने जा रही है। प्रदेश सरकार दो सालों से जनता से किए वादों और गारंटियों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने में लगातार प्रयासरत है, लेकिन कांग्रेस सरकार से पहले भाजपा की सरकार पांच साल रही और इन पांच सालों में जयराम सरकार ने मात्र पैसे उड़ाने के अलावा कुछ नहीं किया। भाजपा की बीते पांच साल की सरकार ने हिमाचल ऑन सेल करने का कार्य किया था। जयराम ठाकुर ने 16231 करोड़ रुपए अपने कार्यकाल के अंतिम छह माह में उड़ाए और प्रदेश को कर्ज में डाला। धर्मशाला में आयोजित इंवेस्टर मीट में ही 7 करोड़ की चपातियां भाजपा सरकार खा गई। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि क्या वह चपातियां सोने की थी या चांदी की। वहीं, 28 करोड़ रुपए स्थापना दिवस के नाम पर उड़ाए और इस तरह करोड़ों रुपए बर्बाद किए, जिनका भाजपा के घर शीशे के होते हैं वह दूसरों के घर में पत्थर नहीं मारते।

वहीं, उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम हेल्दी पॉलिटिक्स का होता है न कि टिक्का टिप्पणी करना। आज हमें कह रहे हैं कि सरकार के दो वर्ष का जश्न किस खुशी में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर वादे पूरे किए और आगे भी करेंगे। राजीव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम हताशा और निराशाजनक व्यवहार कर रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री हिमाचल के विकास को लेकर कार्य कर रहे हैं, लेकिन बीते कल जिस तरीके से कुल्लू में बीजेपी की रैली हुई थी वह हताशाजनक थी।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पेंटिंग प्रतियोगिता में निर्मला रही प्रथम



अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायसन में एचआईबी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मनाली विधानसभा के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विधायक ने मेधावी छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए। दोनों प्रतियोगिताओं में पहला स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को विधायक ने अपनी ओर से दस-दस हजार रुपए देने की घोषणा की। प्रतियोगिता में कुल 394 छात्राओं ने भाग लिया। वर्ल्ड एड्स डे की प्रतियोगिता में नौवीं कक्षा की कनिका ने पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान प्लस टू की तान्या, तीसरा स्थान नौवीं कक्षा की दीक्षिता ने हासिल किया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पेंटिंग प्रतियोगिता में पहला स्थान दसवीं कक्षा की निर्मला ने दूसरा स्थान अलीशा व तीसरा स्थान मानसी ने प्राप्त किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पचास छात्राओं के एचबी टेस्ट भी किए गए एवं सभी छात्राओं एवं अध्यापकों को जलपान करवाया गया।

## कलवारी स्कूल में मेधावियों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, बंजार

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलवारी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में नवजोत मियां सहायक वन अरण्यपाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा इसी विद्यालय से पूरी की है। इसके अलावा कार्यक्रम में मुख्यातिथि के साथ प्रधान ग्राम पंचायत कलवारी प्रेमलता भारती व सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक तिवान ठाकुर ने विशिष्टातिथि के रूप में भाग लिया। मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों ने माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। विद्यालय की छात्राओं ने इस दौरान सरस्वती वंदना पेश की। विद्यालय प्रशासन सहित एसएमसी ने मुख्यातिथि समेत अन्य अतिथियों को टोपी, बैज, मफलर पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश


विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि व उनके साथ अन्य गणमान्य लोग।

कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय निरंतर शिक्षा समेत खेल, सांस्कृतिक और अन्य जगत में आगे बढ़ रहा है तथा इस विद्यालय, क्षेत्र और माता-पिता व गुरुजनों का नाम रोशन किया है। विद्यालय पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियों में भी अपनी पहचान प्रदेश स्तर पर कायम कर चुका है।

उन्होंने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ते हुए वर्ष भर की गतिविधियों और शिक्षा समेत खेल, विज्ञान, सांस्कृतिक जगत में हासिल उपलब्धियों पर जानकारी दी। विद्यालय अपने स्थापना काल से ही निरंतर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। विद्यालय बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ करियर को बेहतर बनाने की दृष्टि से काम कर रहा है।

विद्यालय में एसेसमेंट टेस्ट के चलते अभी से ही बच्चों में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए रुचि पैदा करवाई जा रही है। इस दौरान उन्होंने हर क्षेत्र में अव्वल रहे मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। अंत में विद्यालय के अध्यापक अनिल कुमार ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

## 11 दिसंबर को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

कुल्लू। बजौरा व साथ लगते क्षेत्रों में अब 11 दिसंबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता बिजली उपमंडल भुंतर ने बताया कि 33/11 केवी डबल फीडर (बजौरा कुल्लू और बजौरा भुंतर) को 33/11 केवी सब-स्टेशन शाडाबाई में पी एंड टी टीम सुड्डरनगर द्वारा पीरियोडिक जांच और 11 केवी बजौरा फीडर के अड्डरगत पेड़ों के कटान का कार्य और सामान्य रखरखाव आदि के कारण 9 को इस फीडर के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र जिसमें बजौरा, शाड़ाबाई, कलहैली, हाट दियार, बगीचा, परगान्, खोखन, भैंसनाला और आसपास के सभी इलाकों में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रखी जानी थी, जिसमें तकनीकि कारणों से बदलाव करना पड़ा। अतः अब उपरोक्त क्षेत्रों में 11 को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।




संदेश

## एनएचपीसी के सौजन्य से शिक्षण संस्थानों सहित विभिन्न संगठनों ने दिया स्वच्छता का संदेश

# सैंज में व्यापार मंडल ने चलाया सफाई अभियान

अनंत ज्ञान, सैंज


एनएचपीसी के सौजन्य से शिक्षण संस्थानों सहित विभिन्न संगठनों ने स्वच्छता का संदेश दिया व निकाली जागरूकता रैली।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत सैंज में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को व्यापार मंडल सैंज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एनएचपीसी पार्वती पॉवर स्टेशन 3 के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी प्रकाश चंद ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं, विशेषातिथि के रूप में पार्वती तीन के वरिष्ठ प्रबंधक जीटीएस राजू ने शिरकत की। लक्ष्मी नारायण मेला मैदान में स्वच्छता जागरुकता रैली को मुख्यातिथि ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

पार्वती पावर स्टेशन तीन द्वारा प्रायोजित स्वच्छता अभियान के तहत अस्पताल सड़क से होते हुए टैक्सी स्टैंड, सैंज फागला सड़क मार्ग व मेला मैदान में साफ-सफाई की गई। स्वच्छता अभियान में डिग्री कॉलेज सैंज के विद्यार्थियों, व्यापार मंडल सैंज के सदस्यों तथा प्रेस क्लब ऑफ सैंज के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से पोस्टर, बैनर एवं स्लोगन के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया। वहीं, एनएचपीसी के अधिकारियों के अलावा व्यापार मंडल से जुड़े दर्जनों लोगों ने रैली में भाग लेकर आम जनता को स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में घाटी के प्रबुद्ध लोगों ने भी सहयोग किया, जिसमें डिग्री कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. सुजाता, राणा मेडिकल स्टोर सैंज के केहर राणा का भी सराहनीय योगदान रहा। जागरूकता रैली के दौरान कार्यक्रम के मुख्यातिथि एनएचपीसी पार्वती पॉवर स्टेशन 3 के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी प्रकाश चंद ने व्यापार मण्डल के सदस्यों के अलावा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे दैनिक जीवन से जुड़ी कड़ी है, जिसे हमें विद्यार्थी जीवन से ही अमल में लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हम स्वस्थ जीवन जीना चाहते हैं, तो हमें अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना चाहिए और इस कड़ी में व्यापार मंडल की यह पहल सराहनीय है।

व्यापार मंडल के प्रधान झाबे राम ठाकुर ने बताया कि भारत सरकार के राष्ट्रीय कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान में विभिन्न संगठनों का सराहनीय योगदान रहा तथा व्यापार मंडल भविष्य में भी सामाजिक उत्थान की गतिविधियां निरंतर जारी रखेगा तथा घाटी के प्रबुद्ध लोगों और सामाजिक संगठनों से मिले सहयोग को बरकरार रहने की अपेक्षा भी हमेशा रहेगी, ताकि सभी के सामूहिक प्रयास से बेहतर समाज का निर्माण निरंतर होता रहे। इस अवसर पर पार्वती तीन के वरिष्ठ प्रबंधक जीटीएस राजू, डिग्री कॉलेज के प्रो. प्रेम, प्रो. वंदना आर्य, प्रो. प्रदीप, प्रो. होशियार शर्मा व सैंज कॉलेज के स्टूडेंट्स के अलावा व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपप्रधान कमलदेव, महासचिव लीलाधर चौहान, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में मुख्य सलाहकार योगेंद्र पाल शर्मा, उपप्रधान मीना देवी, गुमत राम, सचिव निधि सिंह, रेनू चांदनी, गाईत्री, माया, पवित्रा, गाईत्री, निधि सिंह, बबलू, रोहित कुमार, व्यापार मंडल के मीडिया प्रभारी दिवान नेगी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

## देवता टकरासी नाग ठारवी स्थित मंदिर से लाव-लश्कर के साथ नए मंदिर में विराजमान



अनंत ज्ञान, निरमंड

### 11 को होगा देवी-देवताओं का आगमन, 12 को होगी पूर्णाहुति

आनी की रघुपुर घाटी के अधिष्ठाता देवता टकरासी नाग की वास स्थली एवं पर्यटन स्थल टकरासी में देवता का नया मंदिर बनकर तैयार हो गया है। करीब डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से बने काष्ठकुणी शैली में नव निर्मित नए मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा गत 22 नवंबर से शुरू हो गई। इस धार्मिक आयोजन के साथ देवता टकरासी नाग अपने ठारवी स्थित मंदिर से पूरे लाव-लश्कर के साथ नए मंदिर में विराजमान हो गए हैं।

नव निर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का यह कार्यक्रम 12 को शिख फेर की रस्म और यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा। पूजा कमेटी के अध्यक्ष शेर सिंह ठाकुर, कारदार अमर सिंह तथा लीला प्रसाद ने बताया कि 22 दिनों तक नए मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए ब्राह्मणों द्वारा प्रतिदिन पूजा-पाठ व हवन यज्ञ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किए जा रहे हैं। इस धार्मिक आयोजन की पूर्णाहुति के पहले दिन 11 को रघुपुर घाटी के करीब 15 से अधिक देवी-देवता भाग लेंगे। इस दिन प्रदेश के महान समाजसेवी, उद्योगपति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए हिमाचल गौरव पुरस्कार से अलंकृत ठाकुर, मान सिंह मुख्यातिथि होंगे, जिनका मंदिर कमेटी व कारकूनों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा।

नाग देवता टकरासी की मंदिर प्रतिष्ठा को लेकर पूरे रघुपुर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पूजा कमेटी के अध्यक्ष शेर सिंह ठाकुर, कारदार अमर सिंह तथा लीला प्रसाद ने कहा कि देवता साहिब के नए मंदिर की पूजा के भव्य आयोजन को लेकर रघुपुर की मुहान, टकरासी, पोखरी, कराड़, रोपा, बिशलाधार, कोटासेरी, फनौटी, लगौटी, करशैईगाड़ सहित जलोड़ी व जांजा क्षेत्र के साथ पूरे इलाके के हजारों लोग इस प्राण-प्रतिष्ठा के साक्षी बनकर टकरासी नाग का आशीर्वाद लेंगे। बता दें कि मंदिर निर्माण में करीब चार से पांच साल का समय लगा है।



## न्यूज ब्रीफ

### धुंदन स्कूल में अपार आईडी के फायदे बताए



**दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस मेगा पीटीएम का मुख्य उद्देश्य सभी अभिभावकों को उनके बच्चे के लिए अपार आईडी बनाने के लिए जागरूक करना है। वरिष्ठ प्रवक्ता महेंद्र पाल कौंडल ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि अपार आईडी बनाना क्यों जरूरी है तथा अपार आईडी के क्या-क्या फायदे हैं। अपार आईडी में छात्र की एक-एक जानकारी होगी, जैसे कि नाम, पता, जन्मतिथि, खेलकूद से संबंधित गतिविधियां, एजुकेशन लोन, स्कॉलरशिप और अवार्ड से संबंधित पूरी जानकारी दी जाएगी। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने अभिभावकों से निवेदन किया कि वे सभी अभिभावकों को जागरूक करें क्योंकि अपार आईडी बनाने के लिए 31 मार्च तक डेडलाइन तय की गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अपार आईडी से हर छात्र को इसका लाभ मिलेगा। बैठक में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नेमी चंद ठाकुर, सदस्य प्रेम भगत, मेहर चंद, किशन लाल, हेमंत शर्मा, श्यामलाल आदि मौजूद रहे।

### नौणी में 16 से होगी पौधों की वार्षिक बिक्री



**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी 16 दिसंबर से किसानों के लिए फलों के पौधों की रोपण सामग्री की वार्षिक बिक्री शुरू करेगा। यह बिक्री नौणी के मुख्य परिसर में विश्वविद्यालय की नर्सरियों, कृषि विज्ञान केंद्रों और राज्य के विभिन्न हिस्सों में स्थित विश्वविद्यालय के अनुसंधान स्टेशनों पर पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर आयोजित की जाएगी। इस वर्ष, विश्वविद्यालय और अन्य स्टेशनों पर बिक्री के लिए उपलब्ध पौधों की कुल संख्या 2 लाख से अधिक है। इस बिक्री के दौरान किसानों को सेब, कीवी, अनार, खुमानी, आड़ू, नेक्टरीन, चेरी, अखरोट, नाशपाती, प्लम आदि की विभिन्न किस्में उपलब्ध करवाई जाएंगी। सीड्लिंग्स के साथ सेब के क्लोनल रूट स्टॉक पर तैयार पौधे भी उपलब्ध होंगे। लाहौल-स्पीति और पांगी के किसानों की सुविधा के लिए, बजौरा में क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान और प्रशिक्षण स्टेशन से पौधों की बिक्री 9 से शुरू होगी। राज्य के विभिन्न हिस्सों में स्थित विश्वविद्यालय के विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) और अनुसंधान स्टेशन भी 16 से पौधों की बिक्री आरंभ करेंगे। विवि की ओर से पौधों की रेट लिस्ट अपनी साइट पर अपलोड कर दी गई है।

### मीडिया की परिवर्तनकारी शक्ति के बीच समानताएं बताईं

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम, वार्षिक राष्ट्रीय मार्वल मीडिया फेस्ट के दूसरे संस्करण को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। संपन्न हुए इस कार्यक्रम में मीडिया और संचार में रचनात्मकता, सीखने और नवाचार का आयोजन किया गया। इस रोमांचक उत्सव में देश भर से छात्रों, विशेषज्ञों और उद्योग जगत के जानकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यातिथि, लर्निंग एंड इनोवेशन के निदेशक प्रोफेसर आशीष खोसला ने किया। उपस्थित लोगों में निष्ठा शुक्ला आनंद, ट्रस्टी और विपणन और संचार निदेशक, अवनी खोसला, उपाध्यक्ष और छात्र अनुभव और सफलता निदेशक, आशू खोसला, मुख्य शिक्षण अधिकारी और ब्रिगेडियर एसडी मेहता, निदेशक संचालन शामिल थे। प्रोफेसर आशीष खोसला ने अपने संबोधन से दर्शकों को प्रेरित किया, उन्होंने सुपरहीरो और मीडिया की परिवर्तनकारी शक्ति के बीच समानताएं बताईं। प्रतिष्ठित मार्वल फिल्मों का हवाला देते हुए, उन्होंने छात्रों को रचनात्मकता और नवीनता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया और एआई को उद्योग के लिए गेम-चेंजर बताया। प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) की चंडीगढ़ और शिमला की टीमों द्वारा एक आकर्षक सत्र आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व पीआईबी शिमला के निदेशक प्रीतम सिंह और पीआईबी चंडीगढ़ के मीडिया और संचार अधिकारी अहमद खान ने किया।



### सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली जागरूकता रैली

**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घणागुघाट के रोड सेफ्टी क्लब के सदस्य और विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना और ईको क्लब के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप में सड़क सुरक्षा से जागरूक करने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया। यह घणागुघाट विद्यालय परिसर से निकलकर बाजार से होती हुई रैली निकाली और स्वयंसेवकों ने नारे लगाकर स्थानीय लोगों को जागरूक किया, जिसका उद्देश्य आसपास के लोगों व समाज के लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन कर होने वाली दुर्घटनाओं से जान माल की हानि होना था। इस रैली में प्रधानाचार्य अजय शर्मा और रोड सेफ्टी क्लब के कार्यक्रम अधिकारी किशोर वर्मा और विद्यालय के समस्त प्राध्यापक व अध्यापक वर्ग शामिल हुए। रैली समाप्त होने के बाद कार्यक्रम अधिकारी व प्रधानाचार्य ने बच्चों को अपने संबोधन के द्वारा सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने कहा कि हमें सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए, जिससे हम स्वयं को भी सुरक्षित रख सकें और दूसरे भी सुरक्षित रह सकें।




### मुख को स्वच्छ व स्वस्थ रखने के बारे में बताया

**दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय छामला के संयुक्त तत्वाधान में और सलाम मुंबई फाउंडेशन के तकनीकी मार्गदर्शन में मौखिक जांच शिविर का आयोजन किया। डॉ. कुलभूषण शर्मा ने इस शिविर में 75 से अधिक विद्यार्थियों का मौखिक जांच कर मुख को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के तरीकों पर जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य तंबाकू से संबंधित रोगों की पहचान करना और तंबाकू मुक्त स्वस्थ्य विद्यालय की परिकल्पना को बढ़ावा देना था।

### सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल सम्मानजनक

**सराहां।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीआर मुसाफिर ने सराहां में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल सम्मानजनक एवं प्रदेश हितों से भरा रहा। प्रदेश को आत्मनिर्भर व विकासशील बनाने के लिए व्यवस्था परिवर्तन को लेकर कुछ कड़े तो कुछ साहसी कदम लिए गए, जो प्रदेश के मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता और सूझबूझ को दर्शाता है। मुसाफिर ने कहा कि सरकार की ओर से चलाई जा रही महिला सुख सम्मान निधि में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ा गया, जिससे महिलाओं का आर्थिक विकास हो, सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने वाले प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को सरकार बनते ही पुरानी पेंशन देकर उनके सम्मान और भविष्य को सुखद बनाया गया। मुसाफिर ने कहा कि सरकार बनने के कुछ माह बाद ही जिस तरह प्राकृतिक आपदा का कहर प्रदेश पर टूटा, वह एक भयावह स्थित उत्पन्न कर गया, लेकिन सीएम ने साहस व दमखम के साथ उस आपदा में प्रभावित लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान की एवं उनके पुर्ननिर्माण में भी भारी सहयोग किया।

### पूर्व सैनिकों के लिए खोली ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक

**बीबीएन।** हिमाचल के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में पूर्व सैनिक के लिए केंद्रीय डिफेंस मंत्रालय ने ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक खोल दिया है। यहां पूर्व सैनिक पिछले 7 साल से ईसीएचएस और कैंटीन की सुविधा की मांग कर रहे थे। पूर्व सैनिकों और पूर्व सैनिकों की विधवाओं को इसके लिए रोपड़, चंडी मंदिर और सोलन में धक्के खाने पड़ते हैं, लेकिन अब पूर्व सैनिक और उनके आश्रितों को घरद्वार पर ही स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। उन्होंने ईसीएचएस के साथ-साथ कैंटीन खोलने की भी मांग उठाई है। नालागढ़ में पूर्व सैनिक लीग की स्थापना-2017 में हुई थी। उस समय से ही लीग नालागढ़ में कैंटीन और ईसीएचएस सुविधा प्रदान करने के लिए पश्चिमी कमान चंडी मंदिर और आर्मी ट्रेनिंग कमांड शिमला से पत्र व्यवहार कर रही थी। पश्चिमी कमान वाले कहते हैं कि शिमला संपर्क करें और शिमला वाले पश्चिमी कमान चंडी मंदिर के लिए कहते हैं, लेकिन अब केंद्र सरकार ने पूर्व सैनिकों की मांग को पूरा कर लिया है।

# सोलन में घर-घर पहुंच कर टीबी मरीजों की जांच करेंगी आशा वर्कर्स

**आर मोहन चौहान, सोलन**




भारत सरकार के टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला सोलन को टीबी मुक्त बनाने के लिए सोलन स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। विभाग अब 100 दिनों तक जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर टीबी के मरीजों का सर्वे करने जा रहा है। इसके लिए विभाग ने कई टीमों का भी गठन किया है।

इन टीमों में आशा वर्कर्स शामिल हैं, जो घर-घर जाकर मरीजों की जांच करेंगी। इस मुहिम के अंतर्गत आशा वर्कर्स छुपे हुए टीबी मरीजों की जांच करेंगी। मसलन किसी व्यक्ति में टीबी के लक्षण दिख रहे हो, लेकिन अब तक उसका टेस्ट नहीं हो पाया है, तो तुरंत प्रभाव से आशा वर्कर्स की टीम उसका सैंपल जांच के लिए भेज देंगी। इससे जहां एक तरफ टीबी के मरीजों का सही आंकड़ा पता चलेगा। तो वहीं दूसरी तरफ छुपी हुई टीबी के मरीज भी सामने आएंगे। बता दें कि प्रदेश सरकार टीबी मुक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी के तहत जिला सोलन स्वास्थ्य विभाग भी अपने स्तर पर अब टीबी के मरीजों को ढूंढने में जुटा हुआ है। सोमवार को सोलन सीएमओ कार्यालय में एक बैठक का इसी संदर्भ में आयोजन किया गया था। इस बैठक में आने वाले दिनों में चलने वाली मुहिम के बारे में उचित दिशा-निर्देश जारी

### पंचायतों को किया गया सम्मानित

**वहीं** टीबी मुक्त जिला सोलन को बनाने के लिए इस वर्ष सोलन स्थानीय प्रशासन की तरफ से जो पंचायतें टीबी मुक्त हैं। उन्हें सम्मानित भी किया गया था। इन पंचायतों को सोलन डीसी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया था। इस मुहिम के तहत अब वर्ष-2025 में भी जो पंचायतें टीबी मुक्त होंगी, उन्हें सोलन डीसी सम्मानित करेंगे।

### टीबी मुक्त को कई संस्थाएं भी आई आगे

**सोलन** को टीबी मुक्त बनाने के लिए जिले की कई संस्थाएं भी आगे आई हैं। इसमें केमिस्ट एसोसिएशन सबसे आगे है। केमिस्ट्री एसोसिएशन ने अपने सभी दुकानदारों की दुकान के आगे टीबी से बचने के उपाय लिखे हैं, जबकि कई एनवेलप भी ऐसे बनाए हैं, जिसमें टीबी के बारे में जानकारी दी गई है। इसके अलावा यदि कोई भी खांसी की दवा लेने आता है, तो उसका रिकॉर्ड भी मेंटेन किया जाता है। कुल मिलाकर जिला सोलन की कई संस्थाएं आगे आई हैं।

> केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि 2025 तक देश भर से टीबी खत्म हो जाए। हिमाचल प्रदेश सरकार भी इसी लक्ष्य को आगे लेकर चल रही है। इसी कड़ी में अब जिला सोलन में टीबी के लिए एक बड़ी मुहिम चलाई जा रही है, जिसमें टीबी के मरीजों का सर्वे किया जाएगा और यदि किसी मरीज में इसके लक्षण दिखते हैं, तो उसके सैंपल लेकर तुरंत उसे जांच के लिए भेजा जाएगा।
>
> **डॉ. अमित रंजन तलवाड़, अतिरिक्त कार्यभार, सीएमओ सोलन।**

## विकास रैली में पच्छाद से बिलासपुर जाएंगे अढ़ाई सौ कार्यकर्ता : मुसाफिर



सराहां में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जीआर मुसाफिर।

**अनंत ज्ञान, सराहां**

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगूराम मुसाफिर ने सराहां में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा दो वर्ष के कार्यकाल को लेकर अढ़ाई सौ कार्यकर्ता बिलासपुर में होने वाली विकास रैली में जाएंगे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में दो वर्षों में प्रदेश में अभुतपूर्व विकास हुआ है। पूर्व भाजपा सरकार प्रदेश सरकार के ऊपर 75 हजार करोड़ का कर्ज छोड़कर गई थी, लेकिन सीएम की सूझबूझ व जनकल्याण नीतियों के कारण आज प्रदेश विकास की राह पर दौड़ रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे सुख आश्रय योजना, महिलाओं के लिए इंदिरा गांधी सुख सम्मान निधि योजना, ग्रामीण महिलाओं के लिए उचित उत्थान के लिए दूध का समर्थन मूल्य बढ़ाना एवं राजीव गांधी स्टार्टअप पेपर योजना, जिससे युवाओं के लिए टैक्सी योजना चलाकर उन्हें उचित रोजगार प्रदान करने तथा सोलर पैनल के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को 50 फीसदी अनुदान प्रदान किया जा रहा है। प्राकृतिक खेती के लिए भी किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। लोगों ने प्रदेश में हुए उपचुनाव में भाजपा को हराकर यह साबित कर दिया है कि प्रदेश की जनता प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू के साथ है। उन्होंने कहा कि 11 दिसंबर को बिलासपुर में प्रदेश की जनता भारी मात्रा में आकर इस विकास रैली के माध्यम से साबित करेगी कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के साथ भारी जन समर्थन है।

## विवाहित युवती ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अर्की।** पुलिस स्टेशन अर्की में एक 27 वर्षीय विवाहित द्वारा फांसी लगा कर आत्महत्या का मामला दर्ज हुआ है।

पुलिस के अनुसार उन्हें दूरभाष द्वारा शिकायत मिली कि गत्त दिवस रविवार को एक नवविवाहिता युवती गांव सेरी डाकघर बखालग अर्की उम्र 27 वर्ष प्रात: पशुओं के लिए घास लाने गई थी, लेकिन काफी समय बीतने पर भी जब वह नहीं आई, तो परिजनों ने मृतका को फोन काल की, लेकिन मृतका ने फोन नहीं उठाया, जिस पर परिजनों व आसपास के लोगों ने मृतका की खोज की तो उसे चुन्नी से पेड़ पर फांसी का फंदा लगा कर लटका पाया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अर्की अस्पताल भेज दिया। मृतका का पति जो कि उस समय घर पर मौजूद नहीं था। वह बद्दी में निजी कंपनी में कार्य करता है। डीएसपी संदीप शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पोस्टमार्टम के पश्चात मृतका के शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

### भाजपा अध्यक्ष बोले- जश्न हिमाचल प्रदेश की जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा

## जश्न उपलब्धियों का नहीं, जश्न-ए-बर्बादी : बिंदल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा मनाए जा रहे जश्न की पोल खोलने के लिए सोलन के जन आक्रोष प्रदर्शन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि ये जश्न हिमाचल प्रदेश की जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रहा है। 2 वर्ष की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने प्रदेश की आम जनता को अनेक-अनेक जख्म दिए हैं। बेरोजगार युवकों को झूठी गारंटियों के माध्यम से ठगा, न नौकरी दी, न रोजगार दिया और उनका शरीर जख्मों से छल्ली कर दिया और अब कांग्रेस पार्टी उन जख्मों पर नमक छिड़ककर बेरोजगारों का मजाक बना रही है।




सोलन में जन आक्रोश रैली निकालते भाजपा कार्यकर्ता।

बिंदल ने कहा कि 2 साल का कांग्रेस का शासन भ्रष्टाचार का, भाई-भतीजावाद का, माफिया राज का शासन रहा और सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार अव्यवस्था, अनारकी, झूठ और फरेब के लिए जानी जाएगी। विगत 2 वर्षों में पूरे भारत में हिमाचल प्रदेश को हंसी का पात्र बना दिया इस सरकार ने, जो हिमाचल अपनी शांति व्यवस्था, कर्मशीलता, प्राकृतिक सौंदर्य और बेहतरीन वातावरण के लिए जाना जाता है, अब वो समोसे वाली सरकार के नाम जाना जाता है। बिंदल ने कहा कि सरकार का ये जश्न उपलब्धियों का नहीं, बल्कि जश्न-ए-बर्बादी है। उन्होंने मित्रों की सरकार मस्त और हिमाचल प्रदेश की जनता त्रस्त, यही है सुक्खू सरकार का व्यवस्था परिवर्तन। बिंदल ने कहा कि दिसंबर 2022 से 28 लाख बहनों 18 साल से उपर की सभी बहनों को 1500 रुपए महीना आएगा। न जाति-पाति, न आमदनी न नौकरी किसी चीज का ख्याल किए बिना 18000 रुपए साल पांच साल तक मिलेंगे। इस वादे पर प्रदेश की महिलाओं ने 4 प्रतिशत अधिक मतदान किया और झूठी कांग्रेस को सत्ता सौंपने में अहम भूमिका निभाई।

सत्ता में आते ही सुखविंदर सुक्खू ने रोना शुरू कर दिया, जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया कि प्रदेश का खजाना खाली है। सांसद सुरेश कश्यप ने आक्रोश प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि टूरिजम के ऐसे होटल जो मुनाफे में चल रहे थे, उनको बेचने की तैयारी चल रही है, इस प्रकार की न्यूज देखने को मिलती है उससे बड़ा दुख होता है। देव भूमि हिमाचल आज इस प्रकार की घटाओं से कांग्रेस सरकार के इन दो वर्षों में हिमाचल प्रदेश को एक दशक को पीछे धकेल दिया है।

## सीएम का पुतला जलाने का प्रयास

**सोलन।** सोलन में भाजपा की जन आक्रोश रैली में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के भाषण समाप्त होते ही पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा माल रोड पर सीएम का पुतला जलाने का प्रयास हुआ पर पुलिस पार्टी कार्यकर्ताओं से पुतला छीनने में कामयाब रही। इस बीच पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं की बीच धक्का-मुक्की भी हुई। पुलिस को पुतला छुड़ाने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं, भाजपा अध्यक्ष बिंदल ने कार्यकर्ताओं से पुतला छोड़ने की अपील की, तब जाकर मामला शांत हुआ। इस बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस को गच्चा देते हुए दूसरी तरफ एक और पुतला जलाकर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस कार्यकर्ताओं को रोकती रही पर तब तक पुतला जल चुका था, जिससे मॉल रोड पर कुछ समय एक धुएं का गुब्बार बन गया।

## अदरक के दाम गिरने से किसानों को भारी निराशा

**अनंत ज्ञान, सराहां**

पच्छाद क्षेत्र के किसानों द्वारा लगाई गई अदरक की फसल के दाम गिरने से किसानों को भारी निराशा हाथ लगी है। क्षेत्र में किसानों द्वारा बड़े पैमाने पर अदरक की फसल लगाई गई है, लेकिन इस बार अदरक के दाम 1200 से 1600 रुपए तक आने के कारण किसानों की पूरी तरह से कमर टूट चुकी है। हालात यह हैं कि किसान बीज के पैसे भी पूरे नहीं कर पा रहे हैं।

पच्छाद क्षेत्र के किसानों द्वारा जो अदरक की नकदी फसल लगाई जाती है, उसी से वह जहां अपने परिवार की आजीविका चलाते हैं। वहीं, वर्ष भर में यदि कोई नया काम करना है, तो भी इसकी आमदनी से करते हैं, लेकिन इस बार अदरक के दाम गिरने से किसानों के हाथ पूरी तरह से मायूसी हाथ लगी है। सब्जी मंडी सराहां में आ रहे किसानों ने बताया कि बरसों बाद अदरक के दाम इस तरह से गिरे हैं। इससे पहले पिछले साल भी 1800 से 2200 रुपए प्रति 40 किलो के बीच अदरक बिका था, लेकिन इस बार तो 1200 से 1600 रुपए प्रति 40 किलो के बीच

### अदरक की जगह किसी और नकदी फसल को लगाने की किसान बना रहे योजना

आजकल मंडी में अदरक बिक रहा है, जबकि 6000 रुपए से 9300 प्रति 40 किलो के हिसाब से बीज खरीदा गया है, जिस कारण बीज के पैसे भी पूरा नहीं कर पा रहे हैं। हिमाचल का अदरक पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान में सप्लाई न होने के कारण भी दाम कम हुए हैं व इसके अलावा असम व बेंगलुरू में अदरक की बंपर फसल होने के कारण व वहां के अदरक के दाम कम होने के कारण भी हिमाचल का अदरक कम दाम पर बिक रहा है। आढ़तियों व किसानों ने कहा कि बड़ी मात्रा में किसानों द्वारा अदरक लगाया गया है, लेकिन कम दाम होने के कारण किसानों का इस फसल के लगाने से लगातार मोहभंग होता जा रहा है। अगली बार अदरक की जगह किसी और नकदी फसल को लगाने की योजना किसानों द्वारा बनाई जा रही है। हैरानी की बात है कि अरबी व कचालू भी अदरक से दोगुना भाव में बिक रहे हैं।

### जोनल स्तरीय ब्रास बैंड प्रतियोगिता

## पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू ने झटका प्रथम स्थान



**अनंत ज्ञान, सोलन**

सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज लखनऊ उत्तरप्रदेश में दो दिवसीय जोनल स्तरीय ब्रास बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 28 विद्यालयों ने भाग लिया। विद्यालय ध्वज के साथ स्कूल बैंड पर 'स्वागतम' सारे जहां से अच्छा, विजय भारत, जी करदा, कदम-कदम बढ़ाए जा, अलमोरा और हम होंगे कामयाब की धुनों पर उत्साह व जोश के साथ लखनऊ उत्तरप्रदेश में दो दिवसीय नेशनल को-ऑर्डिनेटर बैंड शिक्षा मंत्रालय दिल्ली मृदुला सरकार के तत्वावधान में आयोजित जोनल स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जोनल स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता में उतरी जोनल के सभी राज्यों से आए स्टूडेंट्स इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रस्तुत हुए। इस अवसर पर ब्रास बैंड प्रतियोगिता में पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू, जिला सोलन के विद्यार्थियों द्वारा शानदार प्रस्तुती दी गई, जिस कारण उन्हें प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया। पाइन ग्रोव स्कूल के स्टूडेंट्स ने स्कूल के साथ-साथ अपने राज्य हिमाचल का नाम भी रोशन किया।

## जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले का 13 दिसंबर को राज्यपाल करेंगे शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले के संबंध में सोमवार को समीक्षा बैठक आयोजित हुई। नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरदीप सिंह बावा ने कहा कि सभी विभागों तथा स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से 13 से 15 दिसंबर को जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले का सफल आयोजन किया जाएगा। हरदीप सिंह बावा ने नालागढ़ में जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले के सफल आयोजन के लिए गठित विभिन्न समितियों के प्रभारियों व संस्थाओं के साथ बैठक की।

उन्होंने कहा कि हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 13 को मेले का शुभारंभ करेंगे। 14 को हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मेले में मुख्यातिथि होंगे और 15 को प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू मेले का समापन करेंगे। विधायक ने मेले के सफल आयोजन के लिए गठित समितियों के प्रभारियों व पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ मेले के आयोजन के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया। उन्होंने कानून एवं व्यवस्था, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं एवं अन्य आवश्यक सेवाएं बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में खेलकूद प्रतियोगिता, बेबी शो, फ्लावर शो, पेट शो, कवि सम्मेलन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारियों से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। हरदीप सिंह बावा ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा में रेडक्रॉस समिति की अहम भूमिका होती है। मेले से प्राप्त आय रेडक्रॉस समिति के संसाधनों को बढ़ाकर पीड़ित मानवता की भलाई के कार्यों को और आगे ले जाने में सहायता करेगी। इस मेले का सफल आयोजन नालागढ़ उपमंडल के लिए महत्वपूर्ण है। उपमंडलाधिकारी नालागढ़ राजकुमार ने कहा कि रैफल ड्रा की विक्रय टिकटों की राशि जल्द उपमंडल अधिकारी कार्यालय नालागढ़ में जमा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक में सभी विभागों तथा गठित समितियों के प्रभारियों को समय पर अपना दायित्व निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने आशा जताई कि सभी के सहयोग से मेला पूर्ण रूप से सफल रहेगा।

**आयोजन** — जिला स्तरीय स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा बैठक आयोजित

## सोलन के 1838 गांव खुले में शौच मुक्त

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि इस वर्ष सोलन जिले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कार्यक्रम के अंतर्गत 3.25 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। मनमोहन शर्मा जिला स्तरीय स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) तथा खंड विकास अधिकारियों के साथ विभिन्न विकासात्मक कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

डीसी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत सोलन के सभी 2249 गांव को खुले में शौच मुक्त प्लस आदर्श गांव घोषित करने का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि जिले में अब तक 1838 गांव खुले में शौच मुक्त प्लस आदर्श गांव घोषित किए जा चुके हैं। उन्होंने शेष गांवों को इस वर्ष के अंत तक खुले में शौच मुक्त प्लस आदर्श गांव बनाने के लिए सतत् कार्य करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि सोलन के बड़ोग में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई स्थापित कर दी गई है। धर्मपुर, कंडाघाट, कुनिहार तथा नालागढ़ में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस इकाई के स्थापित होने से प्लास्टिक के सही निष्पादन से पर्यावरण शुद्ध होगा और क्षेत्रों में साफ-सफाई रहेगी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले के 2249 गांव में से 1935 गांव ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत कवर कर दिए गए हैं। सोलन में अब तक 743 सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण किया जा चुका है। इसके बनने से लोगों को स्वच्छ सुलभ शौचालयों की सुविधा प्राप्त हो रही है, अब तक जिले में 2041 व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों का निर्माण भी करवाया जा चुका है।



जिला स्तरीय स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण तथा खंड विकास अधिकारियों के साथ विभिन्न विकासात्मक कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सोलन।

डीसी ने कहा कि जिले में पर्यटन व्यवसाय से जुड़े 37 होम स्टे का स्वच्छता ग्रीन लीफ के तहत स्वच्छता मूल्यांकन किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले की सभी पंचायतों में प्लास्टिक कचरा संग्रहण-सह पृथक्करण शैड का निर्माण भी किया जा रहा है। इनमें कठोर प्लास्टिक, प्लास्टिक थैलियां, प्लास्टिक बोतलें तथा धातु कचरा एकत्रित करने के लिए पृथक प्रकोष्ठ बनाए गए हैं, ताकि अलग-अलग प्रकार के कचरे का सही निष्पादन किया जा सके। डीसी ने जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के सभी खंड विकास अधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए जानकारी दी कि जिले में मनरेगा के तहत विभिन्न विकास कार्यों के लिए 74342 कार्य दिवस अर्जित किए गए हैं। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि मनरेगा के तहत जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उसकी जानकारी उचित स्तर पर साझा की जाए। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित बनाया जाए कि मनरेगा के तहत प्रदान की जा रही मजदूरी सही व्यक्ति के बैंक खाते में ही डाली जाए।



## न्यूज ब्रीफ

### अंबिका कॉलेज में फ्रॉस्टी फिएस्टा कार्निवाल का उत्साह



**चंडीगढ़।** फ्रॉस्टी फिएस्टा कार्निवाल सोमवार को अंबिका ग्रुप ऑफ कॉलेज, खरड़, मोहाली में जारी किए गए भव्य पोस्टर के साथ शुरू हुआ। पोस्टर का कॉलेज की प्रबंध निदेशक विभा पांडे ने किया। बहुप्रतीक्षित कार्निवल 15 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से शुरू होगा, जिसमें स्वादिष्ट भोजन, लाइव संगीत, रोमांचक गतिविधियां और नॉन-स्टॉप मनोरंजन का एक मजेदार दिन होगा। रोमांचक खेलों से लेकर लाइव प्रदर्शन और उत्सव के व्यंजनों तक, फ्रॉस्टी फिएस्टा इस सीजन का मुख्य आकर्षण होने का वादा करता है। यह कार्यक्रम उत्सव और आनंद के जीवंत माहौल को उजागर करेगा। कार्यक्रम का मुख्य प्रायोजक धारा मोटर्स बिजनौर है, ने इस कार्यक्रम का भरपूर समर्थन किया है। हम वास्तव में उनके आभारी हैं। अपने कैलेंडर पर निशान लगाएं और फ्रॉस्टी फिएस्टा के जादू का जश्न मनाने के लिए अंबिका ग्रुप ऑफ कॉलेज, खरड़, मोहाली में हमारे साथ जुड़ें।

### पंजाबी गायक दोसांझ का 'दिल-लुमिनाती' शो 14 को



**चंडीगढ़।** पंजाबी सिंगर व एक्टर दिलजीत दोसांझ का 'दिल-लुमिनाती' इंडिया टूर कॉन्सर्ट अब चंडीगढ़ में होने जा रहा है। चंडीगढ़ में उनका यह शो 14 दिसंबर को होगा। इससे पहले दिलजीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में है। पंजाबी सिंगर व एक्टर दिलजीत दोसांझ इन दिनों 'दिल-लुमिनाती' इंडिया टूर कॉन्सर्ट को लेकर चर्चा में हैं। एक दिन पहले रविवार को दिलजीत ने इंदौर में शो किया। उनका यह शो भी पहले की तरह हिट रहा। हालांकि उनके शो का इंदौर में विरोध हो रहा था। विरोध के बावजूद उनके शो में लाखों की भीड़ उमड़ी। पंजाब के जालंधर के रहने वाले दिलजीत का अगला शो चंडीगढ़ में होने वाला है। उनका यह शो 14 दिसंबर को होगा। दिलजीत के शो की टिकट बुकिंग भी शुरू हो गई है।

### हरियाणा में 10वीं पास होते ही मिलेंगे भर्तियों के मैसेज

**चंडीगढ़।** युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) अब किसी भी भर्ती के लिए युवाओं को खुद संदेश भेजकर जानकारी देगा। यदि युवा चाहेगा तो उक्त भर्ती के लिए आवेदन कर सकेगा। आयोग की तैयारी है कि 10वीं पास करते ही युवा खुद को एचएसएससी की साइट पर रजिस्ट्रेशन करा सकेगा। इससे उसकी यूनिक आईडी बनेगी, जो नौकरी लगने तक काम आएगी। इसके बाद योग्यता के अनुसार भर्तियों की जानकारी संबंधित युवा को मैसेज या ई-मेल से मिलेगी। इसके लिए वह आवेदन कर सकता है, जब युवा 12वीं या ग्रेजुएशन या पोस्ट ग्रेजुएशन के अलावा कोई अन्य डिग्री हासिल करेगा, तो वह अपनी क्वालिफिकेशन अपनी आईडी के साथ अटैच कर सकेगा, जब भी आयोग क्वालिफिकेशन के हिसाब से अन्य भर्तियां निकालेगा, इसकी जानकारी मिल सकेगी। इसका ट्रायल सफल होने पर लागू किया जाएगा।

### शिरोमणि अकाली दल लड़ेगा एमसी चुनाव



**चंडीगढ़।** नगर निगम चुनाव होने से पहले अकाली दल ने बड़ा फैसला लिया है, जिसका ऐलान कोर कमेटी के सदस्य दलजीत चीमा ने किया है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल एमसी के चुनाव लड़ेगा। 5 नगर निगम पर 43 कौंसिल में चुनाव होंगे। वहीं, इससे पहले अकाली दल ने नवंबर में हुए उपचुनावों से किनारा कर लिया था। उन्होंने उपचुनाव में अपना कोई भी उम्मीदवार नहीं उतारा था। उन्होंने कहा कि पूरी पार्टी सुखबीर बादल के साथ खड़ी है। अकाली दल ने कोर कमेटी की हंगामी बैठक बुलाई।

### बंगाल में देसी बम फटने से तीन की मौत



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में कथित तौर पर अवैध देशी बम बनाते समय हुए धमाके में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कुछ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार देर रात सागरपारा ग्राम पंचायत के अंतर्गत खोयरतला गांव में हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल लोग मौके से फरार हो गए।

### दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून की यात्रा पर प्रतिबंध

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के न्याय मंत्रालय ने सोमवार को राष्ट्रपति यून सूक येओल की विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया, क्योंकि अधिकारी पिछले सप्ताह उनके द्वारा की गई अल्पकालिक 'मार्शल लॉ' की घोषणा के संबंध में विद्रोह और अन्य आरोपों की जांच कर रहे हैं। मंगलवार को यून की ओर से 'मार्शल लॉ' लगाए जाने के कारण सियोल की सड़कों पर सशस्त्र विशेष बलों की टुकड़ियां उतर आईं तथा देश में भारी राजनीतिक उथल-पुथल मच गई।

### सोनिया गांधी को दी जन्मदिन की बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने सोमवार को पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी को जन्मदिन पर बधाई दी और कहा कि वह सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण तथा त्याग की मिसाल हैं। खड़गे ने सोनिया गांधी के आवास '10 जनपथ' पर उनसे मुलाकात कर जन्मदिन की बधाई दी। वहीं, मायावती औ अखिलेश यादव ने भी बधाई। खड़गे ने 'एक्स' पर कहा कि 'मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।'

### राहुल नार्वेकर बने महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष

**मुंबई।** भाजपा विधायक राहुल नार्वेकर सोमवार को 15वीं महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए। नार्वेकर ने रविवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्हें निर्विरोध चुना गया, क्योंकि विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी (एमवीए) ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया था।

### टोंगा के प्रधानमंत्री सोवालेनी ने दिया इस्तीफा



**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)।** टोंगा के प्रधानमंत्री सियाओसी सोवालेनी ने अपने नेतृत्व के खिलाफ प्रस्तावित अविश्वास प्रस्ताव से पहले सोमवार को संसद में अचानक इस्तीफा दे दिया, जिससे उनकी सरकार और टोंगा के राजा के बीच तनावपूर्ण संबंधों का दौर समाप्त हो गया। सोवालेनी ने अपने इस्तीफे का कारण नहीं बताया, लेकिन उनके इस्तीफे से सोमवार को होने वाला अविश्वास प्रस्ताव रुक गया। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि उनका उत्तराधिकारी कौन होगा। सोवालेनी ने 2021 में पदभार संभाला था।

### प्लेन से टकराया पक्षी, पटना में इमरजेंसी लैंडिंग



**नई दिल्ली।** सोमवार को 2 फ्लाइट्स की इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। पहला मामला दिल्ली से शिलॉन्ग जा रही फ्लाइट से जुड़ा है, जिसकी पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। प्लेन की विंडशील्ड से पक्षी टकरा गया था। जिससे वह टूट गई। अधिकारियों के मुताबिक विमान के सभी 80 यात्री सुरक्षित हैं। इसके अलावा, कोच्चि जा रहे एक प्राइवेट कंपनी के प्लेन की भी चेन्नई में इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। एयरपोर्ट अथॉरिटी के मुताबिक प्लेन में तकनीकी खराबी आई थी। फ्लाइट में 117 यात्री थे। सभी सुरक्षित हैं।

# सीएम धामी ने 157 स्टूडेंट्स को भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण पर किया रवाना

## देशवासियों को उत्तराखंड की विशिष्टता से भी परिचित करवाएंगे स्टूडेंट्स

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को शिक्षा निदेशालय, नानूरखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में हाई स्कूल परीक्षा-2024 के टॉपर 157 छात्र-छात्राओं के दल को भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण यात्रा पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राएं भ्रमण कार्यक्रम के दौरान देशवासियों को उत्तराखंड की विशिष्टता से भी परिचित कराने का काम करेंगे।

मुख्यमंत्री घोषणा के क्रम में शिक्षा विभाग ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के ब्लॉक स्तर पर मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम शुरू कर दिया है। इसके तहत हाई स्कूल परीक्षा 2024 के कुल 157 विद्यार्थियों के दल को सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड आज ऐसे निर्णय ले रहा है, जो पूरे देश के लिए बेस्ट प्रैक्टिस साबित हो रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने नौ नवंबर के संबोधन में इन निर्णयों का उल्लेख कर राज्य सरकार को प्रोत्साहित किया है। प्रधानमंत्री ने इसे उत्तराखंड में विकास का महायज्ञ करार दिया है। इसी क्रम में अब प्रदेश सरकार बोर्ड परीक्षा के मेधावी स्टूडेंट्स को देश के विभिन्न राज्यों के ऐतिहासिक, शैक्षिक महत्व वाले स्थलों के भ्रमण पर भेज रही है। पहला दल आज हिमाचल, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली के ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण पर जा रहा है। यह भ्रमण उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था में नया अध्याय जोड़ेगा। स्टूडेंट्स इस दौरान जहां भी जाएंगे, वहां उत्तराखंड के ब्रांड अंबेसडर के तौर पर खुद को पेश करें। इसलिए सभी स्टूडेंट्स उत्तराखंड की पवित्र नदियों, देवस्थानों, मौसम, पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी लेकर जाएं।

उन्होंने कहा कि शीतकाल के लिए चार धामों के कपाट बंद होने के बाद अब शीतकालीन प्रवास स्थल पर भगवान के दर्शन हो सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार शीतकालीन यात्रा प्रारंभ कर चुकी है। दल में शामिल छात्र-छात्राएं इस बात की जानकारी दे सकते हैं कि शीतकालीन गद्दी पर भी लोग दर्शन कर पुण्य प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम स्टूडेंट्स की सोच और व्यक्तित्व विकास को नया आयाम देगा। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि बच्चों के भ्रमण से प्राप्त अनुभव भी लिए जाने चाहिए। शिक्षा मंत्री डॉ धनसिंह रावत ने कहा कि पहली बार कोई राज्य सरकार अपने प्रदेश में ब्लॉक स्तर के टॉपर दो-दो बच्चों के लिए इस तरह का शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम शुरू कर रही है। इस दौरान मेधावी आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम के साथ ही वहां के राज्यपाल और मुख्यमंत्रियों से भी मिलेंगे। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक उमेश शर्मा काऊ, राजपुर विधायक खजान दास, कैंट विधायक सविता कपूर, रविनाथ रमन, सुश्री झरना कमठान व अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# आतंकियों को सम्मानित करते रहे हैं अकाली: रवनीत बिट्टू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

**बोले चौड़ा जैसे लोग आतंकवादी, सुखबीर को पहले ही बताया था**



केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल खुद आतंकियों को सम्मानित करता रहा है और अब जब खुद पर हमला हुआ, तो उन्हें चौड़ा जैसे लोगों के खिलाफ बयान देने की याद आ गई। यही नारायण सिंह चौड़ा ने जब उन पर हमला किया था, तो अकाली सरकार के समय उन्हें सम्मानित भी किया गया था।

बिट्टू ने कहा कि अकाली दल तो यह बात कर रहा है कि जब खुद के घर में आग लगी तो दर्द हुआ। केंद्रीय राज्यमंत्री सोमवार को लुधियाना पहुंचे थे, जहां उन्होंने भाजपा नेताओं के साथ मीटिंग की और चुनाव को लेकर रणनीति बनाई बिट्टू ने कहा कि नारायण सिंह चौड़ा ने सुखबीर बादल पर हमला किया, वह भावनाओं में आकर किया है। बिट्टू ने कहा कि जब अपने घर में आग लगती है, तो पता चलता है कि कितनी गर्मी है। जब दूसरों के घर में आग लगती है, तो अक्सर ऐसा लगता है कि लोहड़ी जली है, जब मैं सुखबीर बादल से कहता था कि चौड़ा जैसे लोग आतंकवादी हैं। ये सांप हैं जो दूध पिलाओ तो भी डस लेंगे। ये लोग जब भी जेल से बाहर आएंगे तो डसेंगे, ये लोग कभी नहीं बदल सकते, ये किसी के सगे नहीं हैं। उस समय अकाली दल या सुखबीर ने ध्यान नहीं दिया। आज इन सांपों ने खुद सुखबीर बादल को डस लिया, तो पूरा अकाली दल अब परेशान है। चौड़ा जैसे इन आतंकी सोच के लोगों को सरकार को दबा कर रखना चाहिए।

# पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मारा गया पाकिस्तानी घुसपैठिया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



पंजाब के अमृतसर जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक संदिग्ध पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया गया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। यह घटना रविवार रात महावा गांव के पास सीमावर्ती इलाके में हुई जब बीएसएफ के जवानों ने कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखीं।

प्रवक्ता ने कहा कि रात के समय, ड्यूटी पर तैनात सतर्क बीएसएफ जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए की संदिग्ध हरकत देखी, जो चुपके से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर गया और अंधेरे का फायदा उठाकर सीमा सुरक्षा बाड़ के पास जाने लगा। प्रवक्ता ने कहा कि बीएसएफ जवानों ने घुसपैठिए को चुनौती दी, लेकिन वह नहीं रुका और सुरक्षा बाड़ की ओर भागने लगा।

उन्होंने कहा, 'उसकी आक्रामकता को देखते हुए, ड्यूटी पर तैनात जवानों ने आगे बढ़ रहे घुसपैठिए पर गोली चलाई और उसे मौके पर ही मार गिराया।'

## पंजाब में 24 दिसंबर से स्कूल रहेंगे बंद

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश की घोषणा कर दी है। प्रदेश के सभी सरकारी, निजी, सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त स्कूल 24 से 31 दिसंबर तक बंद रहेंगे। शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि यह फैसला बढ़ती ठंड को देखते हुए लिया गया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह आदेश शिक्षा मंत्री की मंजूरी के बाद जारी किया गया है। आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सभी स्कूलों को इस आदेश का पालन करना अनिवार्य है, जो भी स्कूल इस आदेश का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# फगवाड़ा की गोशाला में 20 गउएं मरी हिंदू संगठनों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, फगवाड़ा (पंजाब)**



पंजाब के फगवाड़ा में एक गोशाला में 20 गऊओं के मरने एवं 28 के बीमार होने के बाद विभिन्न हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन करते हुए चारे में जहर मिला दिए जाने का आरोप लगाया। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि इस घटना के पीछे किसी दुर्भावना का कोई संदेह नहीं है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को कहा कि इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और सभी कोणों से उसकी जांच की जा रही है।

फगवाड़ा की पुलिस अधीक्षक रूपिंद्र कौर भट्टी ने बताया कि रविवार रात श्री कृष्ण गोशाला, मेहलीगेट में 20 गऊओं की मौत हो गई और 28 अन्य बीमार हो गईं। गुरु अंगद देव पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सकों का एक बोर्ड शवों का पोस्टमार्टम कर रहा है। भट्टी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा। उन्होंने कहा कि हमें इस घटना के पीछे कोई दुर्भावनापूर्ण उद्देश्य नहीं मिला है, लेकिन हम सभी कोणों से मामले की जांच कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है तथा यह पता किया जा रहा है कि इस घटना के पीछे कोई शरारत तो नहीं है। उन्होंने कहा कि बीमार गायों का पशु चिकित्सकों का एक दल इलाज कर रहा है। पुलिस ने कहा कि गौशाला प्रबंधक सतनाम सिंह की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता और पशु क्रूरता रोकथाम अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। हिंदू संगठनों के आह्वान पर इस घटना के विरोध में फगवाड़ा में बंद रखा गया। हिंदू संगठनों का आरोप है कि चारे में जहर मिला दिया गया है। उन्होंने मांग की कि इस घटना के पीछे जो लोग हैं उन्हें गिरफ्तार किया जाए। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता सोम प्रकाश और विजय सांपला, आप सांसद राज कुमार चब्बेवाल और कुछ अन्य नेताओं ने गोशाला का दौरा किया।

## देश-विदेश

# राज्यसभा उपचुनाव: भाजपा ने हरियाणा आंध्र और ओडिशा में प्रत्याशी किए घोषित

**एजेंसी, दिल्ली**

**भाजपा** ने 20 दिसंबर को होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए सोमवार को हरियाणा से राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा, आंध्र प्रदेश से रयागा कृष्णैया, और ओडिशा से सुजीत कुमार को उम्मीदवार घोषित किया।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से विज्ञप्ति में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई। इसमें कहा गया कि केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन नामों को स्वीकृति प्रदान की गई। रेखा शर्मा ने सात अगस्त 2018 को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष का कार्यभार संभाला था। वह अगस्त 2015 में राष्ट्रीय महिला आयोग के साथ एक सदस्य के रूप में जुड़ी थीं। साल 2021 में उन्हें तीन साल का सेवा विस्तार दिया गया था।

## हैती में जादू-टोना के शक में 110 लोगों की हत्या

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस।** हैती के सिटे सोलेइल स्लम में वीकेंड में 110 लोगों की हत्या कर दी गई। एक प्रमुख मानवाधिकार समूह ने बताया कि एक गैंग लीडर ने बुजुर्गों को निशाना बनाया क्योंकि उसे शक था कि इन लोगों ने जादू-टोना करके उसके बच्चे को बीमार किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गैंग लीडर मोनेल 'मिकानो' फेलिक्स ने अपने 'विव अंसनम' ग्रुप के साथ मिलकर इस नरसंहार को अंजाम दिया। आरएनडीडीएच ने कहा कि जब फेलिक्स का बच्चा बीमार हो गया, तो उसने एक वूडू पुजारी से इस संबंध में बात की। पुजारी ने क्षेत्र के बुजुर्ग लोगों पर जादू-टोने के जरिए बच्चे को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया, जिससे भड़क कर फेलिक्स ने नरसंहार का आदेश दे दिया।

## इंद्राणी की विदेश यात्रा की अर्जी पर सीबीआई से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपनी ही बेटी की हत्या की आरोपी पूर्व मीडिया कार्यकारी इंद्राणी मुखर्जी की विदेश यात्रा पर रोक संबंधी बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सीबीआई से जवाब मांगा। कोर्ट में यात्रा पर पाबंदी का विषय तब आया है जब एक विशेष अदालत ने अगले तीन महीने में 10 दिन के लिए स्पेन एवं ब्रिटेन की यात्रा करने के मुखर्जी के अनुरोध को स्वीकार कर लिया था। सीबीआई ने विशेष अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उच्च न्यायालय ने 27 सितंबर को विशेष अदालत के आदेश को रद्द कर दिया था।

# गाजा शहर में इसराइली ड्रोन हमले से 10 फिलिस्तीनियों की मौत

**एजेंसी, गाजा**



मध्य गाजा सिटी में इसराइली ड्रोन हमले में कम से कम 10 फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। यह जानकारी गाजा पट्टी के फिलिस्तीनी सिविल डिफेंस ने दी। गाजा पट्टी के फिलिस्तीनी सिविल डिफेंस के प्रवक्ता महमूद बसाल ने बताया कि मारे गए लोगों में महिला और बच्चे भी शामिल थे। इसराइली सेना ने इस घटना पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। रविवार को इसराइली सेना ने एक बयान में कहा कि उनकी सेना ने हाल ही में उत्तरी गाजा पट्टी के जबालिया क्षेत्र में भूमिगत आतंकवादी ढांचे को खत्म करने के लिए एक विशेष अभियान पूरा किया।

# मणिपुर हिंसा: सुप्रीम कोर्ट ने आगजनी और संपत्तियों पर अतिक्रमण का मांगा ब्यौरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को मणिपुर सरकार को निर्देश दिया कि वह राज्य में जातीय हिंसा के दौरान पूरी तरह या आंशिक रूप से जलाये गए आवासों और संपत्तियों तथा इन पर अतिक्रमण का विवरण सीलबंद लिफाफे में उपलब्ध कराए। न्यायालय ने राज्य सरकार से पूछा कि संपत्तियों पर अतिक्रमण और आगजनी करने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। सीजेआई संजीव खन्ना की पीठ ने याचिका पर सुनवाई 20 जनवरी से शुरू होने वाले सप्ताह के लिए तय की है।

## बीपीओ कर्मी हत्याकांड: अभियुक्तों के मृत्युदंड को उम्रकैद में बदलने पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पुणे के 2007 के बीपीओ कर्मी सामूहिक बलात्कार-हत्याकांड में दो अभियुक्तों के मृत्युदंड को उम्रकैद में बदलने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को सोमवार को बरकरार रखा। मृत्युदंड की तामील में अत्यधिक देरी के आधार पर 'उसे 35 साल की उम्रकैद में' तब्दील कर दिया था।

## इंडोनेशिया के जावा द्वीप में भू-स्खलन और बाढ़ से 10 लोगों की मौत, दो लापता

**सुकाबूमी (इंडोनेशिया)**



**इंडोनेशिया** के जावा द्वीप में स्थित पहाड़ी गांवों के अचानक बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में आने पर पानी में बहने से या फिर बड़ी मात्रा में कीचड़ और मलबे के नीचे दबकर जान गंवाने वाले 10 लोगों के शव राहतकर्मियों ने बरामद किये हैं, जबकि दो अन्य अब भी लापता हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सुकाबूमी में बचाव कमान पोस्ट के प्रमुख लेफ्टिनेंट कर्नल युदी हरियांतो ने कहा कि पिछले सप्ताह से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण नदियां अपने किनारों को तोड़ रही हैं, जिससे पश्चिम जावा प्रांत के सुकाबूमी जिले में 170 से अधिक गांवों में कीचड़ और चट्टानें जमा हो गई हैं और बड़ी संख्या में पेड़ गिर गए हैं।

## तुर्की सेना के दो हेलिकॉप्टर टकराए, छह सैन्यकर्मियों की मौत

**अंकारा।** तुर्की के दो सैन्य हेलिकॉप्टर सोमवार को हवा में टकरा गए, जिससे उनमें से एक हेलिकॉप्टर में सवार छह सैन्यकर्मियों की मौत हो गई, जबकि दूसरे हेलिकॉप्टर को सुरक्षित उतार लिया गया। गवर्नर अब्दुल्ला इरिन ने बताया कि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। गवर्नर के मुताबिक, यह दुर्घटना नियमित प्रशिक्षण उड़ानों के दौरान दक्षिण-पश्चिमी प्रांत इस्पार्टा में हुई। उन्होंने बताया कि पीड़ितों में एक ब्रिगेडियर जनरल भी शामिल है, जो विमानन स्कूल के प्रभारी थे। यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दोनों हेलिकॉप्टर किस वजह से आपस में टकराएं।

# सीरिया छोड़ भागे असद को पुतिन ने दी पनाह

**एजेंसी, दमिश्क**

**रूस के राष्ट्रपति आवास के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने दी जानकारी**

**सीरिया** में विद्रोहियों के कब्जे के बाद राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर रूस भाग गए हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने असद और उनके परिवार को राजीतिक शरण दी है, जबकि अमेरिका ने सीरिया में असद सरकार के पतन का स्वागत किया है।

रूस के राष्ट्रपति आवास के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने जानकारी दी है कि सीरिया के राष्ट्रपति को शरण देना पुतिन का निजी फैसला था। पेस्कोव ने कहा कि वह ये जानकारी नहीं देंगे कि असद को कहां ठहराया गया है। वहीं, न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने दावा किया है कि विद्रोहियों ने 6 महीने पहले ही तुर्किये को ये जानकारी दे दी थी कि वे असद का तख्तापलट करने वाले हैं। दूसरी तरफ, असद सरकार के सहयोगी ईरान ने सीरिया में हुए तख्तापलट को लेकर हैरानी जताई है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने रविवार को कहा, इस बात से हैरान हूं कि सीरियाई सेना, विद्रोहियों को रोक नहीं सकी, यह सब बहुत तेजी से हुआ। अरागची ने कहा कि सीरिया के राष्ट्रपति असद ने ईरान से कोई मदद नहीं मांगी थी।

## डोनाल्ड ट्रंप का यूक्रेन में तत्काल संघर्ष विराम का आह्वान



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर यूक्रेन के साथ तत्काल संघर्ष विराम पर पहुंचने के लिए रविवार को कदम उठाने का दबाव डाला। उन्होंने इसे, अमेरिकी राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण में काफी समय शेष होने के बावजूद इस लड़ाई को समाप्त करने में बतौर निर्वाचित राष्ट्रपति अपने सक्रिय प्रयासों का हिस्सा बताया। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर जेलेंस्की का उल्लेख करते हुए लिखा कि जेलेंस्की और यूक्रेन समझौता करना चाहेंगे और पागलपन बंद करना पसंद करेंगे।

# सेंसेक्स 200 अंक गिरा निफ्टी भी 58 अंक लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**




**हफ्ते** के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को सेंसेक्स 200 अंक की गिरावट के साथ 81,508 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 58 अंक की गिरावट रही, ये 24,619 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉल कैप 262 अंक की तेजी के साथ 57,313 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट और 13 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 30 में गिरावट और 19 में तेजी रही। जबकि, एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में एफएमसीजी सेक्टर सबसे ज्यादा 2.22 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। रिलायंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और आईटीसी ने बाजार को नीचे गिराया, जबकि, एचडीएफसी, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल और टाटा स्टील ने बाजार को ऊपर खींचा। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.18 फीसदी की तेजी और कोरिया के कोस्पी में 2.78 फीसदी की गिरावट रही।

# श्रीलंका को हराकर दक्षिण अफ्रीका डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर, भारत तीसरे स्थान पर खिसका

**एजेंसी, गक्बेरहा**

दक्षिण अफ्रीका सोमवार को श्रीलंका को 109 रन से हराकर ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर आईसीसी की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया जबकि एडीलेड टेस्ट में हार के बाद भारत तीसरे स्थान पर खिसक गया। दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा चक्र में 10 मैच के बाद 63.33 प्रतिशत अंक हैं और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का नंबर आता है जिसमें 60.71 प्रतिशत अंक हैं। पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट जीतकर भारत एडीलेड टेस्ट से पहले शीर्ष पर चल रह था। एडीलेड में गुलाबी गेंद के टेस्ट से पहले भारत के 61.11 अंक थे। भारत को हालांकि एडीलेड में तीन दिन के भीतर हार का सामना करना पड़ा जिससे उसके 57.29 प्रतिशत अंक रह गए हैं। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के आखिरी दिन सोमवार को श्रीलंका को 109 रनों से हराकर सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। जीत लिए 348 रन का पीछा कर रहे श्रीलंका को मैच के 5वें दिन जीत के लिए और 143 रन की जरूरत थी, जबकि उसके पांच विकेट बचे थे।



मैच जीतने के बाद खुशी मनाते दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी।

कप्तान धनंजय डिसिल्वा (50) और कुसल मेंडिस (46) की छठे विकेट की 97 रन की साझेदारी टूटने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने पुछल्ले बल्लेबाजों को बिना समय गवांए चलता कर दिया। श्रीलंका की दूसरी पारी 238 रन पर सिमट गई। वामहस्त स्पिनर केशव महाराज ने 76 रन पर पांच विकेट झटके। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 358 बनाने के बाद श्रीलंका को 328 रन पर आउट किया था। उसने दूसरी पारी में 317 रन बनाए।

### 109 रनों से जीता दूसरा टेस्ट, सीरीज 2-0 से नाम की

श्रीलंका को आखिरी दिन कल के नाबाद बल्लेबाज डिसिल्वा और मेंडिस से चमत्कार की उम्मीद थी। दोनों ने दिन की शुरुआत में एक समान 39 रन पर थे। दिन के 7वें ओवर में महाराज ने मेंडिस को एडेन मारक्रम के हाथों कैच कराया। डिसिल्वा अर्धशतक पूरा करने के बाद कैगिसो रबाडा की गेंद को विकेटकीपर काइल वेरिन के हाथों में खेल गए, जिससे श्रीलंका की हार तय हो गई। श्रीलंका ने छह रन के अंदर आखिरी तीन विकेट गंवा दिए।

# विश्व चैंपियनशिप में लिरेन ने गुकेश को हराकर की वापसी




**एजेंसी, सिंगापुर**

भारतीय चैलेंजर डी गुकेश विश्व शतरंज चैंपियनशिप की 12वीं बाजी में सोमवार को यहां गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन से हार गए, जिससे दोनों का स्कोर छह-छह अंक के साथ बराबर हो गया।

लगातार सात ड्रॉ मुकाबलों के बाद 18 साल के गुकेश ने रविवार को 11वीं बाजी में जीत के साथ चीन के खिलाड़ी पर एक अंक की बढ़त कायम की थी, लेकिन 32 साल के लिरेन ने अगली ही बाजी में मुकाबला बराबर कर दिया।

'क्लासिकल' प्रारूप के 14 में से 12 बाजियों के बाद दोनों खिलाड़ी खिताब से 1.5 अंक दूर है। चौदह बाजियों के बाद भी अगर परिणाम बराबरी (सात-सात अंक) पर रहा तो विजेता का फैसला 'फास्टर टाइम कंट्रोल' से होगा।

लिरेन ने इस मैच की शुरुआती बाजी को अपने नाम किया था जबकि गुकेश तीसरी बाजी के विजेता बने थे। इसके आठ मुकाबले बराबरी पर छूटे हैं।

### ग्रैंडमास्टर को हराने वाले सबसे युवा भारतीय खिलाड़ी बने आरित कपिल

**भुवनेश्वर।** दिल्ली के नौ वर्षीय आरित कपिल यहां केआईआईटी इंटरनेशनल ओपन टूर्नामेंट के 9वें और अंतिम दौर में अमेरिका के रासेट जियातदीनोव को पराजित करके शतरंज ग्रैंडमास्टर को हराने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। कपिल ने यह उपलब्धि नौ साल, दो महीने और 18 दिन की उम्र में हासिल की। वह क्लासिकल टाइम कंट्रोल में ग्रैंडमास्टर को हराने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय और दुनिया के तीसरे खिलाड़ी हैं। किसी ग्रैंडमास्टर को हराने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी सिंगापुर के भारतीय मूल के अश्वथ कौशिक हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में पोलैंड के जेसेक स्तूपा के खिलाफ जीत दर्ज करके यह उपलब्धि हासिल की थी। तब उनकी उम्र केवल 8वर्ष और छह महीने थी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### कुश मैनी ने फॉर्मूला-2 कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप जीतकर इतिहास रचा




अबुधाबी। भारतीय ड्राइवर कुश मैनी ने यहां एफ-2 कंस्ट्रक्टर्स रेस जीतकर भारतीय खेलों में नया इतिहास रचा। वह एफआईए कंस्ट्रक्टर्स विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मैनी के लिए फार्मूला-2 में यह सत्र शानदार रहा। इससे पहले वह इस रेस में पोल पोजीशन हासिल करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। मैनी ने इनविक्टा रेसिंग की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह टीम इस सत्र में पांच बार पोडियम पर पहुंची, जिसमें हंगरी में पहला स्थान हासिल करना भी शामिल है। इस भारतीय ड्राइवर ने जेद्दा में पोल पोजीशन हासिल की थी। इस तरह से उन्होंने अपनी टीम के अभियान की शानदार नींव रखी, जिसका मैनी की पूर्व टीम कैम्पोस रेसिंग पर 34.5 अंकों के अंतर से जीत के साथ समापन हुआ।


### पिता बनने वाले हैं मैक्स वेरस्टैपेन

**नई दिल्ली।** चार बार के फार्मूला वन विश्व चैंपियन मैक्स वेरस्टैपेन ने घोषणा की कि वह ब्राजील के तीन बार के चैंपियन नेल्सन पिकेट की बेटी केली पिकेट से अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। अबूधाबी में सीजन की आखिरी रेस से पहले इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक साथ पोस्ट किया, 'मिनी वेरस्टैपेन-पिकेट आने वाले हैं।'



### खो-खो विश्व कप के लिए भारतीय टीमों का प्रशिक्षण शिविर आज से

**नई दिल्ली।** भारत की मेजबानी में अगले महीने होने वाले खो-खो विश्वकप के लिए भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर 10 दिसंबर से जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में शुरू होगा, जिसमें 60 लड़कियों और 60 लड़कों को टीम भावना विकसित करने, कौशल बढ़ाने, मानसिक मजबूती, अनुशासन और टीम बॉन्डिंग बढ़ाने के लिए गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर के प्रदर्शन के आधार पर खो-खो विश्व कप में भाग लेने के लिए 15 लड़कों और 15 लड़कियों की राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा जोकि 13 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होने वाले विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।



### दो दिवसीय राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता सिडलिंग स्कूल देहरा में

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राज्य स्तरीय सब-जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्गों की प्रतियोगिताएं जाहू के साथ लगते सिडलिंग पब्लिक स्कूल, देहरा के खेल मैदान में 21 व 22 दिसंबर को करवाने का हिमाचल प्रदेश नेटबॉल संघ ने निर्णय लिया है। हिमाचल प्रदेश नेटबॉल संघ के महासचिव एवं 38वीं राष्ट्रीय खेलों के डीओसी अशोक आनंद ने बताया कि संघ पर राज्य स्तरीय प्रतियोगित के आर्थिक बोझ को कम करन के लिए एक साथ ये तीनों प्रतियोगिताएं करवाई जा रही है। इस प्रतियोगिता में आठ जिलों के करीब 250 खिलाड़ी व अधिकारी भाग लेंगे।

# गाबा में भी रोहित मध्यक्रम में करें बल्लेबाजी!

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट के कई पूर्व दिग्गज चाहते हैं कि रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शनिवार से शुरू होने वाले गाबा में तीसरे टेस्ट मैच में पारी का आगाज करें, लेकिन भारतीय कप्तान शायद इस मुकाबले में एडीलेड की तरह छठे क्रम पर ही बल्लेबाजी जारी रखें।



रोहित अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण शुरुआती टेस्ट में नहीं खेले थे। उनकी गैर-मौजूदगी में लोकेश राहुल ने यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज करते हुए शानदार बल्लेबाजी की। भारतीय कप्तान ने एडीलेड में गुलाबी गेंद के टेस्ट में मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए तीन और छह रन बनाए थे।

अगर कोई दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया (एसईएनए) देशों में रोहित के आंकड़ों को देखें तो 46 पारियों में उनका बल्लेबाजी औसत 30 से कम है, जबकि सलामी बल्लेबाज के रूप में 20 पारियों में एक शतक की मदद से उनका औसत 37.8 का है। उन्होंने 2021 में इंग्लैंड में पारी का आगाज करते हुए शानदार प्रदर्शन किया था। इस दौरान उन्होंने द ओवल में शतक जड़ा था। इस मामले पर जब बीसीसीआई के एक 'लेवल थ्री' कोच से बात की तो उन्होंने रोहित की बल्लेबाजी में आयी तकनीकी खामी का हवाला देते हुए कहा कि उनके लिए पारी का आगाज करना उतना अच्छा नहीं होगा। पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता देवांग गांधी का विचार भी ऐसा ही है।

उन्होंने कहा, ''रोहित और विराट कोहली के रुख की तुलना करें तो भारतीय कप्तान थोड़े 'ओपन स्टांस' के साथ बल्लेबाजी करते है। ऐसे में अगले पैर को ज्यादा आगे नहीं ले जाया सकता है। विराट अपने कदमों को काफी आगे निकलने में सफल रहते हैं। रोहित से छठे क्रम पर बल्लेबाजी करवाने का टीम प्रबंधन का फैसला सही था।''

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री और महान सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर का हालांकि मानना है कि रोहित को पारी का आगाज करना चाहिए।

### नोक-झोंक के लिए सिराज पर जुर्माना हेड को भी सजा

एडीलेड। आईसीसी ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर यहां खेले गए दिन-रात्रि के दूसरे क्रिकेट टेस्ट में तीखी बहस के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया है जबकि ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रेविस हेड को भी सजा दी गई। सोमवार को अनुशासनात्मक सुनवाई के बाद सिराज और हेड को आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आईसीसी ने एक बयान में कहा, ''सिराज को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद उन पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।'' हेड को भी 'दंडित' किया गया हालांकि, वह 'किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी, खिलाड़ी सहायक कर्मियों, अंपायर या मैच रेफरी के साथ दुर्व्यवहार' से संबंधित नियम का उल्लंघन करने के लिए जुर्माने से बच गए। सिराज और हेड के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक-एक डिमेरिट अंक भी जुड़ गया।

# हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने तीसरा टीपीएल का खिताब जीता



**एजेंसी, मुंबई**

हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने यहां यश मुंबई ईगल्स को 51-44 से हराकर तीसरी बार टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) का खिताब जीता। हैरियट डार्ट, बेंजामिन लॉक और विष्णु वर्धन ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करके हैदराबाद की टीम की जीत सुनिश्चित की।

डार्ट ने महिला एकल में यश मुंबई ईगल्स की जेनेप सोनमेज के खिलाफ 14-11 के स्कोर से जीत हासिल करके हैदराबाद स्ट्राइकर्स को अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद करण सिंह ने लॉक के खिलाफ पुरुष एकल में 14-11 से जीत दर्ज करके मुंबई को मुकाबले में बनाए रखा।

लेकिन हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने मिश्रित युगल मैच में जीत दर्ज करके मुकाबले में अपना दबदबा बनाया। मिश्रित युगल में डार्ट और वर्धन की जोड़ी ने ज़ेनेप सोनमेज़ और जीवन नेदुनचेझियन पर 16-9 से जीत हासिल की। पुरुष युगल में करण और नेदुनचेझियन ने काफी कोशिश की लेकिन वह जीत हासिल नहीं कर सके। वर्धन और लॉक ने मैच 10-10 से समाप्त कर हैदराबाद को विजेता बनाया।

# ग्रीजमैन के दो गोल से एटलेटिको मैड्रिड की लगातार 9वीं जीत

**एजेंसी, मैड्रिड**

एटलेटिको मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में पहली बार तीन गोल खाए, लेकिन इसके बावजूद वह एंटोनी ग्रीजमैन के दो गोल की मदद से सेविला को 4-3 से हराने में सफल रहा, जो सभी प्रतियोगिताओं में उसकी लगातार 9वीं जीत है।



रोड्रिगो डी पॉल ने 10वें मिनट में गोल करके एटलेटिको को बेहतरीन शुरुआत दी, लेकिन डोडी लुकेबाकियो, इसाक रोमेरो और जुआनलू सांचेज के गोल ने सेविला को दूसरे हाफ की शुरुआत में 3-1 से आगे कर दिया।

ग्रीजमैन ने 62वें मिनट में अपना पहला गोल किया जबकि इसके 17 मिनट बाद सैमुअल लिनो ने बराबरी का गोल किया। ग्रीजमैन ने इंजरी टाइम में गोल करके एटलेटिको की जीत सुनिश्चित की।

# बधिर खिलाड़ियों के साथ होगा समान व्यवहार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने कुआलालंपुर में 10वें एशिया प्रशांत बधिर खेलों में 55 पदक जीतने वाले भारतीय दल को बधाई देते हुए सोमवार को यहां आश्वासन दिया कि बधिर खिलाड़ियों के साथ भी अन्य खिलाड़ियों की तरह समान व्यवहार किया जाएगा।

भारत ने एक से आठ दिसंबर तक आयोजित किए गए खेलों में 68 खिलाड़ियों को भेजा था, जिन्होंने आठ स्वर्ण, 18 रजत और 29 कांस्य पदक जीते। इस प्रतियोगिता में कुल 21 देशों ने भाग लिया था तथा भारत कुल मिलाकर 5वें स्थान पर रहा।



खिलाड़ियों के साथ बातचीत करते खेल मंत्री मनसुख मंडाविया

मांडविया ने अपने आवास पर दल के लिए आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कहा, ''मैं देश को गौरवान्वित करने के लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं। 55 पदक जीतना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। यह शानदार प्रदर्शन है।''

उन्होंने कहा, ''मैं आप सभी को हमारे पैरा खिलाड़ों और ओलिंपिक खिलाड़ियों की तरह समान व्यवहार और सहायता का आश्वासन देता हूं। मैं आपको समान सुविधाएं प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। यह मेरा वादा है।''

# शेफलर ने हीरो वर्ल्ड चैलेंज खिताब का बचाव किया



**अल्बानी (बहमास)।** स्कॉटी शेफलर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आखिरी दौर में नौ अंडर 63 का स्कोर बनाकर हीरो वर्ल्ड चैलेंज में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया।

अमेरिका के विश्व में नंबर-1 खिलाड़ी शेफलर ने रविवार को कुल 25-अंडर 263 (67, 64, 69, 63) के साथ खिताब अपने नाम किया। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने टॉम किम पर छह शॉट से जीत हासिल की जो अल्बानी गोल्फ क्लब में जीत का सबसे बड़ा अंतर है।

दक्षिण कोरियाई किम अंतिम दौर में चार अंडर 68 और कुल 270 (74, 65, 62, 68) के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जस्टिन थॉमस ने 273 के कुल स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया (69) 15-अंडर के साथ चौथे और कीगन ब्रैडली (71) 14-अंडर के साथ 5वें स्थान पर रहे।

## क्रिकेट

### बांग्लादेश को पहले वनडे में 14 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराया

# रदरफोर्ड के तूफानी शतक से जीता वेस्टइंडीज

**एजेंसी, बासेटेरे**

शेरफेन रदरफोर्ड की 80 गेंदों में 113 रन की तूफानी पारी की मदद से वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 14 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराया।

रदरफोर्ड ने 47वें ओवर में सौम्य सरकार की गेंद पर नाहिद राणा को कैच थमाने से पहले अपनी पारी में आठ छक्के और सात चौके लगाए। वेस्टइंडीज ने उनकी इस पारी की मदद से 295 रन का लक्ष्य 47.4 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर दिया।

बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट पर 294 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। उसकी तरफ से कप्तान मेहदी हसन मिराज ने 101 गेंदों में 74 रन बनाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज तनजीद हसन ने 60 रन बनाए जिसमें तीन छक्के और छह चौके शामिल हैं। महमुदुल्लाह ने 44 गेंदों में नाबाद 50 रन और जाकर अली ने 40 गेंदों में 48 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से रोमारियो शेफर्ड ने 51 रन देकर तीन विकेट लिए।



### 295 रन का लक्ष्य वेस्टइंडीज ने 47.4 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल किया

इसके जवाब में वेस्टइंडीज का स्कोर 23 ओवर के बाद तीन विकेट पर 100 रन था। कप्तान शाई होप जब 88 गेंदों में चार छक्कों की मदद से 86 रन बनाकर मेहदी की गेंद पर आउट हुए तो वेस्टइंडीज का स्कोर चार विकेट पर 193 रन हो गया। इसके बाद रदरफोर्ड और जस्टिन ग्रीव्स (31 गेंद पर नाबाद 41) ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। दूसरा एकदिवसीय मैच इसी स्थान पर मंगलवार को खेला जाएगा।